YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-241 ❑ शनिवार, 04 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



वह राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान के लिए केंद्र सरकार से मुआवज़ा दिलाने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे। ज़रूरत पड़ने पर व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलेंगे और राज्य को मुआवज़ा जारी करने के लिए उन्हें मनाएंगे।

एच.डी. देवेगौड़ा

सीबीआई ने दो अधिकारियों को रिश्वतखोरी के मामलों में किया गिरफ्तार 11

सात साल के मासूम के अपहरण की गुत्थी सुलझी, चार गिरफ्तार 12

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत यह संयम नहीं रखेगा

# पाक को भूगोल पर रहना है तो बरतें संयम : सेना प्रमुख

## पाकिस्तान सोच ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं

एजेंसी

बीकानेर । भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। श्रीगंगानगर जिले के घड़साना के गांव 22 एमडी में आर्मी छावनी पहुंचे सेना प्रमुख ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्रवाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा। अगर पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे में (भूगोल में) अपनी जगह बनाए रखनी है, तो पाकिस्तान जो आतंकवाद को सरंक्षण दे रहा है, उसे अब



❑ सेना प्रमुख ने किया बीकानेर और अग्रिम क्षेत्रों का दौरा

❑ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे

❑ इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्रवाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं

❑ सेना प्रमुख ने राष्ट्र निर्माण में बहुमूल्य योगदान के लिए पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

आतंकवाद को रोकना पड़ेगा। सेना प्रमुख ने जवानों से कहा कि अब आप अपनी पूरी तैयारी करके रखें, अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही ये मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस देश की कोई भी महिला अपनी मांग में सिंदूर लगाती है तो उस समय वो भारतीय सेना के जवानों को याद करती है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार आतंकवाद के खिलाफ जो ऑपरेशन सिंदूर किया गया है, ● शेष पेज 11 पर

### वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक रात में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया : एयर चीफ

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कहीं। उन्होंने कहा कि चार दिन के इस ?संघर्ष में हमने पाकिस्तानी वायु सेना के अमेरिका निर्मित 4 से 5 एफ-16 मार गिराए।? उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन 1971 के बाद का सबसे विनाशकारी अभियान था। वायु सेना ने अचूक, 'अभेद्य' (अटूट) और 'सटीक' लक्ष्य के जरिए सिर्फ एक रात में दुश्मन को घुटनों पर ला दिया। यह सफलता आत्मनिर्भरता और वायु शक्ति की ताकत दिखाती है। वायु सेना प्रमुख ने शुक्रवार को सालाना पत्रकार वार्ता में भविष्य की तैयारियों पर भी जोर दिया, जैसे एलसीए मार्क-1ए और थिएटर कमांड बनाने को प्राथमिकता ● शेष पेज 11 पर

# जुमे की नमाज को लेकर यूपी में रहा अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 'आई लव मोहम्मद' को लेकर 26 सितम्बर को बरेली जिले में हुए विवाद के बाद सुरक्षा की दृष्टि से आज जिले में भारी फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा 48 घंटे के लिए इंटरनेट और मैसेज सेवा निलम्बित कर दी गई है। बरेली के अलावा प्रदेश के सभी जिलों में सतर्कता बरती जा रही है।

पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कमिश्नरेट को आज जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। अगर कोई माहौल बिगड़ाने की कोशिश करता है तो पुलिस उससे सख्ती से पेश आए। मुख्यालय से मिले आदेश के बाद इसको देखते हुए प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, उन्नाव और सभी जिलों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। बरेली जिले में अतिरिक्त फोर्स के अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से शासन ने गुरुवार दोपहर तीन बजे के बाद से 48 घंटे के लिए सेवा निलम्बित कर दिया है। ?बरेली में जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मस्जिदों के आसपास ● शेष पेज 11 पर



❑ बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा निलम्बित

# जानलेवा कप सिरप




कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौतों को खांसी की सिरप से जोड़ने वाली खबरों पर स्पष्टीकरण जारी किया है। मंत्रालय ने साफ किया है कि इन खबरों का संज्ञान लेकर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त टीम ने घटनास्थल का दौरा किया था। साथ ही राज्य के अधिकारियों के साथ समन्वय में विभिन्न कफ सिरप के नमूनों सहित कई ● शेष पेज 11 पर

❑ खांसी सिरप के नमूनों में घातक रसायन नहीं, मप्र-राजस्थान में बच्चों की मौत पर केंद्र सरकार

### अतीक के बेटे से जुड़े झांसी जेल के वीडियो की जांच की मांग

झांसी। आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने शुक्रवार को डीजी, जेल और प्रमुख सचिव को पत्र भेज कर अतीक अहमद के बेटे अली के झांसी जेल की तलाशी के कथित वीडियो के मामले की जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ समुचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अली की तलाशी का जो कथित वीडियो सामने आया है, वह प्रथमदृष्टया झांसी जेल के बाहर का नहीं, बल्कि उस स्थान का दिखता है जो जेल के गेट के ठीक अंदर होता है, जहां कैदियों को जेल में अंदर ले जाने से पहले तलाशी ली जाती है। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार जेल के अंदर की तलाशी का वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक किए जाने का आरोप अपने आप में अत्यंत गंभीर है। विशेष ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पाकिस्तान को पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन के लिए जवाबदेह ठहराया जाए : भारत

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में निर्दोष नागरिकों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के अत्याचारों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया है कि पड़ोसी देश के अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र में मानवाधिकारों के ''भयावह उल्लंघन'' के लिए जिम्मेदारी तय की जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में यह कहा। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना द्वारा निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और उसके द्वारा जबरन और अवैध कब्जे वाले इन इलाकों के संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है।

### आदित्य साहू बने झारखंड प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को पार्टी की झारखंड इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने श्री साहू को झारखंड प्रदेश भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति श्री रवीन्द्र कुमार राय के स्थान पर की गयी है और यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है।

### एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगाएगा क्यूआर कोड आधारित साइन बोर्ड

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक नई पहल की घोषणा की है। इसके तहत एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर परियोजना-विशेष जानकारी वाले साइन बोर्ड लगाएगा, जिन पर क्यूआर कोड उपलब्ध होंगे। एनएचएआई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इन क्यूआर कोड साइन बोर्डों के माध्यम से यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, परियोजना की लंबाई, निर्माण/रखरखाव अवधि, राजमार्ग पेट्रोल, टोल मैनेजर, परियोजना प्रबंधक, रेजिडेंट इंजीनियर, एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय और आपातकालीन हेल्पलाइन 1033 सहित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां तुरंत मिलेंगी।

कोलंबिया में राहुल गांधी के बयान पर भाजपा क्षुब्ध , कहा-

# विदेशी धरती पर बार-बार कर रहे हैं भारत का अपमान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोलंबिया में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए आज कहा कि वह विदेशी धरती पर देश का बार बार अपमान कर रहे है और जानबूझ कर देश की खूबियों को नजरअंदाज करके लगातार भारत विरोधी टिप्पणियां कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि बीते 24 से 36 घंटे में देश ने दो प्रकार के दृश्य देखे। एक, विगत 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक उत्थान के लिए अपना प्रतिपल समर्पित करने वाले विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी पूर्ण होना और उस शताब्दी अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा एक ऐसा सिक्का जारी हुआ, जिसमें



संभवतः स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार किसी भारत की मुद्रा पर मां भारती का चित्र अंकित है। और इन्हीं 24 घंटे में देश ने दूसरा दृश्य देखा कि 140 साल पुरानी पार्टी एक ब्रिटिश ऑफिसर एओ ह्यूम के द्वारा स्थापित पार्टी, जिसके पहले 15 साल में अनेक ब्रिटिश सेक्रेटरी अध्यक्ष रहे और 100 साल से जिसका एक ही परिवार का उस पर वर्चस्व है। इसके बावजूद भी इस संगठन के पतन और सत्ता टूटने की बदहवासी में उनके खानदान के बरखुदार के द्वारा, ● शेष पेज 11 पर

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम: भारत

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के बयान को खारिज करते हुए पड़ोसी देश को सलाह दी है कि वे अपने यहां चरमपंथियों की हिंसा की गंभीर जांच करे। भारत ने कहा कि अंतरिम सकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। अंतरिम सरकार बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है। इस कारण लगातार दोष किसी और पर मढ़ने की कोशिश करती रहती है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि बांग्लादेश सरकार आत्मनिरीक्षण करे और चटगांव पहाड़ी इलाकों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और ज़मीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की कार्रवाई की गंभीरता से जांच करे। उल्लेखनीय है कि जहांगीर आलम चौधरी ने दावा किया था कि भारत सरकार और बांग्लादेश ● शेष पेज 11 पर

# 2029 तक देश की हर पंचायत में सहकारी समिति बनेगी: अमित शाह

एजेंसी

रोहतक । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा के रोहतक जिले में साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन करते हुए कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों और ग्रामीण भारत के लिए नई क्रांति है। उन्होंने घोषणा की कि 2029 तक देश की हर पंचायत में सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। शाह ने सहकारिता को आर्थिक व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बताया।

अमित शाह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में डेयरी सेक्टर में हुए बदलावों से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। सहकारी समितियों की वजह से अब किसान सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ पा रहे हैं और उनका मुनाफा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में यह मॉडल आने वाले समय में ग्रामीण विकास का आधार बनेगा।

केंद्रीय गृहमंत्री ने सहकारिता आंदोलन को 'जनभागीदारी का सबसे सफल मॉडल' बताया और उन्होंने कहा कि जब किसान, मजदूर और महिलाएं मिलकर समितियां चलाते हैं, तो उसका असर समाज की समृद्धि पर साफ दिखाई देता है। शाह ने कहा कि सहकारिता गांव-गांव को आत्मनिर्भर बनाएगी और किसान को मजबूती प्रदान करेगी। शाह ने बताया कि सरकार ने पूरे देश में 75 हजार नई डेयरी समितियों की स्थापना का लक्ष्य रखा है, जबकि पहले से कार्यरत 46 हजार समितियों को और सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और बिचौलियों पर निर्भरता खत्म होगी। सीएम नायब सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जींद और सिरसा के दो दूध संयंत्रों के नवीनीकरण के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा लगभग साढे 18 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई और दूध उत्पादन में हरियाणा देश तीसरा स्थान रखता है जो कि प्रत्येक हरियाणा वासी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 1 हजार 105 ग्राम,तथा वार्षिक दूध उत्पादन 122 लाख 20 हज़ार टन हो गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सहकारी दूध उत्पादक समितियों के दूध उत्पादकों के लिए पहली मार्च 2015 से दुर्घटना बीमा कराया जा रहा है और सहकारी ● शेष पेज 11 पर



❑ साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन इस क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि में एक मील का पत्थर होगा साबित

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

गोरखपुर । मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाली, सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाली ताकतें हर कालखंड और परिस्थिति में विद्यमान रही हैं। पर, सनातन की एकता के बल पर उनका संहार किया जाता रहा है। रामायण और महाभारत के खल पात्र आज भी बदले नामों और रूपों में मौजूद होकर समाज को बांटने में लगे हैं। ऐसे लोगों से हर सनातन धर्मावलंबी को सतर्क रहना होगा।

मुख्यमंत्री योगी विजयदशमी पर्व पर गुरुवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भले ही नाम बदल गया होगा लेकिन रामायण और महाभारत काल के दुष्ट पात्र दूसरे रूप में आज भी मौजूद हैं। आज भी समाज शूर्पणखा, ताड़का, खर दूषण, मारीच और सुबाहु जैसे लोगों से त्रस्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जातीयता, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर समाज को बांटने वाले लोग पूर्व ● शेष पेज 11 पर



❑ बदले नामों से मौजूद हैं रामायण व महाभारत के खल पात्र : मुख्यमंत्री योगी

### सीएम ने समस्याओं के निस्तारण को दी प्राथमिकता

गोरखपुर । शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार चार दिन अनुष्ठानिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के बावजूद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री आज 62 हजार करोड़ रुपये की युवा-केंद्रित योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं और पहलों का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के 46 अखिल भारतीय टॉपरों को सम्मानित भी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाली केंद्र प्रायोजित योजना 'पीएम-सेतु' (प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत देशभर के 1 हजार सरकारी आईटीआई को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा। इस मॉडल में 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल होंगे, जिनसे उन्नत बुनियादी ढांचा, आधुनिक ट्रेड, डिजिटल लर्निंग सिस्टम और इनक्यूबेशन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य आवासीय विद्यालयों में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इन प्रयोगशालाओं में आईटी, ऑटोमोटिव, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे 12 प्रमुख क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षण मिलेगा। इस परियोजना के अंतर्गत 1,200 व्यावसायिक शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष जोर बिहार की परियोजनाओं पर रहेगा। प्रधानमंत्री राज्य की पुनर्निर्मित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ करेंगे। स्वयं ● शेष पेज 11 पर



# नगर निगम में 1.44 करोड़ के घोटाले में 6 माह बाद भी आरोपी आज़ाद, अफसरों की चुप्पी शर्मनाक

**फाइलें दबी, भ्रष्टाचार हावी6 माह से चौकी इंचार्ज की चल रही विवेचना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज में करोड़ों के घोटाले की परतें खुल चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सुनियोजित चुप्पी और लीपा-पोती का खेल चल रहा है। जोन-3 और जोन-7 में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश श्रीवास्तव और सत्यम शुक्ला ने मिलकर 1.44 करोड़ रुपये का गबन कर लिया, मगर न एफआईआर का असर दिखा, न जांच की रफ्तार नज़र आई। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, सिस्टम बेबस है या मिला हुआ ऽ ये सवाल अब जनता पूछ रही है।आकाश ने 88 फर्जी रसीदों के ज़रिए 18.06 लाख और सत्यम ने 387 रसीदों से 1.26 करोड़ रुपये की वसूली की, जो नगर निगम के कोष में जमा ही नहीं किए गए। सूत्रों की मानें तो इस खेल में कुछ सभासदो की भी मिली भगत शामिल हैं। एड्ढ पी.के. द्विवेदी ने 30 अप्रैल 2025 को कर्नलगंज थाने में मामला दर्ज कराया (अपराध संख्या 152/2025, धारा 314, 316(4), 318(4), 319(2))। लेकिन इसके बाद क्या हुआ।

### जो होना नहीं चाहिए था, वही हुआ

घोटाले का पर्दाफाश करने वाले अधिकारी पी.के. द्विवेदी का अचानक रायबरेली ट्रांसफर कर दिया गया। उनकी जगह पी.के. मिश्रा, रायबरेली से लाकर प्रयागराज में एड्ढ बना दिए गए। मगर मिश्रा के आने के बाद भी न कोई जांच तेज़ हुई, न दोषियों पर शिकंजा कस पाया। उल्टा फाइलें दबा दी गईं और घोटालेबाजों को ‘सिस्टम की शरण’ मिल गई।नगर निगम के गलियारों में चर्चा है कि इस पूरे मामले को ऊपर से दबाया जा रहा है। चौकी इंचार्ज कटरा को विवेचना की ज़िम्मेदारी दी गई है, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी जांच कछुआ चाल से भी धीमी है। सवाल ये है कि क्या प्रयागराज में अब भ्रष्टाचारियों को खुली छूट मिल चुकी है, क्या सच्चाई उजागर करने वाले अधिकारियों का ट्रांसफर ही ‘इनाम’ बन गया है और जनता के पैसों से खेल करने वालों को राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण हासिल है अगर ये सब नहीं हो रहा, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही प्रयागराज की जनता जवाब चाहती है, लेकिन नगर निगम के अफसर सिर्फ चुप्पी ओढ़े बैठे हैं।

### क्या कहते है पुलिस विभाग के अधिकारी

फिलहाल इस मामले में जब विवेचना कर रहे थाना कर्नलगंज के कटरा चौकी इंचार्ज हरीनंद से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जांच चल रही है। इस मामले में कुछ और भी नाम बढ़े है ,आरोपी अब तक फरार बताए जा रहे है ।जब इस मामले में थाना प्रभारी कर्नलगंज से बात की गई तो बताया गया कि वह कोर्ट में है । वहीं जब एसीपी कर्नलगंज से बात की गई तो उन्होने कहा कि इस मामले में चौकी इंचार्ज से बात कर लीजिए। जब बताया गया कि उनसे दो बार बात हो चुकी है, वह सिर्फ कहते हैं विवेचना चल रही है। तब उन्होंने कहा कि वादी को भेज दीजिएगा रिपोर्ट दे दी जाएगी ।इस मामले में हो रही लेट लतीफी कही न कही जानबूझकर की जा रही है । फाइलों को दबाया जा रहा है,विवेचना में विलम्ब के जिम्मेदार के विरुद्ध विभागीय जांच होनी चाहिए और जन सामान्य को जांच की स्थिति से अवगत भी कराना चाहिए। यह अत्यंत खेद का विषय है कि 6 माह बाद भी इस गंभीर आर्थिक अपराध में न कोई गिरफ्तारी हुई और न कोई चार्जशीट अभी तक दाखिल हुई है । इस मामले में न ही जन सामान्य को जानकारी दी जा रही है ।

## महात्मा गांधी जयंती पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सफाई कर्मियों को वितरित हुए ई-श्रम कार्ड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महात्मा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति मनोज गुप्ता एवं न्यायमूर्ति एम.सी. त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में उच्च न्यायालय में कार्यरत 29 संविदा सफाई कर्मचारियों को ई-श्रम कार्ड वितरित किए गए।यह ई-श्रम कार्ड श्रम विभाग की ओर से तैयार किए गए हैं, जिनके माध्यम से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्तियों ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े श्रमिकों को अधिकारों और सुविधाओं से जोड़ना ही वास्तविक गांधी जयंती का संदेश है।गौरतलब है कि ई-श्रम कार्ड के जरिए लाभार्थियों को बीमा, स्वास्थ्य एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। इस पहल से न्यायालय परिसर में कार्यरत सफाई कर्मियों को भी सामाजिक सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ है।

## प्रयागराज में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम

प्रयागराज। महात्मा गांधी जयंती पर विकास भवन, प्रयागराज में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियानङ्क के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ग्राम पंचायतों से एकत्रित सिंगल यूज प्लास्टिक से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स की ओर रवाना किया।अब तक जिले की 1131 ग्राम पंचायतों से कुल 8888 किलोग्राम प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया जा चुका है। इनमें 11 विकास खंडों की 486 पंचायतों से 4072 किलो और शेष 12 विकास खंडों की 645 पंचायतों से 4816 किलो प्लास्टिक संकलित कर यूनिट्स भेजा गया।जिलाधिकारी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण, जल स्रोतों, स्वच्छता तथा मानव व पशुधन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। माइक्रोप्लास्टिक भोजन के माध्यम से शरीर में पहुँचकर नुकसान पहुँचाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि प्लास्टिक के उपयोग से बचें और स्वच्छता आंदोलन में भागीदार बनें।इस मौके पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, स्वयं झाड़ू लगाई और ‘एक पेड़ माँ के नाम’ पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी डरविशंकर द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ। यह आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले ‘स्वच्छता ही सेवाऽस्वच्छोत्सव’ अभियान के समापन अवसर पर सम्पन्न हुआ।

### प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जनपद भ्रमण

प्रयागराज। प्रभारी मंत्री, जल शक्ति विभाग और जनपद प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह का जनपद भ्रमण कल, दिनांक 3 अक्टूबर 2025 को निर्धारित है। मंत्री जी सुबह 10:00 बजे सर्किट हाउस में उपस्थित होंगे, जहाँ वे जनपद के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही कोर कमेटी की बैठक में भाग लेकर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करेंगे और आगामी योजनाओं पर चर्चा करेंगे। बैठक के दौरान अधिकारी एवं जनपद के अन्य प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों और समस्याओं से अवगत कराएँगे। बैठक के समापन के बाद, माननीय मंत्री जी प्रयागराज से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर जनपद प्रशासन, सुरक्षा और समन्वय के सभी प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि कार्यक्रम सुचारू एवं प्रभावी रूप से संपन्न हो।

### नाबालिक द्वारा चलाए जा रहे ई-रिक्शा, जनमानस के लिए खतरा

प्रयागराज। जनपद करैली क्षेत्र में नाबालिक बच्चे ई-रिक्शा चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि बालिकाएं उससे आर्थिक हिस्सा ले रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कई बच्चे नशा करने के बाद रिक्शा चलाते हैं, जिससे आम जनमानस के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। स्थानीय लोग कहते हैं कि इस तरह चलाए जाने वाले ई-रिक्शा कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं और लोग घायल हो सकते हैं। क्षेत्र में बिना लाइसेंस और अपरिपक्व व्यक्तियों द्वारा रिक्शा चलाना सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। नागरिकों का कहना है कि आरटीओ विभाग को इस मामले में तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और नियमों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

### करछना तहसील में दशहरा और गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान

प्रयागराज। यमुनापार के करछना तहसील में गुरुवार को आईएएस उपजिलाधिकारी भारती मीणा और तहसीलदार बृजेश कुमार ने दशहरा और गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। अधिकारियों ने तहसील परिसर, आसपास के गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई का निरीक्षण किया और कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को सफाई बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया। अभियान के दौरान अधिकारी स्वयं झाड़ू-बुहार करते नजर आए, जिससे जनता में जागरूकता बढ़ी। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए हमें पर्यावरण और सार्वजनिक स्थलों की सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर तहसील प्रशासन और स्थानीय नागरिक सक्रिय रूप से सहयोग करते दिखे।

### गंगानगर में दुर्गा विसर्जन और दशहरा को लेकर सुरक्षा समीक्षा

प्रयागराज। गुरुवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत और सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और दशहरा पर्व के मद्देनज़र शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना नवाबगंज क्षेत्रांतर्गत विभिन्न घाटों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पैदल गश्त कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा और किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने स्थानीय नागरिकों से भी सतर्क रहने और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

### डीसीपी ने गांधी-शास्त्री जयंती पर किया माल्यार्पण

प्रयागराज। गुरुवार को पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी का जीवन सादगी, सत्य, अहिंसा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन और कार्यशैली में उतारकर समाज व राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए।डीसीपी ने सभी से ईमानदारी, अनुशासन और जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे और सभी ने महान नेताओं के योगदान को नमन किया।

### करछना में सरकारी आवासों पर कब्जा

प्रयागराज। करछना तहसील में लंबे समय से राजस्व विभाग के कर्मचारियों के लिए बने सरकारी आवासों पर कब्जे का मामला चर्चा में है। बताया जा रहा है कि इन आवासों में कुछ पुलिसकर्मी और अन्य लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। 2 अक्टूबर को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) करछना ने मौके पर निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की, जिसमें कब्जे की पुष्टि हुई। रिपोर्ट मिलने के बाद प्रशासन ने कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, बहुत जल्द ही अवैध रूप से रह रहे लोगों को घर खाली करने का आदेश दिया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी भवनों पर इस तरह के कब्जे से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आवास वास्तविक कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहे।

## प्रभारी मंत्री ने कानून व्यवस्था,राजस्व मामले और रबी फसल की तैयारियां की किए समीक्षा

**मंत्री जी ने धारा-24 व दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों को तय समय सीमा में निपटाने, लेखपालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने, और भूमि विवादों को प्राथमिकता के आधार पारदर्शी तरीके से सुलझाने के निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में प्रभारी मंत्री एवं जल शक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं, राजस्व प्रकरणों और रबी फसल की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

मंत्री जी ने धारा-24 व दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों को तय समय सीमा में निपटाने, लेखपालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने, और भूमि विवादों को प्राथमिकता के आधार पारदर्शी तरीके से सुलझाने के निर्देश दिए। रबी सीजन को देखते हुए उन्होंने डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ अनावश्यक स्टॉकिंग पर निगरानी रखने को भी कहा। उन्होंने बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने और ट्रांसफार्मर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी बल दिया। बैठक में कानून-व्यवस्था के संबंध में मंत्री जी ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाए गए मामलों में शीघ्र, निष्पक्ष और नियमानुसार कार्यवाही की जाए। ड्रोन उड़ानों की निगरानी, सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर नियंत्रण और चोरी की घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के एक थाने में सभी पदों पर महिलाओं की नियुक्ति के सुझाव पर भी आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। साथ ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई।

## कलश यात्रा के साथ नगराम में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**अयोध्या की कथा व्यास सुनैना कृष्णा जी द्वारा कराया जा रहा सुंदर कथा का रसपान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । नगर पंचायत नगराम कस्बे में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ साथ दिवसीय तृतीय श्रीमद् भागवत श्री राम ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ किया गया। नगराम कस्बे के कटरा मोहल्ले स्थित रामशरण वर्मा मार्केट परिसर में गुरुवार को हवन पूजन अनुष्ठान के बाद सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा पीत वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली गई । यह कलश यात्रा नगराम कस्बे के मंदिरों में जलाभिषेक कर पुनः कथा परिसर में पहुंचकर कलश स्थापित करने के बाद अयोध्या से पधारी कथा व्यास सुनैना कृष्णा जी के मुखारविंदु से रामचरितमानस प्रसंग के साथ तृतीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ किया गया। वहीं शुक्रवार को कथा व्यास सुनैना कृष्णा द्वारा सती प्रथा और शिव विवाह का बहुत ही सुंदर एवं मार्मिक प्रसंग का व्याख्यान किया गया।शिव विवाह प्रसंग में कथा व्यास सुनैना कृष्ण जी द्वारा बताया गया कि माता पार्वती द्वारा भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया। बाद में महर्षि नारद की सलाह पर हिमालय और शिव के बीच विवाह का प्रस्ताव तय हुआ, जिसके बाद शिवजी भूत-पिशाचों और अन्य विचित्र जीवों के साथ बारात लेकर पहुंचे। यह विवाह प्रेम, भक्ति और तपस्या के महत्व को दर्शाता है। यह कथा आठ अक्टूबर तक चलेगी हो रही श्रीमद् भागवत कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष हरीशंकर वैश्य मुन्ना, उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी वर्मा, अनूप कुमार पिंटू, संरक्षक रामकिशोर वर्मा, सभासद सुरेंद्र रावत, सभासद सज्जन कश्यप, प्रबंधक विनय गुप्ता सुशील कुमार वर्मा, व्यवस्थापक शिव भगवान गुप्ता, राम सुमिरन रावत, सीताराम गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामकुमार वर्मा, के साथ सैकडों की संख्या में भक्त वा श्रोतागण मौजूद रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे का बड़ा निर्णय : सूरत स्टेशन पर गाड़ियों का ठहराव बहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नई नियमित एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन भी होगा, यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए मुजफ्फरपुर, हडपसर विशेष गाड़ी (05289/05290) को अब नियमित ट्रेन के रूप में चलाने का निर्णय लिया है**

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अहम निर्णय लिए हैं। रेल प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अनुसंरचनात्मक कार्य के चलते कुछ समय से सूरत स्टेशन से चलने और वहाँ पहुँचने वाली गाड़ियों का संचालन उधना स्टेशन से किया जा रहा था। अब इन गाड़ियों का ठहराव पुनः 10 अक्टूबर 2025 से सूरत स्टेशन पर बहाल कर दिया जाएगा।

अहमदाबाद, बरौनी एक्सप्रेस, अहमदाबाद, आसनसोल एक्सप्रेस, अहमदाबाद, प्रयागराज एक्सप्रेस और एकता नगर, वाराणसी महामना एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का ठहराव नए समय के अनुसार सूरत स्टेशन पर होगा। इसी क्रम में रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए मुजफ्फरपुर, हडपसर विशेष गाड़ी (05289/05290) को अब नियमित ट्रेन के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। इसका नया नंबर 15589/15590 होगा। यह गाड़ी मुजफ्फरपुर से सोमवार (08 दिसंबर 2025) और हडपसर से बुधवार (10 दिसंबर 2025) से नियमित रूप से संचालित होगी। इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें एसएलआर, इकॉनमी और एसी द्वितीय श्रेणी के कोच शामिल हैं।यात्रियों की सहूलियत के लिए इस नई नियमित ट्रेन का विस्तृत समय और ठहराव जारी कर दिया गया है। इसमें हाजीपुर, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड होते हुए ट्रेन हडपसर तक जाएगी।रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 8 दिसंबर 2025 से 05289 और 10 दिसंबर 2025 से 05290 विशेष गाड़ियों का संचालन बंद हो जाएगा और उनकी जगह नई नियमित गाड़ी चलेगी।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय समय सारणी और ठहराव की जानकारी अवश्य देख लें।

## फूड्स और जीएसटी विभाग की लापरवाही से शहर में बढ़ रही बिना लाइसेंस की दुकानें और जीएसटी चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शहर में फूड्स विभाग और जीएसटी अधिकारियों की लापरवाही के कारण बिना लाइसेंस की हजारों दुकानें खुलेआम संचालित हो रही हैं, जिससे आम जनता और राज्य को गंभीर वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा है। फूड सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (क्ष्ह्लङ्घक्रइदप्, 2006) के अनुसार, खाद्य व्यवसाय संचालित करने वाले प्रत्येक प्रतिष्ठान का वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है और उन्हें निर्धारित स्वच्छता एवं मानव संसाधन मानकों का पालन करना आवश्यक है। इसके अलावा, भुगतान किए गए जीएसटी के अनुसार बिल देना और कर का सही भुगतान करना व्यापारियों की जिम्मेदारी है।सूत्रों के अनुसार, कई दुकानों का लाइसेंस होने के बावजूद वे नियमों का पालन नहीं कर रही हैं। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत और कथित संरक्षण के कारण दुकानदारों से वसूली भी की जा रही है। दुकानों में बिल न दिए जाने के कारण ग्राहक कैश में भुगतान करते हैं ।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 31.10.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01042025 दिनांक 03.10.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 20-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल में कुल 153 नं. ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) की आपूर्ति, जिसमें डुअल ग्रीस एप्लिकेटर/वाइपर बार के प्रावधान का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 202694400.00 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 1163500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 60 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 17.10.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 31.10.2025 को 1500 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3068/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गांधी जयंती पर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। गांधी जयंती के अवसर पर विकास भवन में ‘सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान’ के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ग्राम पंचायतों से एकत्रित प्लास्टिक को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के तहत 1131 ग्राम पंचायतों से कुल 8888 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक सफलतापूर्वक संकलित कर वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट को सौंपा गया।जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरण, स्वास्थ्य और पशुधन पर प्रभाव के बारे में बताया और इसके उपयोग से बचने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वयं वृक्षारोपण कर ‘एक पेड़ माँ के नाम’ पहल को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी दरविशंकर द्विवेदी ने किया।

### मिशन शक्ति 5.0 और ऑपरेशन मुस्कान में गुमशुदा बच्ची को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द

प्रयागराज। यमुनानगर थाना बारा क्षेत्र में पुलिस ने ‘मिशन शक्ति 5.0’ और ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा 10 वर्षीय बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची मेले में अपनी चाची से बिछड़कर अकेली थाना क्षेत्र बारा आ गई थी। पुलिस उपायुक्त विवेक चंद्र यादव और सहायक पुलिस आयुक्त बारा कुंजलता के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम ने बच्ची को सुरक्षित ढंग से थाना लाया।

### सूचना

मैं अनिरुद्ध कुमार रावत पुत्र विनोद कुमार रावत मेरे जन्म प्रमाण पत्र में अनिरुद्ध रावत लिखा है आधार एवं अन्य सभी दस्तावेजों में अनिरुद्ध कुमार रावत लिखा है अनिरुद्ध और अनिरुद्ध कुमार रावत दोनों मेरे ही नाम है मुझे अनिरुद्ध कुमार रावत के नाम से जाना जाए


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक– 06.11.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01032025 दिनांक 03.10.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 18-DEN-V-LKO-2025-26 (दो पैकेट प्रणाली) |
| 3 | कार्य का नाम : | 1. टीएसआर(पी) = 58.72 टीकेएम (संलग्न सूची के अनुसार) ठेकेदार के पीक्यूआरएस पोर्टल द्वारा एडीईएन–एवाईसी और एडीईएन–।।–एलकेओ के अनुभाग में डीईएन–वी–एलकेओ के अधिकार क्षेत्र में (एक से अधिक स्टेशनों पर बेस डिपो के साथ किया जाने वाला कार्य) |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. रू. 17,96,12,862.20 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. रू. 10,48,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 18 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 23.10.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3058/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीकेटी में नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का धमाकेदार आगाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बीकेटी,लखनऊ । बुधवार को बख्शी का तालाब स्थित सार क्रिकेट ग्राउंड पर नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का शानदार तरीके से उद्घाटन हुआ।द्वितीय संस्करण के उद्घाटन के मुख्य अतिथि आनंदी मैजिक वर्ल्ड के सीईओ राहुल गुप्ता ने कहा कि यह कॉर्पोरेट चैम्पियनशिप लखनऊ की इकलौती चैम्पियनशिप है जिसमें चालीसा से अधिक टीमें हिस्सा ले रही है, उन्होंने कहा कि नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के आयोजक ने पिछले वर्ष पहले संस्करण का भी सफल आयोजन किया था,जिसके बाद इस बार भी द्वितीय संस्करण का शुभारंभ हो चुका है, लीग मैच शुरू हो चुके है,जिसमें बुधवार को पहली पॉली में हुआ लीग मैच क्रिकेट फॉरएवर इलेवन व रेजिंग बुल्स के मध्य खेला गया,जिसमें क्रिकेट फॉरएवर इलेवन में टॉस जीतकर रेजिंग बुल्स को बल्लेबाजी के आमंत्रित किया और रेजिंग बुल्स के सलामी बल्लेबाज ज़ीशान अली खान ने 63गेंदों पर ताबड़तोड़ 15चौके व आठ छक्कों की बदौलत 132रन बनाकर नाबाद रहे और अंशुल मल्होत्रा के 33,रजत सिंह चौहान के 18, अनुपम सिंह के नाबाद9 के दम पर रेजिंग बुल्स ने कुल 206रन बनाए।वही 206रन का पीछा करने उतरी क्रिकेट फॉरएवर इलेवन ने राहुल कश्यप के30, अखिलेश मिश्रा व राहुल जायसवाल के 19,19 रन तथा शशिकांत यादव व राना चंचल के 18, 18रन के दम पर बीस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर कुल 158 रन ही बना पाई जिस कारण क्रिकेट फॉरएवर इलेवन को 48रन से हार का मुंह देखना पड़ा।वही द्वितीय पाली में गोमती क्रिकेट टीम व सुपरनोवा के मध्य टॉस हुआ,जिसमें गोमती क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और मोहन यादव के 69रन,अंशुमान यादव 19,विवेक यादव के 13रन की बदौलत19.2 ओवर में कुल 138 रन बनाए वही टारगेट चेस करने उतरी सुपरनोवा 17.4ओवर में दस विकेट के नुकसान पर 124रन ही बना पाई और 14 रन से हार का मुंह देखना पड़ा।वही पहली पॉली में हुए मैच में जीशान अली को मैन ऑफ द मैच व दूसरी पॉली में अमित सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल चालीस कॉर्पोरेट टीमें हिस्सा ले रही है और फ़ाइनल तक कुल 158 मैच खेले जाएंगे, फ़ाइनल सेज क्रिकेट ग्राउंड निकट 1090चौराहा के पास खेला जाएगा।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू ने शुरू किया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शुक्रवार से भाकियू ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर गोसाईगंज डाक बंगले में धरना प्रारंभ किया। इस धरने में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव गणेश शंकर वर्मा, जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा, जिला महासचिव आशीष यादव, जिला सलाहकार महेश प्रधान, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, महिला सभा जिला अध्यक्ष उर्मिला मौर्य, जिला संरक्षक किशोरी लाल पटेल, जिला महासचिव महिला मोनिका यादव, मोहनलालगंज तहसील अध्यक्ष रामानंद, बीकेटी तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र पवार, सरोजिनी नगर तहसील अध्यक्ष अवधेश रावत, सरोजिनी नगर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश रावत, गोसाईगंज ब्लॉक अध्यक्ष जग्गी लाल मौर्य, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम शामिल हुए। इस बारे में भारतीय किसान यूनियन ने जिलाधिकारी लखनऊ को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन 11 सितंबर को दे दिया था। नेता महेश प्रधान ने कहा ज्ञापन में मुख्य रूप से गोसाईगंज में ऐतिहासिक हनुमान जी का मेला एक साजिश के तहत नहीं लगाया जा रहा है इसकी पुनः जांच करवाकर मेला लगाया जाए और मेला स्थल की जो जमीन बिक्री कर दी गई है उसकी जांच करवाई जाए। अमेठी टाउन एरिया में जहां पर खेल का मैदान है लगा हुआ बिजली का पोल हटाया जाए। कासिमपुर बिरूहा मजरा नवाब अली का पुरवा में नाला बनाकर जल निकासी की जाए। बक्कास में बाबूलाल रावत के घर से नाला खुदवाया जाए। किसानों की जो भूमि असंक्रमणीय भूमि है उन किसानों को संक्रमणीय भूमिधर बनाया जाए। सुल्तानपुर रोड मलौली पुलिया से सूर्यामऊ रोड तथा मलौली से नूरपुर बेहटा रोड को चौड़ी कराया जाए। नई जेल से सिठौली जाने वाली रोड को चौड़ा कराया जाए। बारिश के कारण जल भराव से प्रभावित किसानों को फसल का मुआवजा दिया जाए। ऐसी कई मांगों को लेकर डाक बंगले में किसानों के धरने में इतनी भारी भीड़ इकट्ठा हुई कि संभालना मुश्किल हो गया। सभी किसानों के लिए दोपहर में तहरी भोज का आयोजन किया गया।

# मोहनलालगंज में विद्युत सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल एवं प्राथमिक उपचार की दी गई जानकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, संवाददाता । विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के साथ सुरक्षा उपकरणों और प्राथमिक उपचार की जानकारी देने के उद्देश्य से मध्याचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मोहनलालगंज खंड द्वारा ओल्ड पावर हाउस परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को विद्युत दुर्घटना की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों, प्राथमिक उपचार तथा सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डाक्टर भूपेंद्र सिंह और डाक्टर रमबित द्विवेदी ने सुरक्षा के प्रति सजग रहने और समय रहते उचित कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप बाजपेई ने किया। प्रशिक्षण सत्र में अधिशासी अभियंता मोहनलालगंज श्रवण कुमार सिंह, ईई दुबग्गा विशाल वर्मा, ईई नादरगंज अविनाश कुमार, ईई मलिहाबाद सुरेश कुमार, अवर अभियंता राजभवन जे.के. भारती, एसडीओ मोहनलालगंज आशुतोष वर्मा, तथा अधिक्षण अभियंता भविष्य सक्सेना समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को इस प्रकार की और भी कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिला, जिससे भविष्य में विद्युत दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

# अल्टिस कश्यप इंस्टीट्यूट ऑफ पेड्राइटिक हॉस्पिटल बच्चों के लिए एक नई उम्मीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आई.आई.एम रोड पर बच्चो का विश्व स्तरीय इंटेंसिव केयर हॉस्पिटल अल्टिस कश्यप इंस्टीट्यूट ऑफ पेड्राइटिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीजेपी से मलिहाबाद की विधायिका जय देवी कौशल ने फीता काटकर किया।इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के खुलने से अब गंभीर रूप से बीमार बच्चों को इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी,जिससे उनके इलाज की सफलता दर में महत्वपूर्ण सुधार आने की उम्मीद है।पीडियाट्रिक डायलिसिस पीडियाट्रिक एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी ब्रोंकोस्कोपी जो अभी तक लखनऊ में किसी भी अस्पताल में उपलब्ध नहीं थी।यह अस्पताल लखनऊ व उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए वरदान साबित होगी।विधायिका ने निदेशक से मानवता के आधार पर इलाज पर हर वर्ग विशेष का ध्यान रखे जाने की जरूरत पर जोर दिया।वही अस्पताल ने निदेशक ने बताया कि 120 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल

लखनऊ में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी पहल करते हुए यह अस्पताल विशेष रूप से गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं और बच्चों को विश्व स्तरीय देखभाल प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है।

यह नया अस्पताल 'कटिंग एज' तकनीक और 'स्टेट ऑफ आर्ट' सुविधाओं से सुसज्जित है,जो इसे उत्तरी भारत के सर्वश्रेष्ठ बाल चिकित्सा केंद्रों में से एक बनाता है।अस्पताल का मुख्य ध्यान गहन चिकित्सा देखभाल (इंटेंसिव केयर) पर है।इस अस्पताल में मुख्यता उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं जिसमें आईएनओ(Inhaled Nitric Oxide) थेरेपी यूनिट,यह गंभीर हृदय और फ़ेफड़ों की समस्याओं वाले नवजात शिशुओं के इलाज में सहायक है।

एचएफओ (High-Frequency Oscillatory) वेंटिलेटर,यह विशेष वेंटिलेटर नवजात शिशुओं के नाजुक फ़ेफड़ों को नुकसान पहुँचाए बिना उन्हें प्रभावी ढंग से साँस लेने में मदद करता है।अत्याधुनिक इनक्यूबेटर (Incubators):ये इनक्यूबेटर समय से पहले जन्मे (Premature) शिशुओं के लिए माँ के गर्भ जैसा नियंत्रित और सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं।एप्निया मॉनिटर (Apnea Monitors),ये उपकरण लगातार शिशुओं की श्वास गति पर नज़र रखते हैं और श्वास में रुकावट (Apnea) की तुरंत पहचान कर अलार्म बजाते हैं,जिससे त्वरित हस्तक्षेप संभव हो पाता है।इस अस्पताल में अनुभवी विशेषज्ञों की टीम बाल चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर,प्रशिक्षित नर्सें और सहायक कर्मचारी चौबीसों घंटे सेवा के लिए उपलब्ध हैं।यह टीम नवजात गहन चिकित्सा इकाई (NICU) और बाल गहन चिकित्सा इकाई (PICU) में सबसे जटिल मामलों को संभालने में सक्षम है।वही उद्घाटन के इस मौक़े पर निदेशक डॉ. सूरज मिश्रा,निदेशक डॉ. दिग्विजय चौधरी,निदेशक डॉक्टर अभिनव अग्रवाल, डॉ. श्रीश भटनागर,डॉ. पियूष कुमार, डॉ.विक्रांत आनंद, डॉ.शिवानी बाजपेई, डॉ.आरिफ,डॉ.नाज़िश,डॉ. प्रतिक्षा, डॉ.गौरव कोहली, डॉ.साक्षी शर्मा, डॉ.अजय शर्मा, डॉ.भारती सहित अन्य सम्मानित लोग शामिल रहे।

## सैरपुर में प्रोविजन स्टोर से हो रही थी शराब की अवैध बिक्री, खुलासा

बीकेटी,लखनऊ । लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी के थाना सैरपुर अंतर्गत प्रोविजन स्टोर से शराब की अवैध बिक्री की जा रही थी,जिसका खुलासा सैरपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किया और मौक़े से काफ़ी मात्रा में शराब की बोतले बरामद किया।वही पुलिस ने नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।एसएचओ सैरपुर के मुताबिक 728 सदाबहार कॉलोनी मुबारकपुर निकट आईआईएम थाना सैरपुर निवासी नवनीत गुप्ता उर्फ़ गोपाल गुप्ता पुत्र सुरेश चंद्र गुप्ता अपनी किराना की दुकान पर अवैध रूप से शराब को निर्धारित मूल्य पर खरीदकर मार्का परिवर्तित कर अधिक मूल्य पर बिक्री कर रहा था,मुखबिर की सूचना पर आरोपी की दुकान से सैकड़ों बोतल शराब बरामद हुई।वही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शराब को बरामद कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक बीकेटी दशहरा मेंला,मुस्लिम कलाकार भी करते है रामलीला का मंचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मेंला सुरक्षा को लेकर पुलिस का रहता है सख्त पहरा**

बख्शी का तालाब दशहरा मेंला में सुरक्षा को लेकर पुलिस का सख़्त पहरा रहता है,बीकेटी थाना प्रभारी अपने पूरे स्टॉफ के साथ मेला में सुरक्षा को लेकर पैदल गस्त किया करते है,और संदिग्धों से पूछताछ व आरोपियों पर तत्काल कार्यवाही भी करते है तथा मेंले में पीएसी पुलिस बल भी मौजूद रहता है,जिससे मेंले की सुरक्षा बनी रहती है।

बीकेटी,लखनऊ । लखनऊ जनपद के नगर पंचायत बख्शी का तालाब में दशहरा के अवसर पर आयोजित होने वाली रामलीला मे हिंदू मुस्लिम एकता के कारण गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलती है,एक तरफ़ जहां पुरे देश में हिंदू मुस्लिम समुदाय को लेकर तरह तरह घटनाएं देखने को मिलती है वही बीकेटी में हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर दशहरा मेला में रामलीला का मंचन करते है, जो आपसी एकता की मिशाल पेश कर रहे है।रामलीला की ख़ास बात यह है कि नगर पंचायत के रुदही निवासी जो जाति से तो मुस्लिम है लेकिन कई दशकों से रामलीला में रावण,विभीषण,हनुमान सहित अन्य कई मुख्य किरदारों को निभाते रहे है और पिछले कई वर्षो से रामलीला में डायरेक्टर की भूमिका भी बख़ूबी निभा रहे है।साबिर खान ने बताया कि इस मेले की नींव शुरुआत सन 1972को त्रिपुर चंद्र बख्शी द्वारा बनवाए गए तालाब किनारे रुदही के ग्राम प्रधान स्व. श्री मैकू लाल यादव व समाजसेवी डॉक्टर स्व.मुजफ्फर हुसैन ने रखी थी तभी से यह मेला निरंतर हर वर्ष दशहरा के अवसर पर आयोजित होता चला आ रहा है और अब इस मेले को स्व.मैकू लाल यादव के बेटे पूर्व प्रधान विदेश पाल यादव व स्व.मुजफ्फर हुसैन के बेटे शहज़ाद हुसैन तथा वर्ष 2009 से बीकेटी नगर पंचायत अपने आस्तित्व में तब से मौजूदा नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मेले का आयोजन कराया जा रहा है।

**तीन दिन आयोजित होती है रामलीला**

बख्शी का तालाब दशहरा मेला में पहले दिन शाम चार बजे से मेला स्थल से भगवान शिव जी की बारात निकाली जाती है जिसमें दर्ज़नो की संख्या में ऊंट,हाथी,घोड़ा तथा हजारों की संख्या में जन समुदाय शामिल होता है, यह बारात मेला स्थल से सीतापुर रोड़ होते हुए एयरफोर्स रोड़ से चलकर मेला स्थल पर बारात का समापन होता है। जिसके बाद अन्य धार्मिक/सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते है,वही दूसरे दिन धनुषयज्ञ कार्यक्रम तथा दूसरे दिन रावण वध का कार्यक्रम आयोजित होता है।मेले को लेकर पूरे साल बच्चें इंतजार करते है और दशहरा पर उनमें काफ़ी उत्साह देखने को मिलता है।



## राम बाग धाम अमेठी में राम ने किया रावण का संहार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र के अमेठी में स्थित रामबाग धाम में गुरुवार को राम द्वारा रावण का वध किया गया उसके बाद शुक्रवार भरत मिलाप का आयोजन हुआ। रामबाग धाम में हर बर्ष की भांति इस बार भी विजयदशमी के अवसर पर गुरुवार को प्रभू श्रीराम द्वारा रावण का वध किया गया।उसके शुक्रवार को श्री राम जानकी मंदिर में भरत मिलाप का आयोजन किया गया। इस अवसर भगवान राम और भरत के मिलन का पावन दृश्य देखकर लोग भावविभोर हो गए।वहीं श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण पूजन और आरती कर चली आ रही परंपरा को पूर्ण किया।इस अवसर पर भक्तों की काफी भीड़ मौजूद रही।वहीं आयोजन की सफलता में इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में डूबने से युवक की मौत

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन करने के दौरान एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार गोसाईगंज क्षेत्र के जलौदी नगर गांव में स्थित गोमती नदी के तट पर मूर्तियों के विसर्जन कराने की व्यवस्था की गई थी।जहां गुरुवार को मूर्तियों का विसर्जन कराया जा रहा था।इसी बीच जलौदी नगर गांव के ही रहने वाले कल्लू का पुत्र विपिन 22 विसर्जन स्थल से लगभग 300 मीटर की दूरी पर नदी में तैर रहा था।तभी नदी में पानी अधिक होने व पानी का बहाव तेज होने के चलते वह अचानक नदी में डूब गया।जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकलवाया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दबंगों ने युवक को राड मार कर किया घायल

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में दबंगो ने एक युवक को रोंका और असलहा लहराया। उसपर लोहे की रॉड से हमला भी कर दिया। हमले से वह युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। गोसाईगंज क्षेत्र के रसूलपुर टिकनियामऊ गांव के रहने वाले मो. हसीब के अनुसार उनका भाई रहबर आलम गुरुवार को दोपहर लगभग 03:30 लखनऊ से रूपया लेकर वापस घर लौट रहा आ था। रास्ते में खुर्दही बाजार के पास सुल्तानपुर रोड पर विपक्षीगण रिजवान पुत्र अजमत निवासी ग्राम खजुहा मजरा रसूलपुर टिकनियामऊ करन यादव पुत्र सत्य नारायन यादव निवासी ग्राम सिटकिहा खुर्द मजरा धौरहरा व 2 अज्ञात लोगों द्वारा अपनी चार पहिया थार गाड़ी से आकर उसे रोक लिया गया।इसके बाद आरोपित रिजवान अपने हाथ में लिए रिवालवर को लहराने लगा और गाड़ी से लोहे की राड़ निकाल ली। उसके बाद उसके भाई रहबर आलम को गाड़ी से निकाल कर गन्दी गन्दी गालियां देते हुए लात घूसो व रॉड से पिटाई कर दी जब वह गम्भीर रूप से घायल होकर गिर गया।तब आरोपित उसे तथा जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले।घायल को इलाज के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भिजवाया गया जहां से डॉक्टरों ने उसे सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है।

इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 6 माह में अब तक प्रदेश भर में ढाई लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ व तीसरे स्थान पर कौशाम्बी है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ही है, जो प्रदेश के युवाओं को सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर नहीं दे रही है, बल्कि उन्हें एक मजबूत उद्यमी बनने के लिए सक्षम बना रही है। इसी का असर है कि प्रदेश के युवा न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 1 लाख 50 हजार के सापेक्ष 6 माह में पूरे प्रदेश से 2,55,174 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं, जबकि 2,08,097 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 64,673 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है जबकि 63,009 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने सबसे अधिक आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशानुरुप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# परिचित युवक ने युवती को दोस्त के घर ले जाकर, किया दुष्कर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**दोस्त के घर में दी वारदात को अंजाम, पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात एक युवती के साथ उसके परिचित युवक ने झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोपी युवक युवती को बहला-फुसलाकर पड़ोसी गांव में अपने दोस्त के घर ले गया और वहां मौका पाकर जबरन बलात्कार किया। इसके बाद आरोपी पीड़िता को गांव के किनारे छोड़कर फरार हो गया। घर पहुंची युवती ने आपबीती अपने पिता को बताई। घटना की जानकारी होते ही पिता बेटी को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी का परिचित युवक गुरुवार रात फोन कर उसे गांव के बाहर बुलाया। इसके बाद युवक उसे अपने साथ पड़ोसी गांव में रहने वाले दोस्त के घर ले गया। उस समय घर के लोग रामलीला देखने बाहर गए थे। इसी मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसे गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक मोहनलालगंज के भावा खेड़ा गांव का निवासी है। उसकी रिश्तेदारी पीड़िता के घर के बगल में है। इसी आने-जाने के दौरान युवती से परिचय हुआ और फिर दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। इसी दौरान आरोपी ने नजदीकियां बढ़ाकर गुरुवार रात घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

# मां सिद्धेश्वरी पूरी करती हैं मुरादें नवरात्रि में जुटती है भारी भीड़

**नवमी तिथि को होता है मंशा माता की खिचड़ी का भोजएक अक्टूबर को हुआ विसर्जन एवं बृहमभोज सिंघनापुर**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर, सीतापुर। अखिल विश्व के कल्याण एवं पितरों को मोक्ष प्रदान करने वाली अट्ठासी हजार ऋषि-मुनियों की तपस्थली नैमिषारण्य क्षेत्र के सिंघनापुर गांव में स्थित माता सिद्धेश्वरी तारा शक्ति पीठ की पावन धरा पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जी की कृपा से श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। गत 22 सितम्बर सोमवार को मां ललिता देवी के मंदिर से ज्योति लाकर मां सिद्धेश्वरी के दरबार में स्थापित की गयी। अगले दिन 23 सितम्बर मंगलवार को नैमिष क्षेत्र से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित इंदु शेखर पाण्डेय ने सात दिवसीय श्री रामकथा का वाचन किया जिसका समापन 29 सितम्बर सोमवार को हुआ। बताते हैं कि लगभग 21 वर्षों से प्रत्येक शारदीय नवरात्रि में बिसवां निवासी पत्रकार विजय शंकर बाजपेयी यहां आते हैं और उन्हीं के सानिध्य में प्रतिवर्ष यह पूरा आयोजन होता है। मान्यता के अनुसार नवरात्रि में प्रत्येक नवमी तिथि को मंशा माता की खिचड़ी होती है। इस दिन पहले नौ कन्याओं को खिचड़ी भोज खिलाया जाता है फिर मनौती मानने वाले लोग उन कन्याओं की झूठी थाली में खिचड़ी भोज खाते हैं। मान्यता यह भी है कि ऐसा करने से माता सिद्धेश्वरी सबकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। माता के दरबार से सैकड़ों निःसंतानों को यहाँ मन्नत माँगने से संतान की प्राप्ति हुई है। प्रत्येक शारदीय नवरात्रि के मौके पर यहां भारी भीड़ जुटती है।

रंगवा रौसीपुर के मजरा सिंघनापुर में सिद्धेश्वरी तारा शक्तिपीठ में स्थापित मां सिद्धेश्वरी के दरबार में जो भी सच्चे मन से मनौती मानता है माता रानी उनकी सभी मुरादें पूरी करती हैं। एक अक्टूबर बुधवार को भंडारे के पश्चात लालपुर बाजार के निकट बह रही पतित पावनी घघरा नदी में ज्योति का विसर्जन कर कार्यक्रम का समापन हो गया। माता सिद्धेश्वरी के दरबार में हो रहा यह 30वां जागरण है विगत वर्षों में भी यहाँ मातारानी के जागराते और धार्मिक कवि सम्मलेन होते रहे हैं।

## आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर हर्सोल्लास के साथ मनाई गई गांधी जयंती

खैराबाद, सीतापुर। थाना क्षेत्र के विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने कहा कि आप लोग राष्ट्रीय पर्व पर एकता अखंडता संप्रभुता बनाए रखने में सहयोग करें और चढ़ बढ़कर राष्ट्रीय पर्वों में हिस्सा लें ।जिससे महापुरुषों द्वारा दिए गए बलिदान के विषय पर जानकारी हो सके और उनके पद चिन्हों पर चलकर देश को सशक्त एवं मजबूत बनाने में सम्पूर्ण सहयोग देने का प्रयास करें ।प्रबंधक /सचिव बिन्दू मौर्या ने दोनों महापुरुषों द्वारा किए गए संघर्ष, एवं बलिदान के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।और कहा कि देश आजाद करने में दोनों महापुरुषों ने बहुत ही संघर्ष किया था। और उसी की बदौलत आज हम लोग देश की आजादी का जश्न मानते हैं । राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल, रिजवाना, मोमिना खातून अन्य लोग अपने-अपने विचार रखे।इस अवसर पर अली हसन, अफसाना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय में वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। बिसवां रेंज अन्तर्गत कृष्णा देवी म्युनिसिपल गर्ल्स इण्टर कालेज बिसवां में शुक्रवार को वन विभाग द्वारा ''वन्य जीव सप्ताह'' कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया?। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11 बी की छात्रा छाया प्रथम, ऐना द्वितीय तथा चाहत गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं वहीं निबन्ध प्रतियोगिता में कक्षा 11 बी की छात्रा अर्चना प्रथम,निधि द्वितीय तथा स्मृति पाण्डेय तृतीय स्थान प्राप्त कर विजयी रहीं। सभी विजयी प्रतिभागी छात्राओं को प्रथम , द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही छात्रा श्वेता यादव व तनिष्का गुप्ता को भी सांत्वना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी ए0के0 सिद्दीकी द्वारा शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को वन्य जीवों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में श्री सिद्दीकी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर वन दरोगा अनिरुद्ध कुमार व राजनाथ यादव तथा वन रक्षक सुश्री शिखा शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# दहेज लोभियों के खिलाफ नवविवाहिता की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर । थाना बिसवां क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मोहम्मदपुर, इन्द्रा नगर, लखनऊ निवासी संजना पत्नी कन्हैया ने पुलिस अधीक्षक को आईजीआरएस कर अपने पति व ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता संजना का विवाह बीते 29 जून 2025 को कन्हैया पुत्र शिवशंकर निवासी कम्भरिया खुन खून थाना बिसवां, सीतापुर के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से हुआ था। विवाह में संजना के परिजनों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज देकर विवाह सम्पन्न कराया। लेकिन विवाह के कुछ ही दिनों बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा संजना पर दहेज की मांग को लेकर अत्याचार शुरू कर दिया गया।प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि उसका पति कन्हैया, देवर विनोद शर्मा, जेठनी व ससुर मिलकर बार-बार अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे और न मिलने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगे। यहां तक कि मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान कर उसे मायके भेज दिया गया।पीड़िता के अनुसार 5 अगस्त 2025 को पति कन्हैया ने कह दिया कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होती, तब तक वह उसे घर नहीं लाएगा। इसके बाद से लगातार संजना मायके में ही रह रही है। कई बार समझौते का प्रयास करने के बावजूद ससुराल पक्ष अपनी जिद पर अड़ा हुआ है और बार-बार दहेज की मांग व धमकी दे रहा है।

पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि पुलिस कर्मी मनेंद्र,रंजीत व विनय ने गाली गलौज कर बिना कोई महिला पुलिस केकरीब एक बजे रात को प्राइवेट गाड़ी में जबरन बैठाकर पीड़िता के ननिहाल बख्शी का तालाब ले गए तथा रास्ते में पुलिसकर्मियों द्वारा पीड़िता से अभद्रता की गई। पीड़िता ने कहा कि दहेज लोभियों तथा पुलिस कर्मियों की ऐसी हरकतों से उसका मानसिक, सामाजिक और वैवाहिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उसकी जान को भी खतरा हो सकता है। यह मामला एक बार फिर समाज में गूंजते उस सवाल को जीवित करता है ''कब तक बेटियों को दहेज की बलि चढ़ाया जाएगा।

## गोविन्द शुगर मिल में फायर हेल्परों से दुर्व्यवहार, वेतन वृद्धि की मांग पर ड्यूटी से निकाला

ईसानगर, खीरी। गोविन्द शुगर मिल में फायर हेल्पर पद पर कार्यरत कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि वेतन वृद्धि की मांग करने पर उन्हें जबरन ड्यूटी से हटा दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 12 घंटे की शिफ्ट में कार्य करने के बावजूद मात्र 7600 रुपये नगद वेतन और 430 रुपये पीएफ दिया जाता है, जिससे परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।फायर हेल्परों ने बताया कि जब उन्होंने प्रबंधन से वेतन बढ़ाने की गुहार लगाई तो कात्यायन ग्रुप के हेड अरविंद सिंह ने उन्हें ड्यूटी से हटा दिया। आरोप है कि प्रबंधन की ओर से साफ तौर पर कहा गया कि ''इतने में करना हो तो करो, नहीं तो मत करो।''कर्मचारियों का कहना है कि मेहनताने की बात उठाने पर उन्हें न केवल अपमानित किया गया बल्कि मिल से जबरन बाहर निकाल दिया गया। इससे नाराज कर्मचारी अब श्रम विभाग और प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं।

## निजी मेडिकल स्टोर में इंजेक्शन लगाने के बाद मासूम की मौत

सकरन, सीतापुर । सकरन क्षेत्र के एक निजी मेडिकल स्टोर पर इलाज कराने पहुंचे मासूम बच्चे की इंजेक्शन लगने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार, मृतक बच्चा सुरेंद्र का पुत्र था जिसका नाम अज्ञात बताया जा रहा है। मूल रूप से थाना रेउसा के गांव ढफरा निवासी यह बच्चा अपने ननिहाल शेख़नापुर, रघुबीर के घर आया हुआ था। बताया जाता है कि बच्चे के पिता रोज़ी-रोटी के लिए मजदूरी करने बाहर गए हुए थे।बीते दिन बच्चे को सर्दी-बुखार होने पर परिजन उसे इलाज के लिए स्थानीय निजी जनता मेडिकल स्टोर पर ले गए, जहां कथित डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन लगाया। आरोप है कि इंजेक्शन लगते ही बच्चे की हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया।इस घटना से पूरे परिवार में मातम पसर गया और ग्रामीणों ने मेडिकल स्टोर संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

# प्रधान , सचिव एवं ठेकेदार की साठ-गांठ से सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट

**भंडिया बाजार में कुछ ह्यूम पाइप नाली निर्माण में प्रयोग किए गए हैं। लगभग डेढ़ दर्जन ह्यूम पाइप बाजार में पड़े धूल खा रहे है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा, सीतापुर। विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत भंडिया में सचिव, प्रधान व ठेकेदार की साठ-गांठ से सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया जा रहा है। उक्त ग्राम पंचायत में 7 अगस्त 2025 को ऑनलाइन वाउचर पर बिना कार्य स्पष्टीकरण के 139241 का एवं 26 जुलाई 2025 को 95930,14125, 38475 के भुगतान किए गए हैं। जिम्मेदारों द्वारा कार्य को स्पष्ट नहीं किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मोटी रकम अपनी चहेती फर्म एस एस कॉन्टैक्टर पर ह्यूम पाइप, एवं स्ट्रीट लाइट के लिए निकल गए हैं।

भंडिया बाजार में कुछ ह्यूम पाइप नाली निर्माण में प्रयोग किए गए हैं। लगभग डेढ़ दर्जन ह्यूम पाइप बाजार में पड़े धूल खा रहे हैं। अगर गुणवत्ता की बात की जाए तो ह्यूम पाइप काफी घटिया किस्म के हैं। और स्ट्रीट लाइट लगाई ही नहीं गई है। प्रधान पुत्र ने बताया पंचायत में कार्यरत पंचायत सहायक कोई भी कार्य नहीं करती हैं। उनका कार्य सचिव द्वारा स्वयं कर लिया जाता है। जबकि सहायक का मानदेय बराबर निकाला जा रहा है। विगत माह में लगभग 20000 मोबाइल खरीद पर भी भुगतान किया गया है। सूत्रों का दावा है सचिव अभय प्रताप दीपक अनियमितता बरतने में काफी माहिर हैं।

# स्वच्छता से ही सशक्त होगी नारी : जिलाधिकारी

**मिशन शक्ति 5.0 : जीजीआईसी में व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद, 200 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । नारी सशक्तिकरण और स्वच्छता जागरूकता का संदेश लेकर मिशन शक्ति 5.0 अभियान अब बालिकाओं तक पहुँच रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, लखीमपुर में ल्लव्यक्तिगत स्वच्छता संवाद कार्यक्रमङ्क का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व एसडीएम अर्चना ओझा, प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कॉलेज की करीब 200 छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता एक ऐसा विषय है, जिस पर खुलकर बातचीत की जानी चाहिए। उन्होंने स्वयं छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए और इसके उपयोग से मिलने वाले लाभ बताए।कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छता पर टिकी होती है। बेटियाँ जब आत्मनिर्भर और जागरूक होंगी तभी परिवार और समाज सशक्त बनेगा।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि नारी स्वच्छता, स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस संवाद को अपनी सहेलियों और परिवार तक पहुँचाएँ, ताकि जागरूकता का दायरा और व्यापक हो सके।प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने कहा कि मासिक धर्म स्वाभाविक प्रक्रिया है, इसे किसी भी प्रकार की झिझक या संकोच से नहीं जोड़ना चाहिए। स्वच्छता अपनाकर ही छात्राएँ स्वस्थ रह सकती हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। जागरूक बालिकाएँ ही कल की सशक्त नारी बनेंगी। एसडीएम अर्चना ओझा ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ आदत नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। छात्राएँ यदि आज से ही व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखेंगी तो आने वाले समय में वे स्वस्थ, आत्मविश्वासी और समाज की प्रेरणा बनेंगी।

### विशेषज्ञों ने दी जानकारी

प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता और सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने Menstrual Hygiene पर विस्तार से संवाद किया। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता न बरतने से संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए समय पर पैड बदलना, संतुलित आहार लेना और शरीर की साफ-सफाई रखना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल शालिनी दुबे ने आभार ज्ञापित किया।

### बालिकाओं ने पूछे सवाल, मिला समाधान

कार्यक्रम का सबसे प्रेरक पहलू यह रहा कि बालिकाओं ने बिना झिझक अपने सवाल रखे।किसी ने संक्रमण की समस्या पर सवाल किया, तो किसी ने खेलकूद व शारीरिक कमजोरी से जुड़े प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने सभी सवालों का धैर्यपूर्वक समाधान दिया।

### छात्राओं की चमकी प्रतिभा, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में दिखाया कौशल

मिशन शक्ति 5.0 के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में आयोजित निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का लोहा मनवाया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, प्रिंसिपल डॉ वाणी गुप्ता, एसडीएम अर्चना ओझा के साथ विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10 की रोशनी कश्यप ने पहला स्थान, इंटरमीडिएट की माही रस्तोगी ने दूसरा और नेहा कश्यप ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10 की एंजेल प्रथम, इंटरमीडिएट की यासमीन द्वितीय और शमीम जहां तृतीय स्थान पर रहीं।प्रतिभागियों के उत्साह और हुनर ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## अभियान के तहत 24 घंटे में खीरी पुलिस ने कुल 65 व्यक्तियों के विरुद्ध की कार्यवाही

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जनपद में महिलाओ/बालिकाओ के लिये सुरक्षित वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से समस्त थानों की टीमों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत भीड-भाड़ वाले इलाको, कोचिंग सेटर्स, विद्यालय, पार्क आदि मे सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/किशोरो से भी पूछताछ व उन्हें कड़ी चेतावनी दी गयी। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा विगत सप्ताह से प्रारंभ हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत पिछले 24 घंटो में महिला संबंधी अपराधों में वांछित चल रहे कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं मा0 न्यायालय में प्रचलित मामलों/वादों से संबंधित पीड़िताओं को शीघ्रातिशीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से कुल 14 वारंटियों को भी गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु प्रस्तुत किया गया।

## नमाज़ को लेकर पुलिस रही अलर्ट

**लखीमपुर खीरी।** आज जुमे की नमाज़ को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। इसी क्रम में कल थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने कस्बे के समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।बैठक में शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान एडवोकेट सईद खान, शरीक खान, पूर्व चेयरमैन गुफरान अहमद, डॉक्टर नजर अंसारी, हैदर हुसैन उर्फ मंटू, इलियास चिश्ती, चाँद मियां खान, व्यापार मंडल के सदस्य और नगर पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में शामिल सभी प्रतिनिधियों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## रानीगंज में लाला की रूई की चक्की उड़ती आफत

**लखीमपुर खीरी।** रानीगंज मोहल्ले में लाला की रूई की चक्की खुले में चलाने से उड़ती रूई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। राहगीर रास्ता पार करने में मुश्किल महसूस कर रहे हैं और दुकानों में भरकर पहुंच रही रूई ने व्यापारियों की नींद उड़ा दी है। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि लगातार उड़कर अंदर घुस रही रूई से सामान खराब हो रहा है, ग्राहक परेशान होकर लौट जाते हैं और सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है।**खुले में लाला की रूई की चक्की चलाना न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि कानूनन भी निंदनीय है। तुरंत रोक लगनी चाहिए!*
जहांगीराबाद से निकाली गई श्री खाटू श्याम भव्य निशान यात्रा

## जहांगीराबाद में निकाली गयी श्री खाटू श्याम भव्य निशान यात्रा

**जहांगीराबाद ,सीतापुर।** पापांकुशा एकादशी पर शुक्रवार को जहांगीराबाद चौराहे पर स्थित शिव मन्दिर से दोपहर बाद श्री खाटू श्याम भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो देर शाम श्री खाटू श्याम मन्दिर बिसवां पहुंची जहां पूजन अर्चन के बाद आरती सम्पन्न हुई। इस निशान यात्रा में भक्त पीत वस्त्रों में रथ पर श्री श्याम बाबा के शीश को फूलों से सजाकर हाथों में श्री खाटू श्याम का निशान लेकर जयकारे लगाते चल रहे थे। निशान यात्रा में शामिल अवधेश पोरवाल,अमन तिवारी,सोनू शाह, सुनील शाह, दीपक शाह,अमित शाह, आयुष,नीरज नंद, संदीप शाह, राजा पोरवाल, रिषभ पोरवाल, गोपाल गुप्ता, नरेन्द्र निर्मल, प्रशांत श्रीवास्तव लवी व शिवाकांत मिश्र सहित दर्जनों की संख्या में भक्त जिनमें महिलाएं बच्चे और वृद्ध भी शामिल थे 13 किलोमीटर पैदल चलकर डीजे की धुन पर श्री श्याम बाबा के भजनों पर नाचते गाते, जयकारे लगाते बिसवां स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंचे जहां यात्रा का समापन हुआ।

## खमरिया थाना क्षेत्र में प्रतिमाओं का विसर्जन, सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही उजागर

**खमरिया, खीरी।** थाना क्षेत्र के ऐरा शारदानगर पुल के आगे बने तालाबनुमा गड्ढे में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। भक्तजन श्रद्धा भाव से प्रतिमाओं का विसर्जन कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा के मद्देनज़र की गई व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में नजर आ रही हैं।मौके पर तैनात राजस्व विभाग के कर्मचारी और पुलिस स्टॉप तालाब से दूर पंडाल में बैठकर मौज-मस्ती में व्यस्त दिखाई दिए, जबकि नदी किनारे न तो कोई सुरक्षा घेरा बनाया गया और न ही सिपाहियों की तैनाती की गई। इस लापरवाही के चलते नदी किनारे छोटे-छोटे बच्चे खेलते नजर आए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय और उपजिलाधिकारी धौरहरा की बेहतर सतर्कता और निर्देशों के बावजूद, मौके पर मौजूद राजस्व विभाग और पुलिस स्टाफ की उदासीनता से पूरी सुरक्षा व्यवस्था धूमिल होती दिख रही है।

## शारदा बैराज पर डीएम-एसपी ने मूर्ति विसर्जन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**लखीमपुर खीरी।** नवरात्र के समापन और विजयदशमी पर शारदा बैराज का माहौल आस्था और अनुशासन दोनों से सराबोर नजर आया। जय-जयकारों के बीच मूर्तियां नदी में विसर्जित हो रही थीं, डोल-नगाड़े गूंज रहे थे, इसी बीच घाट पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने चल रहे विसर्जन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व यातायात प्रबंधन सहित संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।डीएम, एसपी ने घाट पर पहुंचते ही सबसे पहले मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा घेरा, बैरिकेडिंग, रोशनी और पुलिसकर्मियों की तैनाती से लेकर प्रशासनिक इंतजाम तक सबकी बारीकी से पड़ताल की। घाट क्षेत्र में तैनात अधिकारियों एवं पुलिस बल को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा असुविधा न होने पाए।मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी किनारे गश्त कर रहे गोताखोरों, फ्लड पीएसी की तैनाती और लाइटिंग व्यवस्था पर भी डीएम ने नजर दौड़ाई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि हर श्रद्धालु को सुरक्षित माहौल मिले, किसी को भी असुविधा न हो। नदी किनारे मौजूद गोताखोरों और राहत टीम की तैयारियों को देखकर उन्होंने संतोष जताया।

# धू धू कर जला रावण का पुतला, प्रभु श्रीराम की हुई जय जयकार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रमियाबेहडा, लखीमपुर खीरी। बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक दशहरा मेला रामनगर बगहा मेला मैदान में राम लीला का मंचन दूर दराज से आये लोगों ने देखकर मेले का आनंद उठाया। लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध, कुंभकरण वध के बाद रावण बध तक की लीला को हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र होकर देखा। इस दौरान पढ़ुआ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गये थे। परम्परागत रूप से श्रीरघुनाथ मेला कमेटी द्वारा आयोजित होता आ रहा श्रीराम महोत्सव में जहां कलाकारो ने श्रीराम लीलाओं का मचंन होता है। लीला के दौरान रावण के सभी दैत्य युद्ध लड़ते ही मारे गये। रावण, श्रीराम से युद्ध लड़ रहा था। रावण ने 'नाराच बाण' निकाला और श्रीराम की ओर प्रक्षेपित किया।श्रीराम के सामने यह बाण बेअसर रहा। दोनों तरफ से बाणों की बौछार हो रही थी। समय बीतता जा रहा था, लेकिन रावण कमजोर नहीं हुआ। तब श्रीराम से मतालि ने कहा, 'हे प्रभु रावण का अंत समय आ गया है। श्री राम ने अग्नि से प्रज्ज्वलिल ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया जो रावण की नाभि में समा गया। एक बार विभीषण ने श्रीराम को बताया था कि रावण की नाभि में अमृत कुंड है। यदि इसे नष्ट कर दिया जाए तो रावण की भी मौत हो जाएगी।श्रीराम को यह बात मालूम थी और उन्होंने ऐसा ही किया। रावण निश्चेत होकर युद्ध भूमि में गिर गया। इस तरह रावण रूपी पाप का अंत हो गया। रावण वध के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया।विशालकाय रावण के पुतले में जैसे ही अग्नि बाण मारा गया रावण का पुतला धू-धू जलने के साथ ही आकाशीय आतिश बाजी होने लगी।

# डीएम ने दिखाई रेड क्रॉस राहत वाहन को हरी झंडी, 150 महिलाओं को मिला सहारा

**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन हर पीड़ित के साथ खड़ा है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । मिशन शक्ति के तहत जिला प्रशासन ने रेड क्रॉस सोसाइटी लखीमपुर खीरी के माध्यम से बाढ़ पीड़ित महिलाओं तक राहत सामग्री भेजी। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के राहत सामग्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉ. रविंद्र शर्मा और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आरती श्रीवास्तव मौजूद रहीं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन हर पीड़ित के साथ खड़ा है। जरूरतमंदों तक त्वरित और समुचित सहायता पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रतिबद्धता और सक्रिय योगदान सराहनीय है।यह राहत वाहन सीधे प्राथमिक विद्यालय ग्रट नंबर-12 पहुँचा, जहां रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियो ने करीब 150 बाढ़ प्रभावित महिलाओं को प्रशासन ने त्रिपाल, मच्छरदानी, भोजन पैकेट और फल बांटे।राहत सामग्री पाकर महिलाओं की आँखों में चमक और चेहरों पर मुस्कान आ गई। किसी ने कहा कि छत के लिए त्रिपाल मिल गया, अब बच्चे सुरक्षित रहेंगेङ्क, तो किसी ने भोजन पैकेट हाथ में लेते हुए आभार जताया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी पदाधिकारियों मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में स्थानीय निकायों के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश–2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव प्राप्त करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया**

सम्भल, बहजोई। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जनपद के स्थानीय निकायों के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ बैठक की गयी।

बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव प्राप्त करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन का प्रमुख मिशन है 1- समग्र विकास , 2- आर्थिक नेतृत्व 3- सांस्कृतिक पुनर्जागरण। प्रमुख थीम हैं- अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति। उन्होंने बताया कि क्यूआर कोड़ स्केन कर कोई भी नागरिक 12 सेक्टर जिनमें कृषि, पशुधन, औद्योगिक विकास आईटी ,पर्यटन ,नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना ,संतुलित विकास, समाज कल्याण ,स्वास्थ्य ,शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन शामिल हैं पर अपने सुझाव दे सकता है। एक सिम से अधिकतम तीन सुझाव दिये जा सकते हैं। सुझाव भी अधिकतम 150 शब्दों में दिया जा सकता है। मिशन शक्ति 5.0 अभियान एवं सम्भल संवाद एप के विषय में भी जानकारी दी गयी।

अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निकायों में एक पुस्तकालय का निर्माण कराया जाए तथा इसमें हर आयु वर्ग से संबंधित उपयुक्त पुस्तकें रखी जाएं। जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के विषय में बताया उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत शक्ति पुंज एवं शक्ति सम्मान पुंज बनाये गये हैं। जिलाधिकारी ने सम्भल संवाद एप के विषय में बताया उन्होंने कहा कि इस एप के माध्यम से जनपद की प्रमुख जानकारी प्राप्त होगी तथा जियो लोकेशन के अनुसार विभिन्न विभाग तथा बैंक, एटीएम,आदि की जानकारी प्राप्त हो सकती है। बैठक में उपस्थित नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों तथा पार्षदों से विभिन्न मुद्दों पर सुझाव भी प्राप्त किये गये। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के सीमा विस्तार को लेकर भी चर्चा की गयी। नगर पालिका सम्भल के अन्तर्गत वार्डों में नालियों में गोबर ?बहने की समस्या रखी गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सम्भल को रेललाइन से अन्य जनपदों से जोड़ने को लेकर भी पार्षदों द्वारा सुझाव रखा गया। वार्डों में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने वार्डों में समान रूप से कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बहजोई में कुओं के जीर्णोद्धार को लेकर पार्षद? द्वारा बात रखी? गयी। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलक्टर नीतू रानी तथा निधि पटेल एवं समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष, समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी तथा समस्त नगरीय निकाय के पार्षद उपस्थित रहे।

## डीएम और एसपी ने फीता काट कर पुलिस चौकी का किया शुभारम्भ

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा नगर पालिका सम्भल के अन्तर्गत थाना नखासा क्षेत्र में आने वाले हिन्दुपुरा खेड़ा में नवनिर्मित पुलिस चौकी का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए तथा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत बालिका कु. आयशा के साथ नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काट कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह एवं उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द तथा क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## महाचंडी की शोभायात्रा में झांकियों का प्रदर्शन

अनूपशहर। श्री नर्वदेश्वर अखाड़ा के निर्देशन में महाचंडी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां देखकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध होकर गए।गुरुवार की देर शाम नेहरू गंज स्थित प्राचीन काली मठ से महाचंडी की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ समाज सेवी ध्रुव भारद्वाज, हाईकोर्ट अधिवक्ता उमेश भारद्वाज, सीओ रामकरण सिंह, चेयरमैन बृजेश गोयल, राजू कैटर्स ने संयुक्त रूप से महाचंडी की आरती उतारकर तथा फीता काटकर किया। शोभायात्रा श्री नर्वदेश्वर महादेव अखाड़े के खलीफा अवधेश गर्ग व विकास गर्ग के निर्देशन में निकाली गई। जिसमें महाचंडी का स्वरूप शुभम शर्मा तथा महिषासुर का स्वरूप देव रस्तोगी ने रोमांचकारी तलवारबाजी का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। शोभायात्रा में 10 फुट ऊंचा वनमनुष श्री राम की अयोध्या मंदिर प्रतिमा की झांकी भगवान शिव परिवार जैसी सुंदर-सुंदर झांकियां देखकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। महाचंडी का मुकुट चांदी तथा हाथ में तलवार सोने की थी। भव्य की शोभायात्रा तहसील रोड, शिव चौक, कलां बाजार, आहार गेट होते हुए मां चामुंडा मंदिर परिसर पर संपन्न हुई। अनेकों स्थानों पर श्रद्धालुओं ने महाचंडी काली की आरती उतरकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गयी।

## बुखार के चलते युवक की मौत

**अनूपशहर।** गांव लच्छमपुर निवासी युवक की बुखार के कारण मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव लच्छमपुर निवासी 22 वर्षीय रिजवान पुत्र इकराम अनूपशहर में मोबाइल का कार्य करता था। गुरुवार की देर शाम बुखार आने पर उसने बिना चिकित्सक की सलाह के मेडिकल स्टोर से दवा लेकर सेवन कर लिया। किंतु सुबह दिन निकलते ही रिजवान की अत्यधिक बुखार के चलते मृत्यु हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. पीके मिश्रा का कहना है, कि इस समय बुखार का प्रकोप चल रहा है। चिकित्सालय में हर समय चिकित्सक तथा दवाइयां उपलब्ध हैं। कोई भी व्यक्ति मेडिकल स्टोर से या झोला छाप से दवा लेकर जान का खतरा मोल न ले। किसी भी समस्या होने पर तत्काल चिकित्सालय में संपर्क करे।

## विनीत बंसल बने आढ़ती संगठन के अध्यक्ष

**अनूपशहर।** आढती एसोसिएशन का सर्वसम्मति से चुनाव में विनीत बंसल अध्यक्ष चुने गए। गुरुवार को नवीन मंडी परिसर में आढती एसोसिएशन का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें नवल किशोर गर्ग, दिनेश चंद्र बंसल, अजय शर्मा, पवन सेतुआ (संरक्षक) विनीत बंसल (अध्यक्ष) सतीश चंद्र वार्ष्णेय, विजय मोहन शर्मा (उपाध्यक्ष) गोविंद वार्ष्णेय (महासचिव) शीलेंद्र शर्मा (उप सचिव) मुकेश कंसल (कोषाध्यक्ष) कृष्ण गोपाल अरोड़ा (मीडिया प्रभारी) चुने गए।

## जयंती पर याद किये गये महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री

**अनूपशहर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अनेक संगठनों द्वारा श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। गुरुवार को नगर पालिका परिषद में महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाकर पालिकाध्यक्ष बृजेश गोयल अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी एवं सभासदों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद स्मारक पर कांग्रेस के तत्वाधान में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सलाम खां, राजेश शर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह राघव, बबलू कुरैशी, मोहन सरीन, कौशल शर्मा आदि मौजूद रहे। द गुरुकुल स्कूल में प्रधानाचार्य राधा द्विवेदी ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा में पूरा जीवन समर्पित करने के बाद देश को उचित दिशा प्रदान की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व पालिकाध्यक्ष गोपाल शर्मा की मौजूदगी में डा.बी आर अंबेडकर पार्क पर स्वच्छता अभियान चलाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। गांव सोरला में इन्दिरा गांधी इंटर कालेज में भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

## एनसीसी कैडेट्स ने चलाया गंगा तट पर स्वच्छता अभियान

**अनूपशहर।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने गंगा किनारे सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।गुरुवार को 41 वीं बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल आशीष नौटियाल के निर्देशन में मस्तराम घाट पर के डीपीबीएस कालेज, एलडीएवी कालेज, जेपी विद्या मंदिर, परदादा परदादी कालेज, कांति प्रसाद विद्या मंदिर के 150 एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता अभियान चलाकर वृहद स्तर पर सफाई की। इस अभियान का नेतृत्व करते हुए कैप्टन यजवेन्द्र कुमार ने कैडेटों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई। बटालियन के सूबेदार मेजर धर्मवीर सिंह ने कमान अधिकारी के स्वच्छता संदेश से कैडेटों को अवगत कराया। उन्होंने कैडेटों से आवाहन किया, कि वे समाज में स्वच्छता अभियान को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएं। गंगा में स्नान करने के लिए आए हुए स्नानार्थियों ने कैडेटों का उत्साह वर्धन किया। एवं उनके साथ मिलकर घाट की सफाई में प्रतिभाग भी किया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट धर्मेन्द्र कुमर, थर्ड अफसर ममता रानी, थर्ड अफसर आशा रानी, केयर टेकर किशनपाल सिंह, हवलदार गुरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली

**अनूपशहर ।** श्री महाकाली मंडल के तत्वाधान में महाकाली शोभायात्रा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।बुधवार की देर सांय नगर के प्राचीन काली मठ से महाकाली शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक संजय शर्मा, आर.के बोस, बृजेश गोयल ने संयुक्त रूप से मां काली की आरती उतार कर किया। ठा. करन सिंह अखाड़ा के खलीफा रामसरन शर्मा व राकेश सक्सेना से आशीर्वाद प्राप्त कर महाकाली व महिषासुर स्वरूपो के बीच द्वंद युद्ध का मंचन प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा फुव्वारा चौक, तहसील, शिव चौक, कलां बाजार, गांधी मंडी, आहार गेट होते हुई मां चामुंडा मंदिर पर संपन्न हुई। मेले में ऊंट, घोड़े, शिव बारात, राधा कृष्ण जी का नृत्य, मां दुर्गा द्वारा असुरों का संघार जैसी दर्जनों झाकियां आकर्षण का केंद्र रहे। डीजे और बैंडबाजों की धुनों पर बज रहे भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए नजर आये। मां काली का स्वरूप नवीन शर्मा व महिषासुर का हिमांशु शर्मा ने रोमांचकारी तलवार बाजी का प्रदर्शन कर सबका मन मोहा। श्रद्धालुओं ने जगह–जगह मां काली की आरती उतारकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया। पुलिस प्रशासन कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## डीएम एवं एसपी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**सम्भल, बहजोई।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महात्मा गॉधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रोगियों को फल वितरित किये एवं उनसे वार्ता की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेन्द्र सैनी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने गांधी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लखीमपुर खीरी।** गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर में स्थित गांधी बालोद्यान कन्या जूनियर हाईस्कूल विघालय में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम अनिल कुमार रस्तोगी, उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की नर्सरी की छात्रा ने डीएम का माल्यार्पण किया। विद्यालय के छात्राओं ने रामधुन सहित तमाम देशभक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष/डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी के सत्य अंहिसा तथा शांति के संदेश की प्रासंगिता और अधिक बढ़ गयी है। ऐसे में गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमें तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाए व बच्चें मौजूद रहें।

## जिलें में हर्षोल्लास के साथ मनी गांधी व शास्त्री जयंती

**लखीमपुर खीरी ।** जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूरा जिला दोनों महापुरुषों के जय घोषों से गूंज उठा। राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सुबह स्कूली बच्चों की ओर से प्रभातफ़ेरी निकाल कर सत्य–अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।प्रातः 09 बजे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एडीएम न्यायिक अनिल कुमार रस्तोगी ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों को शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि गांधी व शास्त्री विचारधारा का अनुकरण करना चाहिए, इनके विचारों से समाज में परिवर्तन आयेगा। क्योंकि गांधी गीरी एक भावना हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दिनांक 11 अक्टूबर से शुरू दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन आज जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशों के क्रम मे मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ अन्य विभाग यथा शिक्षा विभाग,पंचायतीराज विभाग,नगर विकास विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, सूचना विभाग,उद्यान विभाग,कृषि विभाग से आये अधिकारी/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही सहयोगी एवं मॉनीटरिंग विभाग यूनीसेफ के प्रतिनिधि डॉ प्रवीन द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वह प्लान के अनुसार ही अभियान में कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही उनके द्वारा नगर विकास एवं पंचायतीराज विभाग को निदेशित किया गया कि मलेरिया विभाग द्वारा जो संवेदनशील ग्रामों व वार्डों की सूची उपलब्ध करायी गयी है उसमें विशेष रूप से कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। डा. पकंज विश्नोई अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी विभागों से अनुरोध किया गया कि वह माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान में कार्य करना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा नगर विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग से अनुरोध किया गया कि वह जिस ग्राम अथवा वार्ड में फॉगिंग , एंटी लार्वा, एक्टीविटी तथा नालियों की सफाई का कार्य सम्पादित करायें वहाँ माईकिंग के द्वारा एनाउंसमेट करा दिया दिया जाये जिससे कि लोग अभियान के लिये जागरूक हो सके। उनके द्वारा यह भी अनुरोध किया गया कि जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर उनके पाट दिया जाये जिससे कि उसमें मच्छर का लार्वा नहीं पनपने पाये। जिससे कि संचारी रोगों पर नियंत्रण किया जा सके।

डा. मनोज कुमार जिला सर्विलांस अधिकारी सम्भल द्वारा चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह आशा द्वारा ई कवच पोर्टल पर जो एण्ट्री की जा रही है उसकी मॉनीटरिंग प्रतिदिन यू.डी.एस'पी पार्टल पर करें साथ ही अभियान के दौरान आशा को जो ज्वर के रोगी,आई.एल.आई.,टी.बी. आदि के रोगी मिले उनकी मलेरिया ,टी.बी. आदि की जाँच प्रत्येक दशा में करायी जाये। डॉ प्रवीन कुमार यूनीसेफ प्रतिनिधि द्वारा अभियान के सम्बन्ध में ब्लाक स्तर पर जो बैठके हुई है उनके सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।साथ ही विभागवार जो कार्य सम्पादित कराये जाने है उनके सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दुर्ग नरायन सिंह के आदेशानुसार व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संभल स्थित चंदौसी, श्री विभांशु सुधीर के निर्देशन में आज दिनांक-03.10.2025 को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत बाबूराम सरस्वती इण्टर कॉलेज चंदौसी जनपद संभल में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न प्राविधानों का प्रचार-प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, बाल विवाह निषेध, महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई। तथा अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहनें व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल श्री चंद्रपाल सिंह, असिस्टेंट श्री मयंक गोयल, पैनल लॉयर श्री प्रदीप मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता श्रीमती नीलम वार्ष्णेय, पीएलवी श्री अतुल कुमार, अध्यापिका कु. शीलत रानी, श्रीमती सोनम आदि उपस्थित रहे।

# अवैध मैरिज हॉल पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। गुरुवार को जिला प्रशासन ने अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए असमोली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राया बुजुर्ग में बने एक अवैध मैरिज हॉल को जमींदोज कर दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की मौजूदगी में अंजाम दी गई। सुबह से ही इलाके में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई थी। जैसे ही मैरिज हॉल पर बुलडोजर चला, आसपास के क्षेत्र में सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात की थी।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह मैरिज हॉल पूरी तरह बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध बनाया गया था। मालिक को कई बार नोटिस देकर चेताया गया, लेकिन जब उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए और न ही निर्माण हटाया गया तो अंततः जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बुलडोजर चला दिया। इस कार्रवाई को देखने के लिए आसपास से भारी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने प्रशासन के कदम का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसे अवैध निर्माण, जो नियम-कानून को दरकिनार करके किए जाते हैं, उन पर यही कार्रवाई होनी चाहिए। जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया ने साफ किया कि जनहित और कानून व्यवस्था को देखते हुए अवैध निर्माण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि अवैध निर्माण कराने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। संभल में बुलडोजर की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण कराने वालों में हड़कंप है, जबकि आमजन इसे प्रशासन का साहसिक कदम मानते हुए स्वागत कर रहे हैं।

# आईसीडीएस योजना ने पूरे किए 50 वर्ष, रायबरेली में भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। आंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण एसोसिएशन रायबरेली द्वारा आईसीडीएस (इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विसेज) की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर विकास भवन प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संयुक्त रूप से मनाया गया, जिससे यह आयोजन और भी ऐतिहासिक बन गया। इस अवसर पर जिलेभर से लगभग 500 आंगनबाड़ी बहनें एकत्रित हुईं और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बीना सिंह ने की, जबकि संरक्षक विक्रम सिंह ने अपने संबोधन से सभी का मनोबल बढ़ाया। बीना सिंह ने कहा कि पचास वर्षों की इस यात्रा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने समाज में बच्चों और महिलाओं के पोषण, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने इसे पूरे संगठन और समाज के लिए गर्व और आत्मचिंतन का अवसर बताया। संरक्षक विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को चाहिए कि इस ऐतिहासिक अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक मानदेय प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर समाज को सेवा देने वाली आंगनबाड़ी बहनों का योगदान अद्वितीय है और उनके श्रम एवं समर्पण का उचित मूल्यांकन होना समय की आवश्यकता है। उनके इस वक्तव्य का उपस्थित कार्यकर्ताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।इंसेट - महामंत्री स्नेह लता सिंह ने कहा कि आईसीडीएस योजना ने पूरे देश में पोषण और शिक्षा की अलख जगाई है और इसकी वास्तविक सफलता आंगनबाड़ी बहनों की मेहनत और निष्ठा का परिणाम है। वहीं कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी बहनें समाज की रीढ़ हैं, जो नन्हे बच्चों का भविष्य संवारने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी सराहनीय भूमिका निभा रही हैं।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर सपा की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। 2 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक डीएम कार्यालय के पास कैम्प कायकाल में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव (चंदौसी) और पूर्व प्रत्याशी विमलेश कुमारी सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के लिए लंबा संघर्ष और आंदोलन किया, जिसके परिणामस्वरूप देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने ''जय जवान, जय किसान'' का नारा देकर समाज को मजबूती प्रदान की और देशहित में महत्वपूर्ण कार्य किए। बैठक में शारदा यादव, शोभित कुमार काका, ओमप्रकाश प्रजापति, सदाम कुरैशी, निसार अहमद, रोहिन सिंह यादव एडवोकेट, मा. अकिल साहब, संजय मदान, अन्ना सभासद, रिंकू चौहान, राजेश चौहान, एडवोकेट जितेंद्र जाटव, मनोज शर्मा, रतनेश भारती, कमल शर्मा, अशोक गुप्ता, मुकेश यादव, अशोक राणा, एडवोकेट गुड्डू, पप्पू शर्मा, अवधेश यादव, हो राम सिंह जाटव, लाइक सिंह, रवेन्द्र पाल, पंकज बाल्मिक, आकाश शंखधार, नानू, साबिर खान, आसिफ इकबाल, वीरपाल यादव, भुरे यादव, शाहबाज, चेतन गुप्ता, सुनील कुमार, शेख सद्दन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गांधी एवं शास्त्री के जंयती पर पुष्प अर्पित कर किया गया मालार्पण

चंदौसी। दो अक्टूबर को चंदौसी स्थित फब्बारा चौक गांधी प्रतिमा पर गांधी जयंती पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर माला अर्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किएराष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन करते कांग्रेस निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा सत्य, अहिंसा और सौहार्द के सिद्धांतों से भारत को एकजुट करने वाले बापू के आदर्श हमें नफ़रत के सामने शांति, भाईचारे, सच्चाई और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे।जय जवान, जय किसान का नारा देकर देश को नई दिशा देने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।उनकी सादगी, विनम्रता और देशवासियों के अधिकारों के लिए उनका अटूट संकल्प हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।पूर्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मीनू शर्मा जिलाउपाध्यक्ष मुनेश कुमार जोशी जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार सिंह जिलाउपाध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह पूर्व जिला सचिव डॉक्टर रामगोपाल एडवोकेट पूर्व जिला महासचिव मोहम्मद अब्बास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## गांधी और शास्त्री के जीवन से लें प्रेरणा : डीएम

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने जीवन से हमें सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यक्षेत्र और जीवन में भी इन सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहिए, ताकि हम इन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकें। डीएम ने कहा कि यह दिन केवल उनके जन्मदिवस का उत्सव नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों को याद करने और उन्हें जीवन में उतारने का अवसर है। कार्यक्रम में रामधुन का वादन भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव ने भावपूर्ण देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावनाओं से भर दिया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ कलेक्ट्रेट में मनाया गया गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। दो अक्टूबर के अवसर पर कलक्ट्रेट परिसर एवं जनपद के विभिन्न कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी एवं देश के दुसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कलक्ट्रेट परिसर में सर्वप्रथम जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा महात्मा गॉधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की तस्वीरों पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारी गणों एवं कर्मचारियों द्वारा भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी के स्टेनो पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अपने दायित्वों को अच्छे से निर्वाहन करना चाहिए। डिप्टी कलक्टर रामानुज ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गॉधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी देशभक्ति की प्रमुख मिसाल थे।इन्होंने रामराज्य पर भी अपने विचार प्रस्तुत किये। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि देश के राष्ट्रीय पर्वों की बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए तथा इसके लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए । परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश अ2047 को लेकर कहा कि हमें अधिक से अधिक लोगों को अपने सुझाव देने के लिए जागरूक करना चाहिए। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने कहा कि सभी को अच्छे विचारों के साथ कार्य करना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही स्वदेशी उत्पाद बनाने वालों को भी बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ईमानदारी एवं सादगी के प्रतीक थे सभी को इनके बताये पथ पर चलना चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस महात्मा गॉधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती एवं दशहरा पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रम एवं दर्शन पर भी प्रकाश डाला एवं उन्होंने कहा कि हमें गांधीजी के रचनात्मक कार्यों से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी आज भी प्रासंगिक हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि परिश्रम प्रार्थना करने के समान है। हमें स्वाध्याय करते रहना चाहिए तथा अध्ययन का दायरा बढाना चाहिए। उन्होंने स्वदेशी को लेकर कहा कि स्वदेशी किसी भी देश को समृद्ध बनाने की सबसे बड़ी अवधारणा है। जिलाधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 को लेकर भी कहा कि सुझाव देने के लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार एवं कलक्ट्रेट एवं विकास विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# गोंडा जंक्शन पर फूड सेफ्टी की अनदेखी, यात्रियों की सेहत पर खतरा

**रेलवे प्रशासन की समय - समय पर की जाने वाली जांच और कार्रवाई भी इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। जंक्शन के खानपान स्टालों पर अवैध वेंडरों की बढ़ती गतिविधियां यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही हैं। बिना अनुमति और लाइसेंस के वेंडर प्लेटफार्म पर खुलेआम खाद्य सामग्री बेचते नजर आते हैं,इससे न सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सेहत पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। रेलवे प्रशासन की समय - समय पर की जाने वाली जांच और कार्रवाई भी इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। स्टेशन पर सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि गोण्डा रेलवे स्टेशन पर अधिकृत वेंडर और अनअधिकृत वेंडर की पहचान नहीं होती है,अधिकृत और अनअधिकृत एक ही तरीके की वर्दी पहने रहते है किसी के पास मेडिकल कार्ड नहीं दिखाई देता है,वही बिना लाइसेंस वाले अनअधिकृत वेंडर प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाते हैं और घटिया क्वालिटी का सामान ऊंचे दामों पर बेचते हैं।कई बार खाने-पीने की चीजें खुले में रखी जाती हैं,जिससे संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

### गोंडा जंक्शन पर स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा

स्टेशन परिसर में बिक रहे खाद्य पदार्थ न तो फूड सेफ्टी मानकों पर खरे उतरते हैं और न ही स्वच्छता का पालन किया जाता है। गंदे बर्तनों में परोसा गया खाना,बिना ढके हुए खाद्य पदार्थ और संदिग्ध क्वालिटी की सामग्री यात्रियों की सेहत के लिए खतरा साबित हो रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक,ऐसी स्थिति में फूड प्वाइजनिंग और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

### जंक्शन पर वैध वेंडरों पर भी उठ रहे सवाल

गोंडा जंक्शन पर सिर्फ अवैध वेंडर ही नहीं, बल्कि कई अधिकृत वेंडर भी नियमों की अन देखी करते देखे जाते हैं। इनमें पैकेजिंग, दर सूची प्रदर्शित करने और समय-समय पर भोजन बदलने जैसी शर्तों का पालन नहीं होता। यात्रियों को बिना जांचे-परखे भोजन परोसना आम हो गया है।

### गोंडा जंक्शन से जनता खाना गायब

यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू किया गया जनता आहार यानी जनता खाना गोंडा जंक्शन से गायब हों गया है।रेलवे ने इसकी शुरुआत करते समय जमकर प्रचार-प्रसार किया था,जो अब मिलना बंद हो गया है।दरअसल रेलवे ने स्टेशन पर जनरल कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए जनता खाना की शुरुआत की थी,यह खाना कोच के सामने उपलब्ध कराया जाता था।अधिकारी लगातार निगरानी नहीं करते हैं, जिससे कैंटीन संचालक ने जनता खाना देना बंद कर दिया है,जिससे एक बार फिर यात्रियों को स्टेशन पर महंगा खाना लेकर खाना पड़ रहा है। स्लीपर और एसी कोच में पैंट्रीकार होने से इन कोचों में यात्रियों को आसा नी से भोजन उपलब्ध हो जाता है,लेकिन जो यात्री जनरल कोच में यात्रा करते हैं, उन्हें कई स्टेशनों तक खाना नसीब नहीं होता है, इसलिए रेलवे ने इसकी शुरुआत की थी, जिसे कैंटीन संचालकों ने मनमर्जी से बंद कर दिया है. पिछले कई दिनों से गोंडा जंक्शन के किसी भी प्लेटफॉर्म पर जनता खाना बिकता हुआ नजर नहीं आता है। ऐसा ही एक मामला एक नंबर प्लेटफार्म के मुख्य गेट पर देखने के लिए मिला जब एक महिला,पुरुष जननायक एक्सप्रेस से सफर करके गोंडा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।उन्होंने स्टॉल संचालक से जनता खाना मांगा, लेकिन उसने उपलब्ध होने से मना कर दिया और उसे 50 रुपए में पूरी, सब्जी दी।जबकि उन्हें यह भोजन 15 रुपए में दिया जाना था।

### जंक्शन पर कार्रवाई महज औपचारिकता

रेलवे प्रशासन और आरपीएफ समय-समय पर छापामार कार्रवाई करते हैं, लेकिन ये अभियान महज औपचारिकता तक ही सीमित रहते हैं। अवैध वेंडरों को पकड़ने के बाद अक्सर छोड़ दिया जाता है और कुछ ही दिनों में वे दोबारा सक्रिय हो जाते हैं।यही कारण है कि समस्या स्थायी रूप से खत्म नहीं हो पा रही है।

# डांस को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, गोली चलने से इलाके में दहशत का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिवा बख्तावर गांव में गुरुवार देर रात दो पक्षों के बी च मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।देखते ही देखते बात गाली-गलौज से मारपीट और फि र फायरिंग तक जा पहुंच गईं।घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। गोली लगने का आरोप, एक घायल गंभीर हंगामे के दौरान एक युवक ने दावा किया कि उसे पैर में गोली लगी है, जबकि दूसरे पक्ष से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि गोली लगने की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट आ ने के बाद ही हो सकेगी।मौके पर पहुंची पुलिस, किया स्थिति नियंत्रित घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और दो नों पक्षों को शांत कराया गया। इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसे नियंत्रण में लेने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।पुलिस अब मामले की विवेचना में जुट गई है और दो षियों की पहचान की जा रही है।गोंडा जिले के पूरे शिवा बख्तावर गांव में गुरुवार की रात दो पक्षों के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।देखते ही देखते बात गाली-गलौज से मारपीट और फिर फायरिंग तक जा पहुंची। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया है।घटना के बाद गांव में भय और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग घटना को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं और एक ही सवाल पूछ रहे हैं,आख़िर गांव में यह हिंसा क्यों...? पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# समायोजन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं से मांगे गये आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बाल विकास परियोजना कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की मानदेय पर संविदा आधारित नियुक्ति के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत समस्त शासनादेशों को अवक्रमित करते हुए नवीन चयन प्रक्रिया प्रख्यापित की गई है**

बहराइच । जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि 17 सितम्बर, 2025 द्वारा समन्वित बाल विकास परियोजना कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की मानदेय पर संविदा आधारित नियुक्ति के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत समस्त शासनादेशों को अवक्रमित करते हुए नवीन चयन प्रक्रिया प्रख्यापित की गई है। नवीन व्यवस्था के अनुसार सर्वप्रथम आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिकाओं के समायोजन की कार्यवाही की जायेगी।

डीपीओ ने बताया कि यदि कोई कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री या सहायिका शादी के पश्चात ससुराल में निवास कर रहीं है, तो उसकी ससुराल की ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों) में पद रिक्त होने पर आरक्षण का ध्यान रखते हुए जनपद के अन्दर होने की स्थिति में जिलाधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर समायोजित किया जायेगा। जबकि जनपद के बाहर समायोजन की स्थिति में तैनाती जनपद की बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के अनुमोदन एवं जिस जनपद में समायोजन होना है, उस परियोजना के बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त आरक्षण का ध्यान रखते हुए समायोजन किया जायेगा।यदि जनपद के अन्तर्गत कोई दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका परस्पर समायोजित की जा सकती है, तो इस सम्बन्ध में उनका प्रार्थना पत्र प्राप्त कर निवास प्रमाण पत्र की पुष्टि के पश्चात जिलाधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करते हुए समायोजित किये जाने पर विचार किया जायेगा। उक्त स्थिति में यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि ये वर्तमान समय में यहां की निवासी हो तथा किसी भी दशा में आरक्षण प्रभावित नहीं हो। एक आंगनबाड़ी केन्द्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के पद पर नहीं की जायेगीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि समायोजन हेतु इच्छुक जनपद की समस्त बाल विकास परियोजनाओं में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकायें 05 अक्टूबर 2025 तक अपना प्रार्थना पत्र सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय/जिला कार्यक्रम कार्यालय बहराइच में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि के उपरान्त समायोजन हेतु प्राप्त किसी भी प्रार्थना पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## स्थायी लोक अदालत में अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ

बहराइच । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने बताया कि मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा 12 जिलों के स्थायी लोक अदालत में अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया 01 अक्टूबर 2025 से प्रारम्भ की गयी है, जिसमें आवेदन की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित है। यह नियुक्ति 05 वर्ष के लिए या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, के लिये किया जायेगा। इच्छुक आवेदनकर्ता शर्ते, पूर्ण अर्हता एवं आवेदन पत्र जमा करने के संदर्भ विस्तृत विवरण की जानकारी उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की वेबसाइट उत्तरप्रदेश डाट नालसा डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

# जादूगर मिस्टर इंडिया को मिला 'इंटरनेशनल ग्लोरी ऑफ आर्ट अवॉर्ड'

**शांति फाउंडेशन के अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में हुआ भव्य सम्मान, सामाजिक संदेशों को लेकर जादुई कला की सराहना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शांति फाउंडेशन द्वारा दो अक्टूबर गुरुवार को शांति मेमोरियल स्कूल अशोकपुर टिकिया वजीरगंज (गोण्डा) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह'' में जादू और समाजसेवा के अद्भुत संगम के प्रतीक बने ख्याति प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया को ''इंटरनेशनल ग्लोरी ऑफ आर्ट अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें राष्ट्र निर्माण, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। अपनी जादुई प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या,दहेज एक अभिशाप,नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी देवी के नेतृत्व में किया गया,जिसमे मुख्य अतिथि उमेश कुमार यादव (लुंबिनी, नेपाल) एवं डॉ. केतन कुलकर्णी (कनाडा) की गरिमामयी उपस्थिति रही,तथा देश-विदेश से आए विद्वानों, साहित्यकारों, कलाकारों व समाजसेवियों ने भाग लिया।सम्मान पत्र के माध्यम से संस्था द्वारा कहा गया कि ‟आप जैसे समाजसेवी अपने कर्तृत्व और व्यक्तित्व से समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। आपकी सरलता, अनुशासन, निष्ठा और परिश्रम वास्तव में अविस्मरणीय हैं। ऐसे महान व्यक्तित्व को सम्मानित कर शांति फाउंडेशन स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है।” इस अवसर पर शांति फाउंडेशन परिवार ने उन्हें साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समाज में सकारात्मक बदला व लाने के उनके प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।

# नशा पर लगाम और हरियाली का संदेश, सैकड़ों लोगों ने लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। पौराणिक बाबा परमहंस मंदिर परिसर में भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में विषमुक्त खेती, नशा मुक्त गांव विषय पर चौपाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नशा उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कहा कि नशा समाज के लिए घातक है और इसके अवैध कारोबार पर जन संवाद व सहयोग से ही अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने आयोजकों को साधुवाद दिया। ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ने भी जन सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। किसान परिषद प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि परिषद अवैध नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रही है तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु पंचवटी व हरिशंकरी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। संघ विचारक सर्वेश जी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार देने की जरूरत बताई।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर शर्मा (प्रबंधक, लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) ने की, संचालन जिला संयोजक शिव पूजन सिंह और धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक संयोजक दुर्गेश वर्मा ने किया। इस मौके पर समाजसेवी ललित त्रिपाठी, सुरेंद्र शुक्ला, राजेश सिंह, पर्यावरणविद छेदा खां, चंद्र प्रकाश मिश्र, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में नशा उन्मूलन हेतु जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया।

# फिल्म 'दबंग लुटेरे' की शूटिंग पूरी, इंस्पेक्टर की भूमिका में दिखेंगे उमर खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सिनेमा की जगमगाती दुनिया में अब लखीमपुर और पीलीभीत की धरती भी चमकने लगी है। उस्मानी फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म दबंग लुटेरे की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। यह शूटिंग लखीमपुर में लगातार 12 दिन और पूरनपुर (पीलीभीत) में 6 दिन चली। फिल्म की खासियत यह रही कि इसमें बड़े सितारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिला। मुख्य कलाकारों में अली खान, अयाज़ खान, उमर खान और अरफ़ात उस्मानी शामिल हैं। फिल्म के हीरो की भूमिका रविंद्र यादव और हिरोइन की भूमिका परी सिंह निभा रही हैं। फिल्म का निर्माण अरफ़ात उस्मानी व रविंद्र यादव ने किया है जबकि निर्देशन बबलू और विशाल सिंह ने संभाला। कैमरा संचालन नितिन कुमार ने किया। बहराइच के गायघाट निवासी उमर खान इस बार इंस्पेक्टर एस.के. सिंह के दमदार किरदार में नज़र आएंगे। उमर खान का मानना है कि किरदार बड़ा या छोटा नहीं होता, बल्कि उसकी गहराई और अदायगी ही दर्शकों के दिलों में जगह बनाती है। गुजराती फिल्मों में सरहद नी पार मारी राधा और गोविंद ठाकोर रखवालो से लेकर भोजपुरी फिल्म वीर अर्जुन और विजयपथ तक, उमर खान ने अपनी अदाकारी से दर्शकों को प्रभावित किया है। वहीं हिंदी फिल्म एक और शहीद हेमू कालानी आज भी यूट्यूब पर दर्शकों की पसंद बनी हुई है। कैनविज टाइम्स संवाददाता सरफराज सिद्दीकी से फोन पर बातचीत में एक्टर उमर खान ने बताया कि दबंग लुटेरे जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। इसके साथ ही वे करीब दो हफ्तों में शाहजहांपुर में एक नई फिल्म की शूटिंग के लिए वह रवाना होंगे। वहीं निघासन (पलिया) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में वे बतौर मुख्य अतिथि भी शामिल होंगे।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान युवक की डूब कर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के दौलतपुर ग्रांट में शुक्रवार को युवक का शव बरामद हुआ है।गुरुवार रात को मूर्ति विसर्जन के दौरान युव क नदी में डूब गया था। यह घटना दशहरे के अवसर पर भालू कोनी नदी पर हुई।मृतक की पहचान 22 वर्षीय मोहित पुत्र नंदकिशोर,निवा सी दौलतपुर ग्रांट खलंगवा के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, मोहित गुरुवार देर शाम मूर्ति विसर्जन के लिए कुआनो नदी के भालू कोनी घाट पर गया था।देर शाम उसके नदी में डूबने की सूचना मिली।गोताखोरों की मदद से रात भर खोजबीन की गई, लेकिन शव नहीं मिल सका। शुक्रवार सुबह गोताखोरों ने फिर से खोजबीन शुरू की, जिसके बाद मोहित का शव मूर्ति के नीचे दबा हुआ मिला। पुलिस ने शव को नदी से निकालकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि युवक की मौत गुरुवार देर शाम नदी में डूबने से हुई थी। शव को शुक्रवार सुबह बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना की जानकारी मिलने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने पी ड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

# श्री राम के अग्निबाण चलाते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा

**असत्य पर सत्य,बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व जनपद में धूमधाम से मनाया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। असत्य पर सत्य,बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व गुरुवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अग्निबाण चलाते ही लगभग 55 फिट का रावण का पुतला,मेघनाद व कुम्भकर्ण का पुतला धू-धू कर जल गया और इस तरह एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ ही अनाचार पर सदाचार की विजय और असत्य पर सत्य की जीत हुई।रावण दहन के बाद आकर्षक जमकर आतिशबाजी की गई जो आकर्षण का केन्द्र रही।इस दौरान जनप्रतिनिधियों,पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपदवासियों को विजयदशमी की बधाइयां दीं। ग्रामीण अंचलों में भी दशहरे की धूम रही। दशहरा के दिन रामलीला में राम और लक्ष्मण मैदान पहुंचे। इससे पूर्व प्रकांड विद्वान रावण ने राम से युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए शिव की आराधना कर विजय का आशीष मांगा। राम-रावण युद्ध से पूर्व हुई लीला में कुम्भकर्ण और मेघनाथ भी मारे गए। इसके बाद राम और रावण का युद्ध शुरू हुआ। घंटों चले युद्ध के बाद राम के एक साथ 21 बाण छोड़े जाने पर रावण के नाभि का अमृत सूख जाता है।उसके दसों सिर और दसों भुजाएं कट गई। इसी के साथ रावण का अंत हो गया। रावण का वध होते ही पूरा रामलीला मैदान भगवान राम के जयकारों से गूंज उठता है। बाद में रावण का पुतला दहन हुआ। श्री राम के अग्निबाण चलाते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। नगर में हुए दशहरा मेले में को रावण वध का सजीव मंचन किया गया। प्रख्यात रामलीला का मंचन मथुरा-वृंदावन से आयी टीम ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला में मेघनाद, कुंभकर्ण वध के बाद रावणवध की लीला का कलाकारों ने सजीव मंचन किया।कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड,सदर विधायक अनुपमा जायसवाल,नगर पालिका चैयरमेन सुधा टेकड़ीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी पद्मसेन चौधरी,विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार,प्रान्तीय समरसता प्रमुख राज किशोर,जिला प्रचारक अजय कुमार,एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी,विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय,जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ,एसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा,सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ,सीओ सिटी पहुप सिंह,ईओ प्रमिता सिंह ने उपस्थित लोगों से अपने अंदर मौजूद अहंकार जैसी बुराई को छोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राम लीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने किया।

## जुम्मे की नमाज पर गोंडा पुलिस अलर्ट



गोंडा। जिले में जुम्मे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है। देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक कमि श्नर शशि भूषण लाल सुशील और गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने भारी पुलिस बल के साथ चौक इलाके में पैदल मार्च किया है।सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए शांतिपूर्ण नमाज संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों की ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात हैं ताकि किसी भी प्रकार की दिक्कत या विवाद से बचा जा सके। बीते दिनों बरेली में हुई हिंसा के मद्देनजर गोंडा प्रशासन विशेष रूप से सत र्क है और सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

# दशहरा पर्व पर आयोजित किया गया शस्त्रपूजन समारोह

**पुरोहित ने मंत्रोच्चारण के साथ पहले हवन पूजन कराया और फिर शस्त्रों की पूजा कराई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में गुरुवार को दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया। पुरोहित ने मंत्रोच्चारण के साथ पहले हवन पूजन कराया और फिर शस्त्रों की पूजा कराई। इस अवसर पर बताया गया कि महाराणा प्रताप ने हल्दी घाटी का युद्ध जीतने के बाद विजय पताका फहराने के साथ ही शस्त्रों का पूजन किया था। तभी से क्षत्रिय समाज प्रति वर्ष दशहरा पर शस्त्र पूजन की परंपरा निभा रहा है।आज गुरुवार को दोपहर 1 बजे सुफीपुरा स्थित सुखदराज सिंह क्षत्रिय भवन में शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व महाराणा प्रताप के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पुरोहित ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया। इसके बाद सभी लोगों ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कहा कि आज के दिन असत्य पर सत्य की जीत हुई थी। महाराणा प्रताप जी ने हल्दी घाटी युद्ध जीतकर विजय पताका फहराने के साथ ही शस्त्र पूजन किया था तब से क्षत्रिय समाज हर साल इस पर्व पर शस्त्र पूजन करता चला आ रहा है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह,प्रेम सिंह ,शिवेंद्र सिंह,देवानंद सिंह,अजय सिंह अज्जू, मनीष सिंह ,मुकेश सिंह,मानवेंद्र सिंह मन्नू,संजय सिंह,देवानंद सिंह , मेजर राणा शिवम सिंह,सभासद आशीष सिंह, सभासद राजीव सिंह जीतेन्द्र सिंह ,दयाशंकर सिंह ,कृष्ण पाल सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

# नगरवासियों को मिली गांधी पार्क की सौगात, केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।लंबे समय इंतजार के बाद नगर के गांधी पार्क को खोल दिया गया है रिनोवेशन के बाद गुरुवार को गांधी पार्क का लोकार्पण किया गया मंत्री जितिन प्रसाद ने पार्क का लोकार्पण किया है मंत्री ने पार्क में नए सिरे से बनाए गई भारत माता,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा का भी लोकार्पण किया नगर पालिका परिषद की ओर से शहर के गांधी पार्क को दोबारा विकसित किया गया है पार्क के रिनोवेशन में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने लाखो खर्च किए है शहर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद की ओर से कार्य किए जा रहे है, पार्क के खुलने से आमजन को फायदा होगा सभासदों ने कहा कि गांधी पार्क शहर का सबसे पुराना पार्क था, शहर का हृदय है, आमजन की सुविधा के लिए पार्क को दोबारा डवलप किया गया है, पार्क में रंगीन रोशनी की लाइटों के साथ पार्क की चारदीवारी नए सिरे से बनाई गई है, फव्वारे व लाइटिंग नए तरीके से तैयार की गई है। पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नई प्रतिमा स्थापित की गई है। पार्क में बड़ी संख्या में कीमती पौधे लगाए गए है। इसके अलावा गार्डन व ट्रेक भी बनाया गया है चेयरमैन ने कहा पार्क खुलने से बच्चों और बुजुर्गों से लेकर हर वर्ग को फायदा मिलेगा वही केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक दिवसीय दौरे पर कई कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने जीएसटी की दरों में कटौती पर संवाद किया शहर में घूमकर व्यापारियों से मुलाकात की और दुकानों पर स्टीकर भी चिपकाए उन्होंने सभी लोगों से जीएसटी की कम दारों पर सामान बिक्री करने की बात कही इसके बाद जीएसटी बचत उत्सव के रूप में दुकानों पर केंद्रीय राज्य मंत्री पहुंचकर वस्तुओं के मूल्यों हुई छूट पर वार्ता की इसके बाद बह सीधे अमिताभ मिश्रा के घर पहुंचकर उनके बेटे की इलाज के दौरान मौत हुई थी मंत्री ने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की उनके परिवार को सांत्वना दी इसके बाद पूरनपुर मे चैतन्य टेक्नो स्कूल मे एमएलए विंटर कप 2025 सीजन फोर का फीता काटकर शुभारंभ किया सभी कार्यक्रमों मे ज्यादातर भाजपाई शामिल रहे भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एमएलसी सुधीर गुप्ता,विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पाण्डेय, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, हर्ष प्रधान, संजीव त्रिवेदी, सरोज वाजपेयी,प्रफ्फुल मिश्रा,अनुराग अग्निहोत्री,देव स्वरूप पटेल, व्यापार मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, विजय नागी, दुर्वेश मिश्रा, सुभाष मिश्रा, अशोक खंडेलवाल, सहित पूरे क्षेत्र भर के तमाम लोग मौजूद रहे।

# गांधी जयंती पर महिला आयोग की सदस्य ने किया कन्या पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर तहसील गौरीगंज के प्रांगण में मिशन शक्ति अभियान थीम ल्लसशक्त नारी, समृद्ध प्रदेशङ्क के तहत कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने सत्तासी बालिकाओं का कन्या पूजन कर उन्हें चुनरी पहनाई गई तथा स्टेशनरी किट, थाली, चम्मच, फल और पूड़ी-हलवा का लंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर माहौल श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा।इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से सम्बंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। इसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना से जुड़े पम्पलेट वितरित कर जनजागरूकता बढ़ाई गई। डॉ. प्रियंका मौर्या ने कहा कि ल्लकन्या पूजन भारतीय संस्कृति का एक सशक्त प्रतीक है, जो हमें 'नारी सम्मान' और 'नारी शक्ति' का संदेश देता है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य केवल महिलाओं की सुरक्षा ही नही बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है।जब हमारी बेटियां शिक्षित और सशक्त होंगी तभी प्रदेश और देश समृद्धि की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी, वन स्टाप सेंटर की मैनेजर गायत्री देवी, इंस्पेक्टर कंचन सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद में देश के दो महापुरुषों की जयंती आज भव्यता पूर्वक मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, जहां गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया, वही लाल बहादुर शास्त्री जी ने सौम्यता एवं शालीनता का, इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने के उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी जी का प्रिय भजन ''रघुपति राघव राजा राम'' सहित अन्य भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः परमानंद मिश्रा, राजेश सिंह, चंद्रभान यादव, श्याम सुंदर गुप्ता व पूजा शुक्ला को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी एक व्यक्ति नहीं विचार थे और विचार कभी मरते नहीं, उनके विचार आज भी जिंदा है और हम सब उनके विचारों, आदर्शों पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के बारे में कहा गया है कि ''दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल साबरमती के हंस तूने कर दिया कमाल'' उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने के लिए किसी शास्त्र को नहीं बल्कि अपने अंदर के आत्म बल और सहनशीलता को अपना हथियार बनाया और अहिंसा के बल पर लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आज हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है क्योंकि यह हमें दो महान व्यक्तियों के जीवन, विचारों और आदर्शों को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है।

# महिला थानाध्यक्ष ने ट्रेन में भटक रही बुजुर्ग महिला को एक घण्टे में परिजनों को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । महिला थाना पुलिस ने ट्रेन में भटक रही एक अस्सी वर्षीय बुजुर्ग महिला को उसके परिजनों से सम्पर्क कर मात्र एक घण्टे में उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर मुस्कान लौटाई गई है।वाराणसी लखनऊ इंटर सिटी ट्रेन में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति द्वारा पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के सीयूजी नम्बर पर सूचना दी गयी कि मेरे साथ ट्रेन में एक अस्सी वर्षीय बुजुर्ग महिला बैठी हैं जो करीब तीन चार दिनों से भटक रही हैं।उक्त सूचना का त्वरित संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह को आवश्यक आदेश निर्देश देते हुये रेलवे स्टेशन गौरीगंज पहुंचने हेतु बताया गया।महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा तत्काल रेलवे स्टेशन गौरीगंज पहुंचकर ट्रेन आने का इंतजार करने लगी। ट्रेन आने पर बुजुर्ग महिला को सकुशल ट्रेन से उतारकर सुरक्षा व विश्वास का भाव दिखाते हुये महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह हमराही रोशनी मिश्रा आकांक्षा द्वारा उनसे परिजनों के बारे में जानकारी ली गई व उनका कुशलक्षेम पूंछा गया जानकारी करने पर पता चला कि उनका नाम पार्वती पत्नी स्वर्गीय रामदुलारे है जो थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना के निजामुददीनपुर की रहने वाली हैं व हरियाणा से मुसाफिरखाना आ रही थी और भटक जाने के कारण घर नहीं पहुंच पा रहीं थी। महिला थाना द्वारा मात्र एक घण्टे में उनके परिजनों से सम्पर्क कर सकुशल सुपुर्द किया गया।उनके परिजनों के द्वारा अमेठी पुलिस के इस सराहनीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी व धन्यवाद दिया गया।

## फांसी के फंदे से युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

शुकुल बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव पूरे निहाल मजरे सेवरा में एक बीस वर्षीय युवक का शव उसके घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे निहाल मजरे सेवरा निवासी देवगन चौहान पुत्र कृष्ण गोपाल का शव शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी के फंदे से लटका मिला शव मिलने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गये और पूरे घटना क्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।परिजनों का आरोप है कि गांव का ही रहने वाला गौतम पिछले तीन दिनों से देवगन को जान से मारने की धमकी दे रहा था। मृतक के परिवार के सदस्य राकेश ने बताया कि एक दिन पहले भी विनोद ने घेरकर मारने की कोशिश की थी जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान से भी की गई थी परिजनों का दावा है कि आरोपी ने देवगन की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा समस्त पहलुओं की जांच की जा रही है।

## युवक की बेल्ट से पिटाई करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

अमेठी । थाना जामो क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा युवक की बेल्ट से पिटाई करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है वहीं पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना जामो क्षेत्र के गांव पूरे दिनई मिश्र निवासी शशांक मिश्रा पुत्र स्वर्गीय राजेश मिश्रा ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह बाजार कोल्ड ड्रिंक खरीदने गया था तभी उसे एक युवक द्वारा अपने घर पर बुला लिया गया और बेल्ट से उसकी जमकर पिटाई कर दी गई जिससे उसकी शरीर पर निशान भी बन गये। युवक की पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने पीड़ित युवक शशांक मिश्रा की तहरीर पर अमरेंद्र सिंह पुत्र अम्बिका सिंह व भूपेंद्र सिंह निवासीगण बाजगढ़ मजरे सूखी बाजगढ़ थाना जामो के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराह द्वारा अमरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य युवक की तलाश की जा रही है।

# कुड़वार में दस दिवसीय भव्य रामलीला का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। ग्राम सभा कुड़वार में शुक्रवार की रात दस दिवसीय भव्य रामलीला का विधिवत समापन हुआ। वर्षों बाद कुड़वार की पावन धरती पर ल्लजय श्रीरामङ्क के गगनभेदी नारे गूंजे तो पूरा क्षेत्र धर्म, भक्ति और आनंद की भावना से सराबोर हो उठा। कुड़वार में रामलीला का आयोजन कोई नया नहीं, बल्कि यह परंपरा कई दशकों पुरानी है। किंतु समय के साथ बदलते हालातों और कुछ कारणों से यह आयोजन लगभग पंद्रह वर्षों से ठप पड़ा हुआ था। विशेष बात यह रही कि ग्राम सभा की अपनी रामलीला भूमि होने के बावजूद अब तक आयोजन पंचायत भवन में ही किया जाता रहा, क्योंकि उक्त भूमि पर लंबे समय से कुछ प्रभावशाली लोगों ने कब्जा जमा रखा था। स्थानीय युवा दीपक तिवारी पुत्र स्व. अवधेश तिवारी को जब इस बात का बोध हुआ कि प्रभु श्रीराम की लीला भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है और परंपरा दम तोड़ चुकी है, तब उन्होंने इस स्थिति को बदलने का संकल्प लिया। राम नाम की प्रेरणा से ओतप्रोत होकर दीपक तिवारी ने न केवल जनसहयोग जुटाया बल्कि प्रशासन से संपर्क साधकर अथक प्रयासों के बाद अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया। भूमि मुक्त होते ही दीपक तिवारी ने उसी ऐतिहासिक मैदान पर दस दिवसीय भव्य रामलीला आयोजन का बीड़ा उठाया। इस आयोजन में राम जन्म से लेकर रावण वध और श्रीराम के राज्याभिषेक तक की लीलाएं इतनी भक्ति और भव्यता के साथ प्रस्तुत की गईं कि हर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गया। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने लीला स्थल पर पहुंचकर प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी के स्वरूपों के दर्शन किए। पूरे आयोजन के दौरान मंचन में स्थानीय कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। अंतिम दिन जब भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया और जयघोष के साथ पुष्प वर्षा हुई, तो पूरा क्षेत्र ल्लजय श्रीरामङ्क के उद्घोष से गूंज उठा। इस पुनर्जीवित परंपरा के लिए दीपक तिवारी की सराहना पूरे क्षेत्र में हो रही है। ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धार्मिक संगठनों ने उन्हें कुड़वार की संस्कृति को पुनर्जीवित करने वाला ल्लधर्मनायकङ्क कहा है। ग्रामीणों का मानना है कि दीपक तिवारी ने न केवल अतिक्रमण से भूमि मुक्त कराई, बल्कि धर्म और संस्कृति की जड़ें फिर से मजबूत की हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऐसे प्रयासों से गांव की पहचान पुनः स्थापित होती है। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीपक तिवारी को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को जारी रखने की अपील की।

# उत्तर प्रदेश में कई दशक के आतंकवाद दास्तान भाग एक की पुस्तक का स्थानीय विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर मे स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व भाजपा नेताओं की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश मे आतंकवाद के दास्तान भाग एक,नामक पुस्तक का विश्वनाथ टंडन ने पहुंचकर स्थानीय विमोचन किया इस पुस्तक में उत्तर प्रदेश में पिछले कई दशक में आतंकवादी कृत्यों के परिदृश्य को दिखाया गया है समाजसेवी अशोक खंडेलवाल ने कहा यह पुस्तक विद्वानों के लिए मददगार साबित होगी सिख आतंकवाद के काले दौर को उजागर करती वरिष्ठ पत्रकार विश्वमित्र टंडन की पुस्तक 'उत्तर प्रदेश में आतंकवाद की दास्तान भाग-एक' का मंगलवार को डीजीपी राजीव कृष्ण ने लखनऊ में पहला विमोचन किया था टंडन उस समय पीलीभीत के पत्रकार हुआ करते थे और आतंकवाद से जुड़े खतरनाक हालात के प्रत्यक्षदर्शी रहे हैं पुस्तक में बताया गया है कि 1987 में पीलीभीत में एक बैंक लूट से शुरू हुआ आतंकवाद, 1990-91 तक इस कदर बढ़ गया था कि पुलिसकर्मी वर्दी उतारकर चलते थे और थानों के गेट अंधेरा होते ही बंद हो जाते थे पुलिस दहशत में जी रही थी। हवालातें सिख युवकों से भर जाती थीं और महिलाएं धार्मिक फरमानों के कारण साज-सज्जा छोड़ चुकी थीं शादी में दान-दहेज की पाबंदी थी खतरों से भरे इन इलाकों में सिख अपनी लड़कियों का ब्याह करने से कतराने लगे थे उस दौर में आतंकवादी पंजाब की तरह उत्तर प्रदेश में भी अखबार कर्मियों को यह धमकी देने लगे थे कि उन्हें आतंकवादी न लिखकर खाड़कू लिखा जाए किताब में लखनऊ का सीरियल बम विस्फोट कांड, बहुचर्चित पीलीभीत मुठभेड़, पीलीभीत का मंडरिया व धनकुना कांड, रामपुर में एसडीएम और कानूनगो के अपहरण कांड समेत कई बड़ी वारदातों का जिक्र है जिनमें 1300 से अधिक लोग मारे गए थे व 3500 से अधिक लोग घायल हुए थे। आतंकवादियों के हथियार लाने, छुपाने के तरीकों के साथ उनके खुफिया नेटवर्क का भी जिक्र इस किताब में किया गया है। यह दस्तावेज उस दौर की भयावह हकीकत सामने लाता है वही इस पुस्तक मे व्यापार मण्डल के सहयोग व आतंकवादियों का सहयोग न करने और अशोक खंडेलवाल के सहयोग का भी बाखूबी से जिक्र किया गया सिख आतंकवादियो द्वारा कटरुआ कांड में 19 लोगों के की गईनिर्गम हत्या का भी जिक्र किया गया है स्थानीय विमोचन के समय विश्वनाथ टंडन,हंसराज गुलाटी, अशोक खंडेलवाल, अजय खंडेलवाल,शैलेन्द्र गुप्ता, विजयपाल सिंह विक्की, हर्ष प्रधान, संजय गुप्ता, नवीन अग्रवाल, अहमद मियां, सर्वेश मिश्रा, विवेक त्रिवेदी, सचिन गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर प्रधान एवं सचिव ने चलाया स्वच्छता अभियान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कलां में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम वासियों को स्वच्छता की प्रति जागरूक किया गया हैं। साफ सफाई अभियान लगाकर साफ सफाई किया गया। और सभी लोगों को साफ सफाई करने के लिए आग्रह किया जिससे कि गांव क्षेत्र साफ सुथरा रहे जिससे लोग बीमार ना हो कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार, ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार गौतम,एसएसबी सशस्त्र कमांडर, ग्रामवासी व एसएसबी के जवान उपस्थित रहे।

## पुलिस सुरक्षा के बीच जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न हुई हर गतिविधि पर पुलिस की रही पैनी नजर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर और थाना प्रभारी ने जुमे की नमाज, जुलूस-ए-गौसिया एवं आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में भ्रमण किया और सुरक्षा दृष्टि से प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल तैनात कियापीलीभीत पुलिस बरेली की घटना को लेकर बेहद चौकन्नी और सजग है। खुफिया यूनिट भी जिले में अलर्ट है वही कल कोतवाली परिसर मे पीस कमेटी की बैठक कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की नगर में शांति सुरक्षा का एहसास करने के लिए फ्लैग मार्च किया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गांधी जयन्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर में राष्ट्रपिता महागांधी गांधी एव पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुगंध अग्रवाल ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महागांधी गांधी सत्य अहिंसा के पुजारी थे।कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे हैं।

## भीम आर्मी ने थाने का घेराव कर सौंपा शिकायती पत्र

पूरनपुर । भीम आर्मी ने माधोटांडा थाने का घेराव कर भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद रावण के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी के मामले में आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते थानाध्यक्ष को शिकायत पत्र सौंपा माधोटांडा के रहने वाले ग्रामीण रोहित राठौर पर आरोप है कि चंद्रशेखर के ''आई लव मोहम्मद'' कहने पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी भीम आर्मी के लोगो का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ।

# हयातनगर शिव मंदिर पर्यटन योजना में भ्रष्टाचार का आरोप, मुख्यमंत्री को भेजा गया शिकायती पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जयसिंहपुर/सुलतानपुर। विकास खंड जयसिंहपुर क्षेत्र के अंतर्गत ऐतिहासिक हयातनगर शिव मंदिर में प्रदेश सरकार की पर्यटन विकास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ग्राम हयातनगर निवासी बृजेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को एक विस्तृत शिकायत पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार, इस परियोजना में लगभग 36 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य हो रहा है, जिसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को दी गई है। आरोप है कि निर्माण कार्य में गंभीर स्तर की अनियमितताएं की जा रही हैं। इसमें मानक के विपरीत पीली ईंटें, कमजोर मसाला, और निम्न गुणवत्ता की सरिया का प्रयोग किया गया है। मंदिर की नींव और पिलर तक में घटिया सामग्री लगाए जाने की बात सामने आई है, जिससे संपूर्ण संरचना की मजबूती और स्थायित्व पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा, मंदिर परिसर में लगाए गए समरसिंबल की पाइप और समरसिंबल भी गुणवत्ता मानकों के विपरीत बताए जा रहे हैं। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो संबंधित अधिकारी द्वारा ठेकेदार को एक प्रभावशाली व्यक्ति का नंबर देकर ग्रामीणों को धमकाने के लिए उकसाया गया। सबसे गंभीर आरोप यह है कि जब ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराने की बात कही, तो ठेकेदार द्वारा मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिसका ऑडियो साक्ष्य ग्रामीणों के पास मौजूद है।शिकायतकर्ता ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, जिन अधिकारियों या ठेकेदारों ने अनियमितता की है, उनसे सरकारी धन की वसूली सुनिश्चित की जाए और निर्माण कार्य को मानक एवं गुणवत्ता के अनुसार दोबारा कराया जाए, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और सरकार की योजनाओं की गरिमा बनी रह सके। इस पत्र की प्रतिलिपि पर्यटन मंत्री, प्रमुख सचिव पर्यटन, उपनिदेशक पर्यटन (अयोध्या मंडल), जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी सुलतानपुर को भी भेजी गई है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उच्च आदर्शों का जीवन में करें पालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती जनपद में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, उनकी दूरदर्शिता के बारे बताते हुये कहा कि उनके द्वारा आत्मनिर्भरता व स्वच्छता के प्रति दिए गए विचार आज भी प्रासांगिक हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा है कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है, स्वच्छता होगी तो लोग स्वस्थ होगें। स्वस्थ नागरिक देश की सेवा सही ढ़ंग से कर पाएगें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो विभूतियों ने देश स्वतंत्रता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनके जीवन से हमें आज भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ करें। देश और समाज के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दें। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा चरखा से सूत कातने का कार्यक्रम आयोजित किया, जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने कलेक्टेझट परिसर में चरखा से सूत कात कर आमजन को स्वावलम्बन का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 10 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण (ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर, श्रवणयंत्र) कलेक्टेझट परिसर में वितरित किए जिलाधिकारी ने नवगृह वाटिका कलेक्टेझट में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस कार्यक्रम के उपरान्त गांधी सभागार में गांधी जयन्ती के अवसर पर आयोजित की गई वाद विवाद, चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बॉसुरी का वादन किया गया एवं विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## सम्पादकीय

# भारतीय लोकतंत्र को फिर बदनाम करते राहुल गांधी

सवा सौ करोड़ से अधिक लोगों का यह देश भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जोकि विविधताओं में एकता का प्रतीक है। यहाँ चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का साधन नहीं है, यह तो जनता की आकांक्षाओं का उत्सव है। इसलिए ही दुनिया जब-जब लोकतंत्र की मिसाल देती है, भारत उसका सर्वोत्तम उदाहरण बनकर सामने आता है। किंतु यही भारत जब विदेशी धरती पर अपने ही नेताओं द्वारा बदनाम किया जाता है, तब सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह आचरण लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा है या राष्ट्र की संप्रभुता पर प्रहार। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार इस स्थिति के केंद्र में आ खड़े होते हैं। हाल ही में कोलंबिया विश्वविद्यालय में उन्होंने यह बयान देकर फिर विवाद खड़ा कर दिया कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है, लोकतांत्रिक संरचना पर हमला हो रहा है। उन्होंने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकतांत्रिक ताने-बाने को नष्ट करने का आरोप लगाया। यह कथन सुनने में विपक्ष की आलोचना जैसा प्रतीत होता है, किंतु इसकी समय, स्थान और संदर्भ से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल सरकार की आलोचना नहीं, यह तो अंतरराष्ट्रीय मंच से भारत को ही कटघरे में खड़ा करना है। कोलंबिया का चयन ही अपने आप में विडंबना है। जिस देश ने दशकों तक आंतरिक गृहयुद्ध, मादक पदार्थों की तस्करी और राजनीतिक अस्थिरता को झेला हो, वहाँ से भारत जैसे स्थिर लोकतंत्र पर सवाल उठाना हास्यास्पद लगता है। कोलंबिया में लोकतंत्र की जड़ें कभी गहरी नहीं रहीं, फिर भी राहुल गांधी वहाँ यह कहने से नहीं चूके कि भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली पर व्यापक हमला हो रहा है। यह न केवल वास्तविकता से परे है, बल्कि भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर करने का प्रयास भी है। आप देखेंगे कि पिछले एक दशक में राहुल गांधी की राजनीतिक यात्रा विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ दिए गए बयानों से भरी पड़ी है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में उन्होंने कहा कि भारत में अहिंसा की विचारधारा पर हमला हो रहा है। मलेशिया और सिंगापुर में उन्होंने नोटबंदी का मजाक उड़ाते हुए मोदी सरकार पर विभाजनकारी राजनीति का आरोप लगाया। बहरीन में एनआरआई समुदाय के बीच सरकार को भय और घृणा फैलाने वाली व्यवस्था करार दिया। लंदन में उन्होंने दावा किया कि भारत की आत्मा पर हमला हो रहा है और सीबीआई-ईडी जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में भी उन्होंने वही स्वर दोहराया, लोकतंत्र खतरे में है। अब कोलंबिया जाकर उन्होंने वही बयान फिर से दोहराया है और चीन के साथ तुलना करते हुए मोदी सरकार को तानाशाह तक करार दिया। इन बयानों का पैटर्न साफ है। जब भी राहुल गांधी विदेशी यात्रा पर जाते हैं, वे भारत की संस्थाओं, सरकार और लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या देश का नेता विपक्ष अपने ही देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस तरह नीचा दिखाने का अधिकार रखता है? राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है, किंतु क्या सचमुच ऐसा है? क्या भारत में विपक्ष को आवाज उठाने का अवसर नहीं मिलता? क्या राहुल गांधी स्वयं संसद में बहस नहीं करते? क्या उन्हें नेता प्रतिपक्ष का संवैधानिक दर्ज़ा और उससे जुड़ी सुविधाएँ नहीं मिलीं? क्या वे बिना किसी भय के प्रधानमंत्री और सरकार पर तीखे हमले नहीं करते? यदि लोकतंत्र वास्तव में खतरे में होता तो क्या यह सब संभव होता? यह सब स्वयं सिद्ध करता है कि भारत का लोकतंत्र किसी भी दृष्टि से खतरे में नहीं है।

# मन की बात' कैसे बनी जन जन की बात..!!

कार्यक्रम महीने के आखिरी रविवार की पहचान और एक अनिवार्य जरूरत बन गया है। इस कार्यक्रम को रेडियो माध्यम को नया जन्म देने की दिशा में मील का पत्थर माना जाता है। खास तौर पर जब दुनिया संचार के नए युग के विभिन्न प्लेटफॉर्म के पीछे भाग रही हो तब किसी राष्ट्र प्रमुख द्वारा पारंपरिक और केवल आवाज़ पर केंद्रित माध्यम पर विश्वास जताना वाकई प्रशंसनीय एवं अचरज भरा प्रयास था लेकिन आज मन की बात कार्यक्रम के सवा सौ एपिसोड पूरे हो जाने के बाद हम कह सकते हैं कि श्री मोदी ने रेडियो का चयन कर जमीनी स्तर तक संवाद कायम करने की जो शुरुआत की थी वह आज सफलता का नया इतिहास रच रही है। मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री ने आम जनता के साथ सहज तरीके से सरल भाषा में संवाद कायम किया है। आसान शब्दों में कहें तो अब यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच सीधे संवाद का एक मजबूत सेतु बन चुका है। मन की बात कार्यक्रम ने 30 अप्रैल 2023 को 100 एपिसोड का सफर पूरा कर लिया था और अब यह सवा सौ एपिसोड का आंकड़ा पार कर चुका है। बीते रविवार को मन की बात के 126 वें अंक का प्रसारण हुआ। हालांकि, देश में आम चुनाव के मद्देनजर चुनावी आचार संहिता के कारण 2019 में मार्च, अप्रैल और मई माह में यह कार्यक्रम प्रसारित नहीं हुआ था। मन की बात कार्यक्रम से जुड़ा एक दिलचस्प तथ्य यह है कि इसके पहले एपिसोड का प्रसारण शुक्रवार के दिन हुआ था तब से लेकर मार्च 2015 तक इसका प्रसारण हर महीने शुक्रवार को ही होता था लेकिन अप्रैल 2015 से इसके प्रसारण का दिन बदल दिया गया और फिर यह हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होने लगा।

हर रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन से लेकर विभिन्न संचार माध्यमों पर गूंजने वाली आवाज 'मेरे प्यारे देशवासियों' अब न केवल मासिक मंत्र बन गई है बल्कि जन संवाद की पहचान भी है। इसे हम सभी मन की बात कार्यक्रम के नाम से जानते हैं जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों के साथ अराजनीतिक और प्रेरक संवाद करते हैं। 3 अक्टूबर को इस कार्यक्रम की 11वीं वर्षगांठ है। दरअसल श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के करीब 5 महीने बाद बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व विजयादशमी के दिन 3 अक्टूबर 2014 को अपने इस सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की शुरुआत की थी। आज यह कार्यक्रम महीने के आखिरी रविवार की पहचान और एक अनिवार्य जरूरत बन गया है। इस कार्यक्रम को रेडियो माध्यम को नया जन्म देने की दिशा में मील का पत्थर माना जाता है। खास तौर पर जब दुनिया संचार के नए युग के विभिन्न प्लेटफॉर्म के पीछे भाग रही हो तब किसी राष्ट्र प्रमुख द्वारा पारंपरिक और केवल आवाज़ पर केंद्रित माध्यम पर विश्वास जताना वाकई प्रशंसनीय एवं अचरज भरा प्रयास था लेकिन आज मन की बात कार्यक्रम के सवा सौ एपिसोड पूरे हो जाने के बाद हम कह सकते हैं कि श्री मोदी ने रेडियो का चयन कर जमीनी स्तर तक संवाद कायम करने की जो शुरुआत की थी वह आज सफलता का नया इतिहास रच रही है। मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री ने आम जनता के साथ सहज तरीके से सरल भाषा में संवाद कायम किया है। आसान शब्दों में कहें तो अब यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच सीधे संवाद का एक मजबूत सेतु बन चुका है। मन की बात कार्यक्रम ने 30 अप्रैल 2023 को 100 एपिसोड का सफर पूरा कर लिया था और अब यह सवा सौ एपिसोड का आंकड़ा पार कर चुका है। बीते रविवार को मन की बात के 126 वें अंक का प्रसारण हुआ। हालांकि, देश में आम चुनाव के मद्देनजर चुनावी आचार संहिता के कारण 2019 में मार्च, अप्रैल और मई माह में यह कार्यक्रम प्रसारित नहीं हुआ था। मन की बात कार्यक्रम से जुड़ा एक दिलचस्प तथ्य यह है कि इसके पहले एपिसोड का प्रसारण शुक्रवार के दिन हुआ था तब से लेकर मार्च 2015 तक इसका प्रसारण हर महीने शुक्रवार को ही होता था लेकिन अप्रैल 2015 से इसके प्रसारण का दिन बदल दिया गया और फिर यह हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होने लगा। एक अन्य मजेदार बात यह है कि पहला एपिसोड करीब 14 मिनट का था जबकि नवंबर 2014 में प्रसारित दूसरा एपिसोड 19 मिनट का और तीसरा एपिसोड 26 मिनट अवधि का था। हालांकि चौथे एपिसोड से इसकी अवधि 30 मिनट तय कर दी गई और तब से अब तक यह प्रतिमाह 30 मिनट की अवधि में ही प्रसारित होता है। आकाशवाणी पर यह कार्यक्रम 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषा में प्रसारित होता है। इसके अलावा दूरदर्शन तथा अन्य निजी समाचार चैनलों, यूट्यूब और कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाता है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक करीब 1000 प्रतिष्ठित व्यक्तियों, प्रेरित करने वाली शख्सियतों और संगठनों का उल्लेख कर चुके हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के समुचित प्रतिनिधित्व के कारण मन की बात कार्यक्रम अब सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात नहीं रह गया है बल्कि यह करोड़ों भारतीय लोगों के मन की बात बन चुका है । मन की बात के सौवें एपिसोड के पहले भारतीय प्रबंध संस्थान, रोहतक द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक मन की बात के बारे में लगभग 96 प्रतिशत लोग जानते हैं और यह कार्यक्रम 100 करोड़ लोगों तक पहुँच चुका है। इतना ही नहीं, 23 करोड़ लोग नियमित रूप से यह कार्यक्रम देखते/सुनते हैं, जबकि अन्य 41 करोड़ लोग कभी कभी इस कार्यक्रम से जुड़ते हैं। इस कार्यक्रम ने अब तक करीब 35 करोड़ रुपए का राजस्व भी अर्जित किया है। अब सवा सौ एपिसोड का सफर तय कर यह कार्यक्रम सफलता की नई ऊंचाइयां छू रहा है। मन की बात परस्पर संवाद का मंच इसलिए भी बन गया है क्योंकि आम लोग इस कार्यक्रम के संबंध में न केवल प्रधानमंत्री को पत्र लिखते हैं बल्कि अपने रिकॉर्ड किए गए संदेश भी भेजते हैं इसलिए यह दो तरफा संवाद सकारात्मक पहलुओं को सामने लाने और समाज में बदलाव का सबसे महत्वपूर्ण जरिया बन गया है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें अरुणाचल प्रदेश से लेकर नागालैंड तक और पंजाब से लेकर लक्षद्वीप तक से जुड़े मुद्दों को उठाया जाता है,वहां की समस्याओं पर बातचीत होती है और जनसहयोग से उनके समाधान पर भी बात होती है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण स्वच्छता अभियान है । प्रधानमंत्री ने मन की बात के पहले एपिसोड में ही स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की अपील की थी और अब करीब 10 साल बाद देश स्वच्छता में किन बुलंदियों पर है, यह किसी से छिपा नहीं है। इसी तरह, प्रधानमंत्री ने जुलाई 2022 में घरेलू खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने की अपील की थी और कभी आयात पर निर्भर मृतप्राय भारतीय खिलौना उद्योग अब लगभग 3000 करोड रुपए के निर्यात का आंकड़ा हासिल कर रहा है। प्रधानमंत्री ने खादी के वस्त्र खरीदने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी कई मुहिम इस कार्यक्रम के जरिए शुरू की और आज ये सभी क्षेत्र विकास की रफ़्तार पर सवार हैं । विशेषज्ञों का मानना है कि मन की बात कार्यक्रम के लोकप्रिय होने की वजह इसका पारिवारिक शैली में संवाद है और यह बचपन में दादी नानी से सुनी गई कहानियों की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरल, सहज और व्यक्तिगत संवाद शैली लोगों को जोड़ती है। वे आम लोगों की भाषा में बात करते हैं, जिससे श्रोता अपनेपन का अनुभव करते हैं। इतना ही नहीं,पत्रों या ख्रभक्ष्धफ प्लेटफॉर्म के माध्यम से आम लोगों की कहानियों और सुझावों को शामिल करना इसे जन-आधारित बनाता है। यह कार्यक्रम हमें अपने त्यौहार, संस्कृति, परंपराओं, समुदाय और परिवेश से जोड़ने में भी मदद करता है। मन की बात एआई और मशीन लर्निंग के दौर में पारंपरिक संचार माध्यम के इस्तेमाल का बेहतरीन उदाहरण है जो चुपचाप सामाजिक क्रांति का जरिया भी बन गया है। सेल्फी विद डॉटर, देश के गुमनाम नायकों का गौरवपूर्ण स्मरण, पर्यावरण संरक्षण, वोकल फॉर लोकल,एक पेड़ मां के नाम, कुपोषण से मुक्ति और जल शक्ति अभियान जैसे कई उदाहरण है जिन्हें इस कार्यक्रम के जरिए न केवल राष्ट्रव्यापी सफलता मिली है बल्कि उन्होंने देश की सूरत और सीरत बदलने का काम किया है। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम प्रेरणादायक और सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है और लोगों को अच्छा करने के लिए प्रेरित एवं उत्साहित करता है। यही वजह है कि मन की बात भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी लोकप्रिय हो रहा है। यह हमारा भी कर्तव्य है कि हम इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा की गई अपील का सामूहिक रूप से पालन करें और देश को विकास,बदलाव और सकारात्मक सोच के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर रखने में कोई कसर नहीं छोड़े। –संजीव शर्मा

# नब्बे वर्ष की उम्र में भी सृजनशीलता की धारा बहाते लखमी खिलानी

**अशोक मनवानी**

साहित्य की दुनिया में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो केवल अपने लेखन से नहीं, बल्कि अपने व्यक्तित्व, सहजता और साहित्यकारों के प्रति आत्मीय व्यवहार से भी पीढ़ियों तक याद किए जाते हैं। दादा लखमी खिलानी उन्हीं नामों में से एक हैं। 2 अक्टूबर को उन्होंने अपने जीवन के 90 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर जब सुबह उनसे मेरी बातचीत हुई, तो उनकी आवाज़ में वही पुराना उत्साह और वही आत्मीयता झलक रही थी, जिसने पिछले चार दशकों से हमारे बीच एक सुदृढ़ संबंध बनाए रखा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे अपने बेटे के पास बेंगलुरु में हैं और जीवन के इस पड़ाव पर भी साहित्य सृजन में निरंतर सक्रिय हैं। सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि उनकी कहानियों के अंग्रेजी अनुवाद की पुस्तक शीघ्र प्रकाशित होने वाली है। यह तथ्य स्वयं में इस बात का प्रमाण है कि लखमी खिलानी का लेखन केवल सिंधी साहित्य तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी पहुँच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक है। बातचीत के दौरान जब मैंने उन्हें बधाई दी तो वे अत्यंत प्रसन्न हुए। मैंने उनसे कहा कि उनकी कुछ कहानियाँ आज भी मेरी स्मृतियों में जीवंत हैं। इनमें ख्शिकार काकातुआक्ष् और अंधी कविता विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अंधी कविता पर भोपाल में नाटक का मंचन भी हुआ, जिसने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। इसी तरह उनकी एक अन्य प्रसिद्ध कहानी रेत का किला भी बहुत चर्चित रही। इसका नाट्य रूपांतरण सिंधी में कई बार मंचित हुआ और भोपाल के रंगकर्मियों ने इसे बार-बार प्रस्तुत किया। नाटक मंचन की यादों को साझा करते हुए खिलानी दादा ने भोपाल के रंग निर्देशक अशोक बुलानी और कविता इसरानी का भी स्मरण किया। यह उनके व्यक्तित्व की विशेषता है कि वे सहयोग देने वालों को हर अवसर पर याद करते हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने विशेष रूप से भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार और विनायक फ़ीचर्स के संस्थापक दिनेश चंद्र वर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्मा जी ने उनकी सैकड़ों कहानियों का हिंदी के अखबारों में प्रकाशन करवाया और उन्हें पाठकों तक पहुँचाया। यही कारण है कि हिंदी पाठकों के बीच भी लखमी खिलानी का साहित्य जाना-पहचाना नाम बना। आज भी विनायक फीचर्स की यह परंपरा निरंतर गतिमान है। स्वर्गीय दिनेश चंद्र वर्मा का उन्होंने भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि यदि ऐसे लोग न होते तो सिंधी लेखन का हिंदी जगत से इतना गहरा संबंध नहीं बन पाता। लखमी दादा का जीवन एक जगह तक सीमित नहीं रहा। वे साल में कुछ महीने बैंगलुरु, पुणे और कोलकाता में रहते हैं और बेटे-बेटी दोनों के साथ समय बिताते हैं। यह जीवनशैली उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करती रही है। उनकी बेटी और बेटा दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र में व्यस्त रहते हैं, लेकिन उनके साथ रहकर लखमी दादा साहित्य और परिवार के बीच अद्भुत संतुलन बनाए रखते हैं। लखमी खिलानी को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त है। उनकी पुरस्कृत कृति ख्गुफा के उस पारक्ष् सिंधी साहित्य की एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जाती है। यह कृति केवल कहानी का संग्रह भर नहीं, बल्कि जीवन, समाज और संस्कृति की गहरी परतों को उजागर करने वाला दस्तावेज़ है। इस सम्मान ने उन्हें न केवल सिंधी भाषा के साहित्यकारों में विशिष्ट स्थान दिया बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिष्ठित किया। खिलानी दादा का योगदान केवल लेखन तक ही सीमित नहीं रहा। उन्होंने गुजरात के आदिपुर में सिंधी राइटर्स और कलाकारों की कॉलोनी बसाने का नवाचार किया। यह पहल आज भी स्मरणीय है क्योंकि विस्थापन और बिखराव के बाद सिंधी समाज के लिए एक साझा सांस्कृतिक केंद्र बनाना ऐतिहासिक कार्य था। इससे अनेक युवा लेखकों और कलाकारों को मंच मिला और एक नई पीढ़ी का आत्मविश्वास बढ़ा। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे अपने से जूनियर लेखकों और कलाकारों के साथ मित्रता का निर्वाह करते रहे। मैंने स्वयं 1984 में कोलकाता में केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा आयोजित कहानी लेखन कार्यशाला में उन्हें करीब से देखा था। यह कार्यशाला कोलकाता के एस्प्लेनेड क्षेत्र की सिंधी हिंदू धर्मशाला में हुई थी, जहाँ अलग-अलग प्रांतों से लेखक पहुँचे थे। उस समय सुंदरी उत्तमचंदानी भी मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित थीं। उस कार्यशाला के दौरान हम सबने पार्क स्ट्रीट, न्यू मार्केट और दक्षिणेश्वर जैसी जगहों की सैर की थी।

## सेहत मंत्र

# सिर्फ 15 दिन लौकी जूस से शरीर होगा डिटॉक्स, स्किन बनेगी बेदाग और ग्लोइंग

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी लाइफस्टाइल बीमारियों का सबसे बड़ा कारण बन गया है। हर अक्सर समय बचाने या सुविधा के चक्कर में तला-भुना, प्रोसेस्ड या बाहर का खाना ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि अनहेल्दी खाने का सीधा और बुरा असर पड़ता है। जिस कारण हमें कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। इनमें वजन बढ़ना, पेट से जुड़ी समस्याएं और पोषक तत्वों की कमी शामिल है। इसलिए हेल्दी और अच्छी डाइट लेना चाहिए। आज हम आपको एक ऐसी ही सब्जी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अद्भुत गुणों भरपूर है। इस सब्जी का नाम लौकी है। लौकी की सिर्फ सब्जी नहीं बल्कि स्वादिष्ट हलवे, पौष्टिक रायते और लाजवाब कोफ्ते के रूप में भी खाया जाता है। लेकिन लौकी का जूस बनाया जाता है। लौकी का जूस हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। बता दें कि लौकी में 90% से ज्यादा पानी पाया जाता है। इसलिए लौकी को गर्मियों की हाइड्रेटिंग सब्जी मानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जोकि शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रोजाना 15 दिनों तक खाली पेट लौकी का जूस पीने से सेहत में किस तरह के बदलाव दिख सकते हैं। लौकी के जूस का फायदा डाइजेशन पर पड़ता है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है और यह घुलनशील और अघुलनशील फाइबर से भरपूर होता है। फाइबर आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है। इससे आप ज्यादा खाने से बचते हैं। फाइबर की मौजूदगी की वजह से लौकी का जूस आसानी से पेट को साफ करता है। खाली पेट लौकी का जूस पीने से गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी डाइजेशन से संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। यह जूस पेट की आंतरिक परत को शांत करके पेट में एक्स्ट्रा एसिड को बेअसर करता है। लौकी का जूस शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है और डाइजेशन दुरुस्त होता है। यह जूस डाययूरेटिक के रूप में भी काम करता है, जोकि किडनी को साफ करने में सहायता करता है।

## धर्म मंत्र

# रहस्यमयी शिव धाम जहां घंटी बजाए बिना पूजा नहीं होती पूरी

भगवान शिव के भक्त दर्शन के लिए भारत के अलग-अलग मंदिरों में जाते हैं। हर एक मंदिर की अपनी कहानी और परंपरा है। किसी मंदिर में शराब चढ़ाई जाती है, तो किसी मंदिर में घंटी बजाई जाती है। हिंदू धर्म में पूजा की शुरूआत में घंटी बजाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। माना जाता है कि घंटी की ध्वनि निगेटिव एनर्जी को दूर भगाती है और वातावरण को पवित्र करती है। लेकिन भगवान शिव के कुछ ऐसे मंदिर हैं, जहां पर घंटी बजाना सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि पूजा का अनिवार्य हिस्सा है। इन मंदिरों में बिना घंटी बजाए पूजा अधूरी मानी जाती है। महादेव के इन मंदिरों में घंटी बजाने का विशेष महत्व है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भगवान शिव के उन मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर घंटी बजाना पूजा की प्रक्रिया का अनिवार्य अंग है। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित कैलाशनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह एक प्राचीन मंदिर है, जोकि पल्लव वंश के दौरान 8वीं शताब्दी में बनाया गया था। भक्तों का मानना है कि मंदिर में जो भी सच्चे मन से पूजा करता है और घंटी बजाता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कैलाशनाथ मंदिर में घंटी बजाने की परंपरा महादेव को जागृत करने की नहीं बल्कि खुद की चेतना को जागृत करने की प्रक्रिया मानी जाती है। घंटी की ध्वनि यहां पर एक आध्यात्मिक कंपन्न उत्पन्न करती है, जोकि भक्तों के ध्यान को स्थिर करती है।

## पर्यटन



# गुजरात का गौरव 'रानी की वाव' : जहाँ हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास

गुजरात के पाटन नगर में स्थित रानी की वाव (सीढ़ीदार बावड़ी) भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अनमोल खजाना है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्ज़ा प्राप्त है और यह गुजरात आने वाले हर पर्यटक के आकर्षण का केंद्र है। यह बावड़ी केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रानी की वाव का निर्माण 11वीं शताब्दी में सोलंकी वंश की रानी उदयमती ने अपने पति राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में करवाया था। इस कारण इसका नाम ''रानी की वाव'' पड़ा। यह संरचना न केवल प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि उस युग की स्थापत्य दक्षता का भी अद्भुत उदाहरण है। रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंज़िलें हैं और हर मंज़िल पर सुंदर सीढ़ियाँ तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियाँ और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियाँ उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के दृश्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो। बावड़ी की नक्काशी इतनी बारीक है कि पत्थरों पर बने चेहरे, आभूषण और मुद्राएँ जीवंत प्रतीत होती हैं। इसमें दशावतार (विष्णु के दस अवतार) की मूर्तियाँ विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। रानी की वाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहाँ आते हैं। 2014 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया और 2016 में इसे भारत की नई ?100 के नोट की डिजाइन पर भी स्थान दिया गया। यहाँ अक्सर रानी की वाव फ़ेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

# कौशल कुमार ने सिद्धौर एडीओ का संभाल कार्यभार

## कार्य भार संभालते ही शिकायतों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी जनपद के विकासखंड सिद्धौर में सहायक विकास अधिकारी ( एडीओ ) कौशल कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया है। चार्ज संभालते ही उन्होंने (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाई है। कार्यभार संभालने के बाद, सहायक विकास अधिकारी ने सभी कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने कर्मचारियों का परिचय लिया और उन्हें कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कौशल कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई कर्मचारी कार्य में लापरवाही या ढिलाई बरतेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी को कार्यालय में उपस्थित रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आदेश दिया।

चार्ज ग्रहण करने के उपरांत, संबंधित कर्मचारियों ने गुलदस्ता और अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया।

कौशल कुमार उन्नाव जिले के निवासी हैं। उन्होंने 24 साल तक सचिव के पद पर रहते हुए नौ विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में अपनी सेवाएं दी हैं। इस दौरान उन्होंने 6 साल तक अतिरिक्त प्रभार के रूप में सहायक विकास अधिकारी की सेवाएं भी प्रदान कीं। वर्ष 2024 में उन्होंने सहायक विकास अधिकारी की कमान संभाली। उन्होंने हैदरगढ़ और रामनगर विकासखंडों में सहायक विकास अधिकारी के पद पर सेवाएं दीं। इसके बाद, वे बाराबंकी के डीपीआरओ कार्यालय में तैनात हुए, जहां उन्होंने लगभग 10 महीने तक न्यायालय से संबंधित कार्यभार संभाला।

बैठक में सहायक विकास अधिकारी कौशल किशोर ने विकासखंड सिद्धौर में तैनात ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारियों को कड़ा रुक अपनाते हुए सख्त निर्देश दिए हैं और बताया की सभी सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी समय अनुसार करें समय से ड्यूटी पर पहुंचे और ग्राम पंचायत में साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करें ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को भी जागरूक करें सफाई स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाकर ग्रामीण को सफाई के बारे में और उनके सफाई रखने के फायदे बताएं इसी दौरान ग्राम पंचायत में नालियों और अन्य जगहों पर ब्लीचिंग पाउडर और दावों का छिड़काव कारण जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो सके और बीमारियां न फैले

सामुदायिक शौचालय की कमान संभाल रहे केयरटेकारो को समय से शौचालय खोलने के आदेश दिए हैं शौचालय में जो भी कमियां है उनका पूरा करें और कोई समस्या या दिक्कत आ रही है तो हमसे संपर्क करें नियमित रूप से शौचालय को खोलने और बंद करना है जिसके जिम्मेदारी आप लोगों की है और इस जिम्मेदारी की निर्वहन आप लोग अच्छे से करें अगर कोई शिकायत मिलती है तो नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा उसके बाद में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच विसर्जित हुई दुर्गा प्रतिमाएं

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं पुलिस उपाधीक्षक रही मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी शारदीय नवरात्र की समाप्ति पर विजयादशमी के पावन अवसर पर तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित 90 से अधिक देवी प्रतिमाओं का भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन किया गया। यह ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन गाजे-बाजे की धुन, भक्तिमय वातावरण और विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद संजय सेतु स्थित सरयू नदी तट पर सम्पन्न हुआ।

रानीबाजार, दलसराय, दिवली, अमोली कला, बिछलखा, सिहामऊ, बुढ़वल स्टेशन, बुढ़वल गांव, अगानपुर, देवसानी, सेमराय, कुमहरवा, बरुआ, नरेंद्रपुर, राजापुरवा, कस्बा रामनगर, महादेवा, चंदामऊ सहित लगभग 90 स्थानों से शोभायात्रा के रूप में मां दुर्गा की प्रतिमाएं निकाली गईं और उन्हें घाघरा घाट पहुंचाकर श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। पूरे आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, परंतु प्रशासनिक व्यवस्थाओं की बदौलत पूरा कार्यक्रम शांति और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

विसर्जन कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की तैयारियाँ बेहद सराहनीय रहीं। स्वयं पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गूंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत, नायब तहसीलदार बीपी तिवारी, खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार सक्रिय रही।

थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे, इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव, अतिरिक्त थाना प्रभारी राज बहादुर सरोज, एडीओ पंचायत अभय शुक्ला, राजस्व निरीक्षक शिवकुमार वर्मा, पंचायत प्रतिनिधि, प्रधानगण, अभियंता, पंचायत सचिव, लेखपाल, अमीन और सैकड़ों पुलिसकर्मी पूरे समय सतर्क व तैनात रहे।

प्रशासनिक सख्ती और बेहतर प्रबंधन का ही परिणाम रहा कि भारी भीड़ के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से प्रतिमाओं का पूजन कर भावभीनी विदाई दी और सरयू नदी की लहरों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन करते हुए परिवार, समाज और देश की खुशहाली की कामना की।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस की चौकस तैयारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार विसर्जन उत्सव अनुशासन, भक्ति और सुरक्षा का अद्भुत संगम बन गया।

# प्राथमिक शिक्षक संगठनों की एससी में पुनर्विचार याचिका दाखिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट को अनिवार्य किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरोध में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री , प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन, जनपद स्तर पर हजारों शिक्षकों के साथ धरना प्रदर्शन करके संपूर्ण भारत के सांसदो , मंत्रीगण ,विधायको ,विधान परिषद सदस्यो अन्य जनप्रतिनिधियो को ज्ञापन , हस्ताक्षर अभियान और काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते रहने के संकल्प के साथ अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी गई है ।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ0 राकेश सिंह ने बताया कि पुनर्विचार याचिका दाखिल करके माननीय सर्वोच्च न्यायालय से शिक्षकों के लिए राहत की मांग की गई है । शिक्षकों द्वारा अपने अधिकारों, गरिमा एवं सेवा सुरक्षा की लड़ाई को ऐतिहासिक एवं निर्णयात्मक मोड़ तक लड़ने के संकल्प के साथ सान्गठनिक एवं कानूनी संघर्ष साथ-साथ करने का फैसला लिया गया है ।सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख छियासी हजार और पूरे देश में लगभग 10 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वयं पुनर्विचार याचिका दाखिल करना शिक्षकों के लिए एक सकारात्मक और स्वागत योग्य कदम है परंतु किसी भी स्तर पर कोई कानूनी चूक से बचने के लिए संगठन द्वारा पुनर्विचार याचिका स्वयं दाखिल की गई है । डॉ 0 राकेश सिंह ने कहा कि आर 0 टी 0 ई0 कानून लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा है । इन शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने से पहले लागू सेवा शर्तों नियमों के मुताबिक हुई है और उनकी नियुक्ति के समय शिक्षक पात्रता परीक्षा जैसी कोई अनिवार्यता नहीं थी। अब इन शिक्षकों में से अधिकांश शिक्षक 50 वर्ष से अधिक उम्र के है । टेट की अनिवार्यता पूर्व प्रभाव से लागू होने के कारण बड़ी संख्या में शिक्षक सेवा से बाहर हो जाएंगे और शेष को पदोन्नति भी नहीं मिलेगी । सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ शिक्षक संकल्पित होकर आर पार की लड़ाई लड़ेगा और शिक्षको के हितों को बचाने के लिए पूरी मजबूती के साथ सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उनका पक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ।

# पूर्ण श्रध्दा और भव्यता से मनाई गई, दो महाविभूतियों की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## सत्य-अहिंसा, ''जय जवान-जय किसान'' से भारत को बल- डीएम शशांक

## भुलाया नहीं जा सकता दोनों महापुरुषों का बलिदान






बाराबंकी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा कि दोनों ही महापुरुषों का मूल स्वभाव एक-दूसरे से मिलता-जुलता था। वे दूसरों के कष्टों को अपना कष्ट मानते थे। गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम गांधी जी की 156वीं जयंती मना रहे हैं, ऐसे में उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण

जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर डीएम ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत लोक सभागार में गांधी जी व शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी का सत्य और अहिंसा का मार्ग ही लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवंत बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत आज लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित है तो इसका श्रेय भी गांधी जी की सत्य और अहिंसा की नीति को जाता है। डीएम ने कहा कि गांधी जी ने तय किया था कि आजादी तलवार और बंदूक से नहीं बल्कि सत्य और अहिंसा के रास्ते से लेनी है। डीएम शशांक त्रिपाठी ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी ने अपने जीवन को पूरी तरह देशसेवा के लिए समर्पित किया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने बताया कि रेल दुर्घटना के बाद नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शास्त्री जी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री रहते हुए भी वे अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत करते थे।

इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक राजकुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, आकांक्षा गुप्ता, अनिल सरोज सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस लाइंस में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने ध्वजारोहण किया। विकास भवन में सीडीओ अन्ना सुदन ने ध्वजारोहण किया।और सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में मयंक तिवारी ने ध्वजारोहण किया। नगर के विकास भवन मार्ग स्थित ब्राइट फ्यूचर एकेडमी में सत्य -अहिंसा- सादगी के दो मिशाल महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

निंदूरा'' ! स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में प्रातः काल झंडारोहण तदोपरांत महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महाविभूतियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह व समस्त शिक्षिकागण व विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। ब्लॉक प्रांगण में खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा सहित समस्त स्टाफ ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई।

# योगी सरकार का सहयोग टिकरा गाँव में खुला डिजिटल क्लीनिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में ऑनलाइन परामर्श के साथ मिलेगी सभी प्रकार के खून की जांचों की सुविधा

बाराबंकी। बाराबंकी के बाबागंज बजगहनी रोड पर स्थिति टिकरा गाँव में आज डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। इस डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एमओयू के तहत ओब्डू ग्रुप द्वारा शुरू किया गया है। ग्रुप के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों तक बेहतर मेडिकल टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक स्थापित किए जा रहे हैं।

टिकरा गाँव में डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक के संचालक अम्बरीश अवस्थी ने कहा कि इस क्लिनिक में ग्रामीणों को डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श के साथ सभी प्रकार की खून की जांचों की सुविधा मिलेगी। श्री अवस्थी ने बताया कि इस क्लिनिक में तत्काल टेस्ट रिपोर्ट की सुविधा के साथ ही डॉक्टरों के परामर्श के मुताबिक दवाइयां भी उपलब्ध कराई जायेंगी। इस मौके पर टिकरा गांव के ग्राम प्रधान दिलीप सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान शिव प्रसाद यादव, व्यापारी मनोज अवस्थी, अनिल पांडेय और शिवम अवस्थी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रभु राम का आगमन सुन दौड़ पड़े अयोध्या वासी, शरद हुए शरणागत, आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।बदोसराय कस्बा में ऐतिहासिक रामलीला कार्यक्रम के दौरान भरत मिलाप का मंचन किया गया। 14 वर्ष वनवास बाद भगवान श्री राम की वापसी और भाई भरत से मिलाप प्रसंग दर्शाया गया। हनुमान जी ने भरत को प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन की सूचना दी।जिसके बाद भरत और अयोध्यावासी प्रभु से मिलने दौड़ पड़े ।प्रभु श्री राम ने भरत को गले लगाया और उन्हें सिंहासन पर लेकर पहुंचे।इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, अमित भैया राम जी,प्रहलाद कुमार विमल, विकेश वर्मा,अध्यक्ष श्याम सोनी सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भगवान श्री राम के दर्शन और पूजन कर आशीर्वाद लिया। भारत मिलाप होते ही जमकर आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत और कोतवाली बदोसराय कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।बदोसराय में रामलीला महोत्सव के तहत मुख्य चौराहे पर इस भव्य भारत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के विमान का नगर भ्रमण भी कराया गया। यह आयोजन भगवान राम के वनवास से लौटने और भरत से मिलते हैं।इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिन्होंने भगवान राम और अन्य देवी-देवताओं की झांकियों के दर्शन किए।श्रद्धालुओं ने आरती की और प्रसाद भी वितरित किया गया, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो उठा।



## डीजे की उपस्थिति में अहिंसा दिवस के रूप में मनाई गई गांधी जयंती

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अहिंसा दिवस के रूप मे सिविल कोर्ट परिसर में जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मनाई गई।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह के संचालन में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।इस गोष्ठी में अपर जिला जज प्रथम विनय कुमार सिंह,जिला बार एसो महामंत्री राम राज यादव,अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी,कर्मचारी नेता सै मो ताहा,जगदम्बा बाजपेई,आदि ने विचार व्यक्त किए। वक्तावो ने गांधी जी के मूल मंत्र, सत्य अहिंसा,स्प्रश्यता निवारण,स्वच्छता,स्वदेशी संबंधी मुद्दों पर अपने विचार रखे।

जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने इस अवसर पर एक दर्जन सफाई कर्मियों अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया।सम्मानित होने वालो में अजय कुमार,दिलीप,सोनू कुमार,मीना,संतोष,अंकित कुमार,बलराम , राघवेन्द्र वा उर्मिला के नाम सम्मिलित हैं।संचालक कृष्ण चन्द्र सिंह ने बहुत सुन्दर अंदाज में रघुपति राघव राजाराम, गांधी का भजन सुनाया।

## प्रभु राम के हाथों रावण का मुक्ति धाम पयान , जय जयकार से गूंजा वातावरण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निंदूरा अंतर्गत ग्राम ताला में इस वर्ष 29 वीं बार परंपरागत दशहरा मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दो अक्टूबर, विजयादशमी के दिन मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल दशहरा मेला, रामलीला एवं रावण दहन का शुभारंभ ग्राम पंचायत प्रधान जमुना प्रसाद गुप्ता ने फीता काटकर किया।

मेला आयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि वर्ष 1996 से इस मेले की शुरुआत हुई थी और तब से लगातार पूरे गांव के सहयोग से इसे आयोजित किया जाता है। यह आयोजन लोगों में आपसी भाईचारा और एकजुटता का परिचय कराता है।

कार्यक्रम में गांव के बच्चों द्वारा आकर्षक रामलीला मंचन किया गया। रामलीला की शुरुआत पंचवटी प्रसंग से हुई और क्रमशः खर-दूषण वध, मारीच वध, सीता हरण, राम-हनुमत मिलन, बाली-सुग्रीव युद्ध, लंका दहन, अक्षय कुमार वध, मेघनाथ वध, कुंभकरण वध दृश्य का मंचन हुआ। अंत में राम-रावण युद्ध और रावण वध के साथ रामचंद्र जी की जय-जयकार गूंज उठी। रामलीला कलाकारों को मेला कमेटी की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, मेले में आए दुकानदारों के लिए भोजन, पानी और प्रकाश की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। रामसनेहीघाट से दिवाकर बाबा के अनुसार कस्बा सुमेरगंज के ऐतिहासिक दशहरा मेले में भारी भीड़ उमड़ी थी, मंत्री सतीश शर्मा व एससी एसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत पूर्व जिलाध्यक्ष डीडीसी, मंत्री प्रतिनिधि शामिल हुए।भयंकर युद्ध के बाद एक बार फिर रावण का पुतला धू धू कर जल उठा। प्रभू राम की जय जयकार से वातावरण गुंजायमान हुआ।

## जागरण रात भर झूमे श्रद्धालु भक्त

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा टिकैतगंज में इस वर्ष गुरुवार को आयोजित मां भगवती का 32 वां विशाल जागरण में मां भगवती के भजनों से माहौल भक्तिमय हुआ। मेरे सिर पर अपना हाथ रख दो मैया, चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, सज धज के मैं आऊं तेरे द्वारे माता, जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। देर रात तक मां के दरबार में जयकारे गूंजते रहे। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनोहारी प्रस्तुतियों दी और श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। मां के भजनों से वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा। प्रातः मां भगवती की भव्य आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया।

# गगन भेदी माता की जय जयकार मध्य हुआ मूर्ति विसर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शारदीय नवरात्रि मैं 9 दिनों तक विधिविधान से पूजा अर्चना पश्चात गुरुवार को पूर्ण भक्ति भाव से प्रतिभाओं का विसर्जन किया गया। यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान में नगर पालिका में आयोजित ऐतिहासिक नवदुर्गा पूजा तारतम में नगर पालिका हाल में स्थापित प्रतिमाओं को अबीर गुलाल उड़ाते हुए रंग बिरंगे वाहनों में लखनऊ गोमती तट ले जाया गया, यहां लखनऊ में स्थापित प्रतिमाओं के साथ विसर्जन हुआ। जिले के विभिन्न चरणों में स्थापित प्रतिभाओं का घाघरा और कल्याणी नदी तट पर गगन भेदी नारों के मध्य परिचय व्यवस्था में विसर्जन हुआ।

''रामनगर '':शारदीय नवरात्रि के पूर्ण होने पर विजय दशमी के दिन दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लास और प्रशासनिक निगरानी में सम्पन्न हुआ।क्षेत्र के अमोली कला बुढ़वल महादेवा नगर पंचायत रामनगर हरिनारायणपुर दुर्गापुर लहड़रा मीतपुर गजापुरवा गोबरहा गरी रानीगंज आगानपुर रानीबाजार भरसवा बलिदानपुरवा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों की कुल 90 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार सुबह 10 बजे से संजय सेतु के पास घाघरा नदी के तट पर संपूर्ण हुआ।यहीं पर समाजसेवी गौरीकांत दीक्षित द्वाराआयोजित भंडारा में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रहलाद सिंह अधिवक्ता अनमोल मिश्रा दिव्य प्रकाश शुक्ला अमित तिवारी मोहित अवस्थी प्रद्युम्न बाजपेई नैमिष मिश्रा सहित अन्य दूऊ अनुकरणीय सहयोग किया गया।

''सिद्धौर'' गुरुवार को पुलिस सुरक्षा बीच ट्रैक्टर ट्राली द्वारा गोमती नदी के नैपुरा घाट तक पर विसर्जन किया गया।डीजे बाजा पर बजते भक्तिमय गीतों की मधुर धुन पर नाचते थिरकते व अमीर गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालू जन भक्तिभाव रस से सराबोर नजर आए।वही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मध्य शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असंद्रा थानाध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी,सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा, अंजनी तिवारी, अरुण जायसवाल समेत भारी संख्या में पुलिस मौजूद रहीं।

''जैदपुर'': नगर पंचायत क्षेत्र जैदपुर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थापित दुर्गा माता प्रतिमाओं को पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में भक्तों व श्रद्धालुओं द्वारा कल्याणी नदी सफदरगंज ले जाया गया। इसी क्रम में कस्बा जैदपुर मोहल्ला गढ़ी कदीम स्थित शिव मंदिर से पूजा अर्चना के पश्चात धार्मिक झंडा से सुसज्जित ऊंट व घोड़े सवार हो माताजी के जयकारों अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्त गण वह श्रद्धालु डीजे की धुन पर भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धा भाव से थिरक रहे थे। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशियों व समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर शैलेंद्र जायसवाल विश्वनाथ जायसवाल रामू जैसवाल संजय गुप्ता श्यामू जायसवाल कल्लू जायसवाल गायत्री जायसवाल सहित सैकड़ो भक्ति गण उपस्थित रहे।

## शारदा नहर पटरी पर झाड़ियाँ और गड्ढे यात्रियों के लिए बना जोखिम का रास्ता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय से हरौरा बाजार तक, शारदा नहर की पटरी पर बनी सड़क पर बड़ी-बड़ी झाड़ियाँ कब्जा जमाए खड़ी हैं। इन झाड़ियों के कारण रास्ता इतना संकरा हो गया है कि दो वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया है। प्रतिदिन हजारों यात्री इस मार्ग से तहसील का सफर करते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा पर विभागीय जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे। 'गड्ढों से भरी सड़क, बढ़ा खतरा' नहर की सड़क पर सिर्फ झाड़ियाँ ही नहीं, बल्कि जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों ने भी यात्रियों की परेशानी दोगुनी कर दी है। जिससे वाहन चालकों को दुर्घटनाओं की संभावना और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत ऐसी है कि हर दिन का सफर जान जोखिम में डालकर करना पड़ता है। 'जनप्रतिनिधियोंऔर प्रशासन की घोर उपेक्षा' सबसे हैरानी की बात यह है कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों दलों के चार जनप्रतिनिधियों के क्षेत्र में नहर का यह भू भाग पड़ता है। बावजूद इसके किसी ने भी खतरों भरी सड़क के किनारे की ।

# राहुल-जुरेल-जडेजा के शतक, भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

एजेंसी

अहमदाबाद : भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बना लिए। ध्रुव जुरेल (125), रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से टीम ने 5 विकेट शेष रहते वेस्टइंडीज पर 286 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। वेस्टइंडीज की पहली पारी बृहस्पतिवार को 162 रन पर सिमटी थी। जडेजा और जुरेल ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के रास्ते को लगभग बंद कर दिया। स्टंप्स के समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (9) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान रोस्टन चेज ने दो विकेट लिये।



राहुल ने भारतीय पारी के 65वें ओवर में रोस्टन चेज की गेंद पर एक रन चुराकर 190 गेंद में अपना 11 वां टेस्ट शतक पूरा किया। घरेलू सरजमीं पर यह राहुल का सिर्फ दूसरा टेस्ट शतक है। उन्होंने इससे पहले 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी। लंच के लिए खेल रोके जाते समय राहुल के साथ विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (14) क्रीज पर मौजूद है। भारत ने दूसरे दिन की शुरुआती सत्र में कप्तान शुभमन गिल के रूप में अपना इकलौता विकेट गंवाया। गिल 100 गेंद में 50 रन बनाकर चेज की गेंद पर आउट हुए। पहले दिन वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। यह फैसला भारी पड़ता नजर आया। भारत ने तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज को पहली पारी में 162 रन पर ढेर कर दिया। सिराज ने 4 जबकि बुमराह 3 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर ने क्रमशः 2 और एक विकेट अपने नाम किया। वेस्टइंडीज की तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने 32 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। बारिश प्रभावित मैच में भारत ने दिन का खेल समाप्त होने तक लोकेश राहुल के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 2 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए और 41 रन पीछे हैं। राहुल के अलावा शुभमन गिल दिन की समाप्ति तक 18 रन से साथ क्रीज पर टिके रहे जबकि यशस्वी जायसवाल (36) और साई सुदर्शन (7) आउट हो गए।

## सीनियर महिला हॉकी अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप : फाइनल में रेलवे प्रमोशन बोर्ड का सामना इंडियन ऑयल से

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में चल रही 5वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 अब अपने फाइनल मुकाबले के करीब पहुंच गई है। आज खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली है। पहले सेमीफाइनल में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया को 3-1 से हराया। रेलवे की ओर से लालरेम्सियामी (7'), नवनीत कौर (39') और वंदना कटारिया (50') ने शानदार गोल दागे। वहीं, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए गारलंका वरहालम्मा (53') ने एकमात्र गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड - विमेंस ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस को 8-0 के बड़े अंतर से पराजित किया। विजेता टीम के लिए राजविंदर कौर (12', 43') ने दो गोल दागे, जबकि कप्तान उडिता (40'), मुमताज खान (49'), शर्मिला देवी (52'), ज्योति (56'), सीमा (58') और सुमन देवी टीएच (60') ने एक-एक गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। शनिवार सुबह 10 बजे तीसरे स्थान के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस आमने-सामने होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे फाइनल में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड खिताब के लिए भिड़ेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मीराबाई चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**फोर्ड (नॉर्वे)।** भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। आज यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं। इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी। मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं। 2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी। उन्होंने 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर पहला स्थान पाया। इस स्वर्ण पदक ने उन्हें सीधे ग्लासगो 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाई भी करा दिया।

### भ्रामक विज्ञापन देने पर दृष्टि आईएएस पर 5 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2022 के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए दृष्टि आईएएस (वीडीके एडुवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सीसीपीए ने यूपीएससी 2022 के परीक्षा परिणाम को लेकर भ्रामक विज्ञापनों के लिए दृष्टि आईएएस कोंचिंग पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना दृष्टि आईएएस ने अपने विज्ञापन में सफल उम्मीदवारों के नाम और तस्वीरों के साथ ''यूपीएससी सिविल सेवा 2022 में 216+ चयन'' का प्रमुखता से दावा किया था। उसके सही नहीं पाए जाने पर यह जुर्माना लगाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि जांच करने पर सीसीपीए ने पाया कि यह दावा भ्रामक था और इसमें उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों के प्रकार और अवधि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई गई थी। जांच से पता चला कि दृष्टि आईएएस द्वारा दावा किए गए 216 उम्मीदवारों में से, 162 (75 फीसदी) ने ही यूपीएससी सीएसई के प्रारंभिक और मुख्य चरणों में स्वतंत्र रूप से उत्तीर्ण होने के बाद, संस्थान के निःशुल्क साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया था। सिर्फ 54 छात्रों ने आईजीपी+ अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया था। मंत्रालय के मुताबिक इस महत्वपूर्ण जानकारी को जानबूझकर छिपाने से अभ्यर्थियों और अभिभावकों को यह विश्वास हो गया कि यूपीएससी परीक्षा के सभी चरणों में उनकी सफलता के लिए दृष्टि आईएएस उत्तरदायी है, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(28) के तहत एक भ्रामक विज्ञापन है। सीसीपीए ने यह भी नोट किया कि इसी तरह के आचरण के लिए दृष्टि आईएएस पर लगाया गया ये दूसरा जुर्माना है। इससे पहले प्राधिकरण ने ''यूपीएससी सीएसई 2021 में 150+ चयन'' के भ्रामक दावे के लिए दृष्टि आईएएस के विरूद्ध सितंबर 2024 में अंतिम आदेश पारित किया था। अब तक सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए विभिन्न कोचिंग संस्थानों को 54 नोटिस जारी किए हैं। 26 कोचिंग संस्थानों पर 90.6 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है, साथ ही ऐसे भ्रामक दावे बंद करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीसीपीए ने पाया कि ऐसे सभी संस्थानों ने अपने विज्ञापनों में सफल अभ्यर्थियों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत भ्रामक विज्ञापन के समान है। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि सभी कोचिंग संस्थानों को अपने विज्ञापनों में सूचना का सत्य प्रकटीकरण सख्ती से सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि छात्र अपने शैक्षणिक विकल्पों के संबंध में निष्पक्ष निर्णय ले सकें।

### फ्लैट लिस्टिंग के बाद ईयरकार्ट के शेयरों में तेजी, मुनाफ़े में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली।** हियरिंग ऐड्स और रिलेटेड एक्सेसरीज बनाने वाली कंपनी ईयरकार्ट लिमिटेड ने आज स्टॉक मार्केट में सांकेतिक बढ़त के साथ एंट्री की हालांकि लिस्टिंग के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण आईपीओ निवेशक फायदे में आ गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 135 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग सिर्फ 0.37 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 135.50 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी देर में ही 142.25 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 5.37 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। ईयरकार्ट लिमिटेड का 49.26 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 29 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से भी फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.28 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.63 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.35 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 31,30,000 नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 3,34,000 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.31 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

## भारतीय ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे के लिए तैयार, मनीषा चौहान होंगी कप्तान

**भारतीय ए टीम 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग के खिलाफ खेलेगी पांच मैचों की सीरीज़**

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे के लिए तैयार है। इस दौरान टीम 13 से 21 अक्टूबर 2025 तक लियाओनिंग टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज़ खेलेगी। सभी मुकाबले डालियान स्थित लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जाएंगे। यह दौरा भारतीय महिला हॉकी की नई पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव दिलाने और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल से रूबरू कराने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। भारतीय ए और लियाओनिंग टीम के बीच मुकाबले 13, 15, 17, 19 और 21 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इस दौरे को भारतीय महिला हॉकी कार्यक्रम के विकास का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को नए माहौल में ढालना और उन्हें उच्च स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। टीम की कप्तानी अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान को सौंपी गई है, जो अपने नेतृत्व और रणनीतिक समझ के लिए जानी जाती हैं। टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी भारतीय महिला हॉकी टीम के एनालिटिकल कोच डेव स्मोलेनर्स संभालेंगे। डेव स्मोलेनर्स ने कहा, हमने एक संतुलित और युवा टीम तैयार की है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं। चीन दौरा खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमताएं दिखाने, नए माहौल में सीखने और अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर है। मुझे विश्वास है कि यह खिलाड़ी दृढ़ संकल्प और टीमवर्क के साथ इस अवसर का पूरा लाभ उठाएंगे। भारत ए महिला टीम (19 सदस्यीय) ऽ चीन दौरे के लिए गोलकीपरः- बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो। डिफेंडरः- मनीषा चौहान (कप्तान), अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छेत्री, महिमा चौधरी, अंजना डुंगडुंग। मिडफील्डरः- सुजाता कुजुर, दीपिका सोरेंग, अजमीना कुजुर, पूजा यादव, बलजीत कौर, दिपि मोनिका टोप्पो। फॉरवर्डः- अलबेला रानी टोप्पो, ऋतिका सिंह, अन्नु, चंदना जगदीशा, काजल सदाशिव अटपदकर, सेलेस्टिना होरो।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिपः एरेल मिडलटन ने अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराया

नई दिल्ली। संयुक्त राज्य अमेरिका की युवा एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की शॉटपुट क्ष्64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन का दबदबा तोड़ दिया। दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत ज़ोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की। 12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में क्ष्64 में रजत पदक जीतने वाली 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं।

## सरकार ने पीएलआई योजना के लिए आवेदन की समय-सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ाई

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कपड़ा उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत नए आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी है।

कपड़ा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सरकार ने पीएलआई योजना के तहत वस्त्र उद्योग के लिए आवेदन जमा करने की समय-सीमा बढ़ा दी है। पीएलआई योजना के लिए आवेदन 31 दिसंबर, 2025 तक खुले रहेंगे। अगस्त, 2025 से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया में मानव निर्मित रेशे (एमएमएफ) परिधान, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्र निर्माण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के बाद, समय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए इच्छुक आवेदक अपने प्रस्ताव आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टलः https://pli.texmin.gov.in/ के जरिए प्रस्तुत कर सकते हैं। मंत्रालय ने पीएलआई योजना के तहत मानव निर्मित फाइबर परिधान, एमएमएफ फैब्रिक्स और टेक्निकल टेक्सटाइल सहित क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आवेदन मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है। अगस्त 2025 इसके लिए आवेदन लेने शुरू किए गए थे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाना पीएलआई योजना के तहत निवेश के लिए उद्योगों की रूचि और घरेलू वस्त्र निर्माण क्षेत्र में बढ़ती मांग और विश्वास को दर्शाता है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच व्यापार एवं ऊर्ज़ा असंतुलन भी चुनौतीः सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि ऐसे समय में जब विश्व की अर्थव्यवस्था संरचनात्मक बदलाव के दौर से गुजर रही है, तब भारत की बाहरी झटकों को झेलने की क्षमता मजबूत है। उन्होंने कहा कि देश को केवल वैश्विक अनिश्चितताओं से नहीं, बल्कि व्यापार एवं ऊर्ज़ा असंतुलन से भी निपटना है। वित्त मंत्री ने यहां आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच टैरिफ वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार दे रहे हैं, जबकि भारत 8 फीसदी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि की आकांक्षा रखता है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को भारत में अवसर दिखने लगे हैं; पूंजीगत व्यय के लिए सरकार की प्रतिबद्धता कायम है। भारत में निजी क्षेत्र के निवेश के लिए अवसर दिखने लगे हैं, खासकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं में रुचि बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें 8 फीसदी जीडीपी वृद्धि दर हासिल करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक आत्मनिर्भरता के जरिए विकसित भारत बनने का मतलब यह नहीं है कि हम एक बंद अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। हम अभूतपूर्व वैश्विक अस्थिरता के दौर में हैं। हालांकि, भारत में बाहरी झटकों को झेलने की मजबूत क्षमता है।'' सीतारमण ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 8 फीसदी की विकास दर बनाए रखनी होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चल रही वैश्विक उथल-पुथल का भारत की जीडीपी पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। इस अवसर पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की विशेष सलाहकार एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार और बहुपक्षीय सहयोग मारी एल्का पंगेस्टु और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस के अध्यक्ष एवं कुलपति लैरी क्रेमर उपस्थित थे।

## सर्राफा बाजार में तेजी जारी, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला लगातार जारी है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,18,680 रुपये से लेकर 1,18,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,08,790 रुपये से लेकर 1,08,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,53,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,18,830 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,08,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,18,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,08,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,18,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,08,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,18,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,08,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,18,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,08,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,18,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,08,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,18,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,08,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## गोयल और लॉरेंस वोंग ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर की चर्चा

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ सिंगापुर सिटी स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए निवेश बढ़ाने पर की चर्चा।

वाणिज्य मंत्री गोयल ने एक्स पोस्ट में बैठक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि चर्चाओं से दोनों देशों की अपने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत गति को बनाए रखने और भविष्य में विकास की व्यापक संभावनाओं का पता लगाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात करके मुझे खुशी हुई। अपनी यात्रा के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी (एसआईएईसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिन याउ सेंग से भी मुलाकात की, जहां उन्होंने विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र में भारत-सिंगापुर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस चर्चा में नवाचार, कौशल विकास और निवेश में सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य भारत के बढ़ते एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना और वैश्विक संपर्क को मजबूत करना था। गोयल ने कैपिटललैंड इन्वेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ली ची कून और वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। चर्चा भारत में सतत शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार, विशेष रूप से लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटर्स पर केंद्रित रही। साथ ही रणनीतिक सहयोग के जरिए भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने के नए अवसरों की भी खोज की गई। उन्होंने रॉयल गोल्डन ईगल ग्रुप के अध्यक्ष ते वेई लिन से भी मुलाकात की। तमिलनाडु के थूथुकुडी में ईगल ग्रुप की आगामी ग्रीनफील्ड परियोजना का स्वागत किया, जिसके तहत अगली पीढ़ी के मानव निर्मित रेशे का उत्पादन किया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल तकनीक से रोजगार के अवसर पैदा होंगे, भारत की वस्त्र मूल्य शृंखला मज़बूत होगी और भारत-सिंगापुर आर्थिक संबंध और गहरे होंगे।

# मप्र के खंडवा में हुए हादसे में जान गंवाने वाले 11 लोगों का हुआ अंतिम संस्कार, मंत्री शाह ने परिजनों को बंधाया ढांढस

एजेंसी

भोपाल/खंडवा । मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में गुरुवार को दुर्गा विसर्जन के दौरान तालाब के बैकवाटर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से जान गंवाने वाले 11 लोगों का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को पन्धाना तहसील के ग्राम जामली राजगढ़ (पाडला फाटा) में मृतकों के परिजन के घर जाकर संवेदना प्रकट की।

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने मृतकों के परिजन को हर संभव मदद प्रदान किये जाने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने दुर्घटना के घायलों के हर संभव इलाज के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ था हादसा, मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृतकों के परिजन से मिले मंत्री विजय शाह, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

मंत्री डॉ. विजय शाह ने मेडिकल कॉलेज खंडवा के अधीक्षक डॉक्टर रंजीत बडोले से फोन पर बात कर दुर्घटना के घायल मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आवश्यकता हो तो घायलों को उच्च स्तरीय उपचार के लिये इंदौर रेफर किया जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार एयरश्री एंबुलेंस सुविधा की मदद भी लें। उन्होंने इस दौरान मृतकों के परिवार की बेटी सोनू और पिंकी खरते का अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छात्रावास में एडमिशन कराने के निर्देश भी दिए।



खंडवा जिले के पंधाना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाडलफाटा के लोग गुरुवार शाम को ग्राम अर्दला में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए गए हुए थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिर गई, जिससे इस हादसे में आठ बच्चियों समेत 11 लोगों की मौत हो गई थी। रात करीब नौ बजे तक रेस्क्यू चलाकर सभी के शव बरामद किए गए। इनमें नौ साल के बच्चे से लेकर 25 साल तक के युवा शामिल हैं। शुक्रवार को पंधाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शवों को एक-एक कर एम्बुलेंस से पाडलफाटा गांव लाया गया, जहां इन सभी मृतकों का अंतिम संस?कार किया गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आसपास के गांव के लोग भी पाडलफाटा गांव पहुंचे। इस संवेदनशील स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पाडलफाटा गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर और डीएसपी हेडक्वार्टर अनिल सिंह चौहान खुद मौके पर मौजूद हैं। मृतकों में आयुष (9) पुत्र भारत , रेव सिंग (13) पुत्र मुंशी सिंह, दिनेश (13) पुत्र शांतिलाल, शर्मिला (15) पुत्र प्यार सिंह, संगीता (16) पुत्री ज्ञान सिंह, किरण (16) पुत्री रेमसिंग, उर्मिला (16) पुत्री रेलसिंग, गणेश (20) पुत्र तेर सिंह, पाटली (25) पुत्री कैलाश, आरती पुत्री प्यार सिंह और आठ वर्षीय चंदा नाम की बालिका है। वहीं, तीन लोग- सोनू (16) पुत्र थावर सिंह, सोनू (18) पुत्र रिशू और मंजुला (17) पुत्री मांगीलाल गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका खंडवा के जिला अस्पताल में उपचार जारी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी शोक प्रकट कर पीड़ितों के परिजनों और घायलों के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का ऐलान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय से गुरुवार देर रात जारी बयान में कहा गया कि 'पीएम मोदी मध्य प्रदेश के खंडवा में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुःखी हैं। इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं।' उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है।

## सीबीआई ने दो अधिकारियों को रिश्वतखोरी के मामलों में किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो अलग-अलग मामलों में दो सरकारी अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारियों में गांधीनगर (गुजरात) के कंट्रोलर जनरल ऑफ डिफेंस अकाउंट्स (सीजीडीए) के ऑडिटर अशोक कुमार जादव और नांदेड़ (महाराष्ट्र) स्थित डिविजनल रेलवे अस्पताल के मुख्य कार्यालय अधीक्षक लक्ष्मीशंकर माथुराप्रसाद शामिल हैं। सीबीआई के मुताबिक पहले मामले में आरोप है कि ऑडिटर अशोककुमार जादव ने पुणे एयरफोर्स बेस पर सीसीटीवी सप्लाई ऑर्डर की फाइल पास करने के लिए चार लाख रुपये (बोली राशि ढाई करोड़ रुपये का 2 प्रतिशत) रिश्वत मांगी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने 30 सितंबर को उन्हें साढ़े तीन लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपित को अहमदाबाद से ट्रांजिट रिमांड लेकर विशेष न्यायाधीश, पुणे के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 4 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया। दूसरे मामले में नांदेड़ रेलवे अस्पताल के मुख्य कार्यालय अधीक्षक लक्ष्मीशंकर पर आरोप है कि उन्होंने एक निजी कंपनी के लंबित बिल (91,576 रुपये) और परफॉर्मेंस गारंटी (1.25 लाख रुपये) से जुड़े कार्य को निपटाने के लिए 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद यह रकम 20 हजार रुपये तय हुई।

# पेज एक का शेष

### पाक...

पूरे ऑपरेशन का नाम एक ही रखा गया था, जबकि इससे पहले जो भी ऑपरेशन किए गए हैं, उनके नाम अलग-अलग हुआ करते थे।

सेना प्रमुख ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला होने के बाद जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, उस समय पूरा विश्व भारत के साथ जुड़ गया था। पूरे विश्व ने इस आतंकी हमले की निंदा की थी। उन्होंने कहा- भारत ने पाकिस्तान में 9 टारगेट हिट किए थे, इनमें से 7 आर्मी ने और 2 वायु सेना की ओर से हिट किए गए थे।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यह भी कहा कि जिन आतंकी ठिकानों को भारत ने खत्म किया था, उनका सबूत भी पूरी दुनिया को दिखाया है। अगर भारत सबूत नहीं दिखाता तो पाकिस्तान इन सबको छुपा लेता। उन्होंने कहा कि इस बार भारत पूरी तैयारी के साथ है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में अच्छा काम करने वाले सेना के तीन अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीएसएफ की 140वीं बटालियन के कमांडेंट प्रभाकर सिंह, राजपूताना राइफल्स के मेजर रितेश कुमार और हवलदार मोहित गैरा को सम्मानित किया गया।

### वायु सेना ...

पर रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को हुए नुकसान पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया है। इन हमलों के कारण पाकिस्तान के कम से कम चार जगहों पर रडार, दो जगहों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे क्षतिग्रस्त हुए हैं। तीन अलग-अलग स्टेशनों में उनके तीन हैंगर क्षतिग्रस्त हुए हैं। हमारे पास एक सी-130 श्रेणी के विमान गिरने के संकेत हैं और कम से कम 4 से 5 एफ-16 लड़ाकू विमान मार गिराए हैं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उनकी एक एसएएम प्रणाली नष्ट हो गई है। जहां तक एयर डिफेंस सिस्टम की बात है, तो रूस निर्मित एस-400 एक अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई है। एयर चीफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर को इस साल का सबसे सफल ऑपरेशन बताया है। भारत की तीनों सेनाओं ने मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। दुश्मन को किसी तरह की आजादी नहीं दी। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि यह इतिहास में दर्ज होगा कि हमने 300 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तक लक्ष्यों को मार गिराकर उनकी गतिविधियों पर गंभीर रूप से अंकुश लगाया। उन्होंने कहा कि रूस में निर्मित एस-400 एक अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई है।

पाकिस्तान के साथ अचानक संघर्ष विराम पर वायु सेना ने कहा कि दुनिया में इस वक्त 2 युद्ध चल रहे है, जिसके थमने पर चर्चा नहीं हो रही, लेकिन हमारी सेना की कार्रवाई ने दुश्मन देश को बातचीत के लिए मजबूर कर दिया। तीनों सेनाओं ने एक साथ योजना बनाई और उसे एक साथ मुकाम तक पहुंचाया। वायुसेना प्रमुख ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच एफ-16 और जेफ-17 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान अचूक, अभेद और सटीक को इस तरह डिजाइन किया कि सिर्फ एक रात में दुश्मन को घुटनों पर ला दिया। वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का एक और वीडियो जारी करके दिखाया कि किस तरह आतंकी टारगेट या उसके बाद पाकिस्तानी वायु सेना के एयर बेस प्रिसिजन स्ट्राइक के जरिए बर्बाद किए गए।

उन्होंने इस ऑपरेशन के दौरान मिले सबक पर बात करते हुए 'आत्मनिर्भरता' पर जोर दिया, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी दूसरे पर निर्भर न रहना पड़े। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि एएमसीए को इस दशक में पहली उड़ान भरनी है और 2035 तक इसे शामिल और संचालित किया जाना है। कम से कम दो स्क्वॉड्रन की संख्या वाले एयरक्राफ्ट हर साल बनने चाहिए, यानी हर साल वायु सेना को 30-40 विमानों की जरूरत होगी। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि तीनों सेनाओं ने स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र को लेकर काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इतिहास में यह बात दर्ज होगी कि यह एक ऐसा युद्ध था, जो बहुत ही स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू हुआ था और इसे बिना ज्यादा समय दिए और शीघ्रता से समाप्त कर दिया गया। हम देख रहे हैं कि दुनिया में क्या हो रहा है। हम उन्हें उस स्थिति तक पहुंचा सकते थे, जहां वे युद्धविराम की मांग करते या युद्ध समाप्त करने की मांग करते। साथ ही हमने एक राष्ट्र के रूप में शत्रुता को समाप्त करने का निर्णय लिया, क्योंकि हमारे अपने उद्देश्य थे। यह कुछ ऐसा है, जो दुनिया को हमसे सीखने की जरूरत है।

ऑपरेशन के दौरान भारत को हुए नुकसान के बारे में पूछने पर वायु सेना प्रमुख ने कुछ भी बताने से साफ इनकार किया।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बोलने दो, उनके बोलने से कुछ नहीं होता। पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने बदलने की खबर संज्ञान में लाने पर उन्होंने कहा कि हमारे विकल्प वहीं रहेंगे, हम उन बदले हुए ठिकानों को भी नष्ट करने की क्षमता रखते हैं। चुनौतियां चलती रहेंगी। अगर वो अपनी तैयारी करते हैं, तो हमें अपनी तैयारी करनी पड़ेगी। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि वायु सेना ने अपनी लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रोडमैप 2047 तैयार किया है।

### जुमे...

विशेष निगरानी रखी जा रही है। संवेदशनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ गश्त कर रहे हैं। एलआईयू को भी सक्रिय किया गया है। यूपी पुलिस की साइबर सेल, सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर नजर रख रही है। अफवाह फैलाने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 'आई लव मोहम्मद' को लेकर बीती 26 सितंबर को बरेली जिले में बवाल हुआ। पत्थरबाजों ने पुलिस पर पथराव किये। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को सख्त रवैया अपनाना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते बवाल के मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा समेत लगभग 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उपद्रवियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी कर रही है। गुरुवार को शासन की ओर से बरेली जिले में पुलिस अधिकारियों सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के साथ इंटरनेट सेवा निलम्बित कर दिया गया था।

### जानलेवा...

नमूने एकत्र किए गए। इन नमूनों की अब तक जांच में किसी भी सिरप के नमूनों में घातक रसायन डाइएथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल की मौजूदगी नहीं पाई गई है।

मंत्रालय ने बताया कि एनसीडीसी, एनआईवी, सीडीएससीओ समेत विभिन्न संस्थानों की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर सिरप, रक्त और अन्य नमूने एकत्र किए थे। मध्य प्रदेश की राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने भी तीन नमूनों की जांच की, जिनमें डाइएथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल अनुपस्थित थे। वहीं एनआईवी पुणे की जांच में एक मामले में लेप्टोस्पायरोसिस संक्रमण की पुष्टि हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पानी, मच्छरों व अन्य वाहकों तथा श्वसन तंत्र से जुड़े नमूनों की जांच अभी जारी है। एनसीडीसी, एनआईवी, आईसीएमआर, एम्स नागपुर और राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों की बहु-विषयक टीम सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है। वहीं, राजस्थान में बच्चों की मौतों से जुड़े मामलों पर भी मंत्रालय ने जानकारी दी है। मंत्रालय ने इन मामलों को लेकर कहा है कि यहां जिस सिरप से मौतों की बात की जा रही है उसमें प्रोपाइलीन ग्लाइकोल मौजूद नहीं था। यह सिरप डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन आधारित था, जिसे बच्चों के लिए प्रयोग में नहीं लिया जाता।

इस बीच, इस बीच स्वास्थ्य सेवा महानिदेशाल (डीजीएचएस) ने बच्चों के इलाज के लिए कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग पर सलाह जारी की है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं देने से भी मना किया है। उन्होंने कहा है कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी और जुकाम की दवाइयां नहीं दी जानी चाहिए।

### अतीक...

कर तब जबकि संबंधित कैदी सुरक्षा और तमाम कारणों से नैनी जेल प्रयागराज से सैकड़ों किलोमीटर दूर झांसी जेल में ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने आरोप सही पाए जाने पर जेल अधीक्षक सहित अन्य का उत्तरदायित्व निर्धारित किए जाने की मांग की है। यह जानकारी आजाद अधिकार सेना की प्रवक्ता डॉ.नूतन ठाकुर ने दी। इस सम्बन्ध में अमिताभ ठाकुर ने अपना वीडियो भी जारी किया है।

### विदेशी...

जो आज भारत विरोधी शक्तियों के सरदार बनते प्रतीत हो रहे हैं। उन्होंने विदेश की धरती से एक और ऐसा बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। सवाल ये उठता है कि राहुल गांधी जब विदेश जाते हैं तो उन्हें ये क्यों नहीं दिखाई पड़ता है कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने दिसंबर 2024 में बकायदा रिसर्च की है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन कैसा हुआ, इस पर एक केस स्टडी की है। ये राहुल गांधी को क्यों नहीं दिखाई पड़ता। राहुल गांधी सहित इंडी गठबंधन को मोदियाबिंद हो गया है।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा किया है, क्योंकि विदेशों में भारत की छवि खराब करने वाले बयानों का उनका लंबा इतिहास रहा है। 6 मार्च 2023 को लंदन के चैथम हाउस में उन्होंने सवाल किया था कि लोकतंत्र के रक्षक, अमेरिका और यूरोप, चुप क्यों हैं। क्या इससे बड़ा अपमान और हो सकता है? जब राहुल गांधी विदेश यात्रा पर जाते हैं, तो वे इस तथ्य को क्यों नज़रअंदाज़ कर देते हैं कि दिसंबर 2024 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने मोदी सरकार के तहत भारत के डिजिटल परिवर्तन पर एक केस स्टडी की थी। जबकि वे बेतुके बयान देते हैं, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की वही रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक एआई कौशल प्रसार में भारत पहले स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल टाइम्स ने जनवरी 2023 में कहा कि भारत ने कुछ सालों में अपनी अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से ढांचागत सुधार किया है उससे भारत बहुत शक्तिशाली बना है। विदेश में जाकर बोलने वाले राहुल गांधी जी को ये चीजें क्यों नजर नहीं आती है।

उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी में ऐसी कौन सी प्रतिभा है जिसके लिए उन्हें विदेश की यूनिवर्सिटीज बुलाती हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता। और एक बात है कि राहुल गांधी को भारत में किसी भी यूनिवर्सिटीज में नहीं बुलाया जाता है। फिर सवाल ये है कि भारत के बाहर ही उनको क्यों बुलाया जाता है। ये अपनेआप में यक्ष प्रश्न है।

उल्लेखनीय है कि कोलंबिया की ई आई ए विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने कहा है कि भारत पर सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहा हमला है। भारत में कई धर्म, परंपराएं और भाषाएं हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबको जगह मिलती है। लेकिन इस वक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था पर चौतरफा हमला हो रहा है। राहुल ने कहा कि भारत चीन की तरह अपने लोगों को दबा कर नहीं चल सकता।

### बांग्लादेश....

की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थक तत्व पहाड़ी क्षेत्र में अशांति फैला रहे हैं। उन्होंने दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हालात बिगाड़ने की साजिश का भी आरोप लगाया।

### 2029...

दुग्ध उत्पादक समिति के सदस्यों की बेटियों की शादी में 1100 रुपये शगुन भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।

### नागरिकों...

जन्म में ताड़का, मारीच, शूर्पणखा के सहयोगी रहे होंगे। इसी तरह बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने लोग पूर्व जन्म में दुर्योधन और दुशासन के शागिर्द रहे होंगे। ऐसे लोगों से समाज को सतर्क रहना होगा।

रामराज्य की स्थापना के शंखनाद का पर्व है विजयदशमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म, अन्याय और अत्याचार के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्रीराम द्वारा रामराज्य की स्थापना के शंखनाद का पर्व है। रामराज्य हर देशकाल, परिस्थिति में अक्षरशः सही है। इसीलिए सनातनी लोग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के उपकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने को रावण का पुतला दहन करते हैं और श्रीराम का अभिनंदन करके उनका वंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने धरा पर सबसे चरित्रवान व्यक्तित्व की लेखनी से मानव को मार्गदर्शन देने के लिए जब अपनी लेखनी उठाई तो उन्होंने श्रीराम को साक्षात धर्म का रूप पाया। उनके अनुसार राम में धर्म के सभी आग्रह मौजूद हैं। श्रीराम हर सनातनी के रोम-रोम और श्वांस में बसे हैं। योगी ने कहा कि 90 के दशक में जब संचार के साधन काफी कम थे तब दूरदर्शन पर प्रसारित रामायण सीरियल की रीच 66 करोड़ से अधिक थी। इतना लोकप्रिय धारावाहिक कोई भी नहीं हुआ। कारण यह कि राम की कथा सबके लिए प्रेरणादायी है। कोरोना काल में भी जब इसका प्रसारण हुआ तो यह सर्वाधिक लोकप्रिय धारावाहिक सिद्ध हुआ। आज का जनसैलाब भी इस बात की गवाही दे रहा है कि राम हर एक आयोजन के जरिए कुछ न कुछ संदेश देकर हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बनते हैं।

आरएसएस जैसा तेजस्वी-ओजस्वी संगठन दुनिया में नहीं : सीएम योगी

विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरएसएस जैसा तेजस्वी और ओजस्वी संगठन पूरी दुनिया में नहीं है। विपरीत परिस्थितियों में भी इसने समाज को संबल देकर भारतीय मूल्यों और आदर्शों की रक्षा की है। जो कार्य सरकारें नहीं कर पाईं, वह कार्य आरएसएस ने करके दिखाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा में सेवा के माध्यम से इस संगठन ने समाज को जोड़ने का कार्य किया है। बारह हजार से अधिक शिशु मंदिरों, विद्या भारती के जरिए तथा हजारों स्वास्थ्य प्रकल्पों के माध्यम से इसने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। भारतीय मजदूर संघ के माध्यम से श्रमिकों और श्रीराम वनवासी छात्रावास के जरिए वनवासी बच्चों के कल्याण की बात हो या फिर गोरक्षा की, आरएसएस का योगदान समाज के हरेक क्षेत्र में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरएसएस के अभिनव संकल्प का सबसे बड़ा सरकार रूप है। अयोध्या में बना श्रीराम मंदिर। श्रीराम मंदिर सनातन संकल्प और एकता की ताकत का एहसास भी है। योगी ने कहा कि आरएसएस ने विभिन्न क्षेत्रों में जो कार्य किए हैं। उसके लिए प्रत्येक भारतीय और हर सनातनी को कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्ता के प्रति कृतज्ञापित करना सनातन की पहचान है। कृतज्ञता ज्ञापन धर्म भी है और दायित्व भी।

एकजुट रहेंगे तो बाल बांका नहीं कर पाएगी दुनिया की कोई भी ताकत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें समाज के दुश्मनों से सावधान रहना होगा। जिन्हें सौहार्द पसंद नहीं है, उनसे भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार धर्मांतरण विरोधी और लव जिहाद के खिलाफ भी विधेयक लाई है। इन दोनों प्रकार की साजिशों से सख्ती से निपटा जा रहा है लेकिन समाज को भी जागरूक रहना होगा। यदि हम एकजुट रहेंगे तो दुनिया की कोई भी ताकत हमारा बाल बांका नहीं कर पाएगी।

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, काशी से आए जगदुरु स्वामी संतोषाचार्य सतुआ बाबा, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, रामलीला समिति के महामंत्री पुष्पदंत जैन, मनीष अग्रवाल, कीर्ति रमण दास, दीप अग्रवाल, राजीव रंजन अग्रवाल, सुधीर जैन आदि मौजूद रहे।

### नागरिकों ...

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है। इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें।

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे। एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। इस दौरान उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

### प्रधानमंत्री ...

सहायता भत्ता योजना के तहत हर साल लगभग पांच लाख स्नातक युवाओं को दो साल तक 1,000 रुपये मासिक भत्ता और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। वहीं, क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 4 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण उपलब्ध होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री बिहार युवा आयोग का उद्घाटन करेंगे, जो 18 से 45 वर्ष के युवाओं के लिए एक वैधानिक निकाय होगा। वे जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन भी करेंगे, जो उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कार्यबल तैयार करने पर केंद्रित होगा। प्रधानमंत्री मोदी पीएम-उषा (प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान) के अंतर्गत बिहार के चार विश्वविद्यालयों—पटना विश्वविद्यालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय (मधेपुरा), जय प्रकाश विश्वविद्यालय (छपरा) और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय (पटना)—में नई शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला भी रखेंगे। लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ये सुविधाएं 27 हजार से अधिक छात्रों को लाभान्वित करेंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एनआईटी पटना के बिहटा परिसर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिसमें 5जी यूज केस लैब, इसरो के सहयोग से क्षेत्रीय अंतरिक्ष शैक्षणिक केंद्र और नवाचार एवं इनक्यूबेशन केंद्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बिहार सरकार में 4 हजार से अधिक नवनियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और मुख्यमंत्री बालक/बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 9 और 10 के 25 लाख छात्रों को 450 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण करेंगे।

# 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की 25 लाख लाभुक महिलाओं को 2500 करोड़ रुपये की राशि का हुआ अंतरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की 25 लाख लाभुक महिलाओं को 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 2500 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया।

उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का शुभारंभ 26 सितम्बर 2025 को किया गया था और उस दिन 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित की गयी थी। यानि अब तक कुल 1 करोड़ लाभुक महिलाओं के खाते में अब तक 10 हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित



की जा चुकी है। आज एक करोड़वीं लाभार्थी अंजु कुमारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अपना अनुभव साझा किया तथा प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत आर्थिक सहायता के रूप में 10000 रु0 की प्रारंभिक राशि दी जा रही है। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के बाद आकलन कर 2 लाख रु0 तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी, वे आत्म निर्भर बनेंगी। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।

# सात साल के मासूम के अपहरण की गुत्थी सुलझी, चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के विकासपुरी थाना पुलिस ने सात वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले को सुलझाते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल फोन बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हरियाणा निवासी मुख्य आरोपित अजय वर्मा (24), अमित (18), सचिन (20) और अजय (20) के रूप में हुई है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त शरद भास्कर दराडे ने शुक्रवार को बताया कि 28 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका 7 साल का बेटा 27 सितंबर को स्कूल से लौटकर घर नहीं आया। महिला ने शक जताया कि उसके पूर्व साथी अजय वर्मा ने बच्चे का अपहरण किया है। महिला पहले अजय के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह चुकी थी। शिकायत मिलते ही विकासपुरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने स्कूल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें दो लोगों को बच्चे को मोटरसाइकिल पर ले जाते देखा गया। जांच में पता चला कि अजय वर्मा अपने दोस्त की मदद से बच्चे को अपहरण कर हांसी भाग गया है। पुलिस को तकनीकी निगरानी और सोशल मीडिया ट्रैकिंग के जरिए सुराग मिला और हांसी के एक फार्महाउस से बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया। मुख्य आरोपित अजय वर्मा और उसके दो साथी अमित व सचिन मौके से गिरफ्तार किए गए। वहीं दिल्ली से आरोपित अजय (अजय वर्मा का दोस्त) को भी दबोचा गया और उसकी निशानदेही पर एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक अजय वर्मा महिला से फिर से साथ रहने के लिए दबाव डाल रहा था। जब महिला ने इनकार कर दिया तो उसने बच्चे का अपहरण कर धमकी दी कि अगर वह हांसी लौटकर नहीं आई तो वह बेटे को नहीं छोड़ेगा।

# सोशल मीडिया पर हेट स्पीच वालों पर होगी कार्रवाई: गौरव यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस महानिदेशक ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर हेट स्पीच और अपराधियों का महिमा-मंडन कर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जेलों से रची जा रही साजिशों को रोकने के पर फोकस करने के लिए भी कहा है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के बाद करीब आठ मिनट का एक वीडियो संदेश जारी किया। डीजीपी ने कहा कि जो हार्डकोर क्रिमिनल हैं, उनसे सख्ती से निपटा जाए। जो लोग मिस गाइडेड हैं, उनकी काउंसलिंग भी की जा सकती है। ऐसे लोग पुलिस के लिए अच्छे सोर्स बन सकते हैं, जिससे अपराधों पर नकेल कसी जा सकेगी। डीजीपी ने कहा कि हर जिले के एसएसपी, डीएसपी और एसएचओ को पता होना चाहिए कि उनके जिले के कौन-से 10ऽ20 बड़े नशा सप्लायर हैं। उन पर क्या एक्शन हो रहा है, क्या वे जेल में हैं या फरार हैं, या अभी भी नशा बेच रहे हैं। कन्वेक्शन रेट 87 फीसदी है। डीजीपी ने बताया कि पहले जब नशा तस्करों को पकड़ा जाता था, तो सैंपल जांच के लिए सीएफएसएल भेजे जाते थे, लेकिन जांच रिपोर्ट आने में समय लग जाता था। ऐसे में अब ड्रग किट का प्रयोग किया जाएगा, जिससे मौके पर पता चल जाएगा कि पकड़ा गया पदार्थ क्या है। सारे जिलों में सोशल मीडिया सेल बनाए जा रहे हैं। सभी जिलों के एसएसपी व उच्च स्तर के अधिकारियों को सेल से संपर्क करना चाहिए। साथ ही कोई चीज सामने आती है, तो तुरंत एक्शन लिया जाना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि जेलों के अंदर से सारी साजिशें बन रही हैं। एक तो जेलों में सोर्स बनाओ, उन्हें समय-समय पर प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आओ; इसके साथ ही जेलों की जांच भी चलाई जाएगी।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया सिख समाज, फतवा टांडा गुरुद्वारा से राहत सामग्री रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। इसी उदाहरण को पेश करते हुए लक्सर के फतवा टांडा स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा से पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री रवाना की गई। शुक्रवार को आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में जनपद हरिद्वार के विभिन्न गुरुद्वारों से पहुंचे सिख समाज के लोगों के साथ-साथ हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर बाढ़ पीड़ितों के लिए खाद्य सामग्री, अनाज, आटा-दाल, कपड़े, आवश्यक दवाइयां, फसलों के लिए बीज और खाद जैसी जरूरी वस्तुओं को एक वाहन में भरकर पंजाब के लिए रवाना किया। राहत सामग्री भेजने के इस मौके पर पूरे क्षेत्र से सामाजिक एकजुटता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। फतवा,



खानपुर, बाकरपुर, भिक्कमपुर, शिवपुरी, अलावलपुर, शेरपुर, भुआपुर, गंगदासपुर, शाहपुर, बाडीटीप और तिलकपुरी से हिंदू, मुस्लिम और सिख समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा समिति ने कहा कि गुरु साहिब की सीख यही है कि जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। पंजाब के भाई-बहनों पर आई इस आपदा को हम सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझा और हरिद्वार की संगत ने मिलकर यह राहत सामग्री तैयार कर रवाना की। गुरुद्वारा समिति ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर और अधिक सहयोग पंजाब भेजा जाएगा।

## अलीनगर थाना के चौकीदार श्रीपती पासवान को दी गई भावभीनी विदाई

दरभंगा। अलीनगर थाना के चौकीदार के पद पर वर्षों तक सेवा देने के बाद, नरमा नावानगर पंचायत के श्यामपुर गाँव निवासी श्रीपती पासवान को सेवानिवृत्ति पर आज भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष विनय मिश्र ने उन्हें पाग, माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चौकीदार थाने के सुचारु संचालन में रीढ़ की तरह होते हैं। इनके सुझाव और अनुभव कई मामलों में उपयोगी सिद्ध होते हैं और समाज में इनके खड़े होने मात्र से कई समस्याएँ स्वतः हल हो जाती हैं। मौके पर सीओ कुमार शिवम ने कहा कि नौकरी में रिटायर होना तो सभी के लिए एक निश्चित दिन है, लेकिन सेवा के दौरान मिलजुलकर और निष्पक्ष होकर काम करना बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में एसआई विकास मंडल, एएसआई विकास कुमार, एएसआई हरे राम, दफादार मो. नेमतुल्लाह, शिवलाल पासवान, जमीलुर रहमान आजाद, प्रमोद कुमार पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## जमुई में 19.73 करोड़ की लागत से बनेगा अटल कला भवन :सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के जमुई जिला मुख्यालय में अटल कला भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना के निर्माण के लिए कुल 19 करोड़ 73 लाख 26 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बयान जारी कर बताया कि अटल कला भवन बनने से जमुई जिले को सांस्कृतिक दृष्टि से एक नया आयाम मिलेगा। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा और स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक उच्चस्तरीय केंद्र बनेगा। इसके बनने से स्थानीय प्रतिभाओं को जहां मंच मिलेगा, वहीं बिहार की कला व संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा।

# कटिहार में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर कोशी क्षेत्रीय विकलांग, विधवा, वृद्ध, कल्याण समिति के द्वारा स्थानीय शिक्षा निकेतन, बिनोदपुर में वृद्ध व्यक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वृद्ध व्यक्तियों का समाज में योगदान एवं चुनौतियां को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर केबी झा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर प्रभु नारायण लाल दास और वासुदेव नायक ने पौधों को जलांजलि देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोफ़ेसर नारायण लाल दास ने कहा कि वृद्ध जनों का सम्मान हर दिन हमारे मन में होना चाहिए, और उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकना अनिवार्य है। कार्यक्रम



का अध्यक्षता करते हुए विजय शुक्ला ने मौके पर मौजूद सभी वृद्ध जनों को अंग वस्त्र देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयं सेवक धीरेन्द्र नाथ झा ने कहा कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान का भंडार है, और उनका अनुभव और समाज के प्रति योगदान का चर्चा और मार्गदर्शन प्राप्त किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन कर रहे शिव शंकर रमानी ने शिक्षा निकेतन के निदेशक विजय शुक्ला को पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गंगा राम चंद्रवंशी, पूरन मिश्रा, सजल विश्वास, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## बिहार के पूर्णिया में वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से चार युवकों की मौत,एक ही गांव के सभी मृतक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। बिहार में पूर्णिया जिले के जवनपुर गुमटी के समीप शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर दशहरा मेला देखकर लौट रहे युवक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए, इनमें से 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय कसबा थाना पुलिस के अनुसार मृतक और घायल युवकों की पहचान पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड के चांदपुर भंगहा निवासी के रूप में हुई है। सभी पूर्णिया में स्थित एक मखाना फैक्ट्री में काम करते थे। पुलिस को घटनास्थल से एक मोबाइल भी मिला है। कसबा थाना तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों ने बताया कि सभी युवक दशहरा मेला देखने कसबा आए हुए थे और माला देखकर लौटते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए। रेल पुलिस थाना ने बताया कि घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा। जिगर कुमार, उम्र 14 वर्ष, पिता राजेश ऋषिसिंटू कुमार, उम्र 13 वर्ष, पिता अनमोल ऋषिकुलदीप कुमार, उम्र 14 वर्ष पिता हरिनंदन ऋषिसुंदर कुमार, उम्र 14 वर्ष, पिता ब्रह्मदेव ऋषि पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल हुए युवकों का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में चल रहा है, जिनकी हालत चिंताजनक है।

# गायत्री विद्यापीठ के 33 स्काउट–गाइड्स राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गायत्री विद्यापीठ, शांतिकुंज हरिद्वार के 14 स्काउट और 19 गाइड कक्षा 9 से 11 तक के छात्र-छात्राओं को भारत स्काउट एवं गाइड संगठन द्वारा राज्यपाल पुरस्कार में सम्मानित किए गए। यह राज्यपाल पुरस्कार 2023-24 के लिए है। इन सभी विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया, जो उनकी अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना का प्रतीक है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अखिल विश्व गायत्री परिवार की मुखिया शैलदीदी ने भेंट की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर गायत्री विद्यापीठ की अभिभाविका शैलदीदी ने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन के माध्यम से विद्यार्थी सेवा, अनुशासन और



आत्मनिर्भरता के मूल्यों को आत्मसात करते हैं। यह सम्मान इन विद्यार्थियों के साथ पूरे विद्यापीठ परिवार का गौरव है। गायत्री विद्यापीठ व्यवस्था मण्डल की प्रमुख श्रीमती शेफाली पंड्या, प्रधानाचार्य सीताराम सिन्हा सहित विद्यापीठ परिवार ने भी विद्यार्थियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार का यह प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राएं केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि नैतिकता, सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में भी देश के लिए प्रेरणा बनें। यह उपलब्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल पुरस्कार पाने वाली स्तुति पण्ड्या, शुभ्रा ध्रुव, श्यामा तोमर सहित 19 गाइड तथा वेदांश पटेल, भूपेन्द्र पटेल, यजुर पटेल, सौम्य नेताम, कृष्णा पाटीदार, गगन, अभिषेक सहित 14 स्काउट हैं।

## फर्जी दस्तावेज़ों पर विदेश भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे एजेंट को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए विदेश भेजता था। आरोपित की पहचान कनाडा निवासी गुरु अमृतपाल सिंह मुल्तानी उर्फ पाली (54) के रूप में हुई है। वह 2019 से फरार चल रहा था और अब कनाडा में ही रह रहा था। पुलिस जांच में उसके खिलाफ सात मामलों की संलिप्तता सामने आई है। आईजीआई एयरपोर्ट के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने शुक्रवार को बताया कि 27 सितंबर 2019 को आईजीआई एयरपोर्ट इमिग्रेशन ने शिकायत दी थी कि 9 भारतीय यात्रियों को इथियोपिया से डिपोर्ट किया गया। उनके पास जो निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र था, वह फर्जी पाया गया। यह कथित तौर पर समोआ सरकार के नाम पर जारी किए गए थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि समोआ सरकार ने ऐसे किसी निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र को जारी ही नहीं किया। इस मामले में एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच में दो यात्रियों ने खुलासा किया कि ये फर्जी निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र उन्हें एजेंट गुरुअमृतपाल सिंह उर्फ पाली ने 20-20 लाख रुपये लेकर दिए थे। पुलिस को पता चला कि वह कनाडा में रहता है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063